4.14 कतिपय शहरी सहकारी बैंकों के प्रतिभूति लेनदेन में हाल में पायी गयी अनियमितताओं के संदर्भ में रिज़र्व बैंक और वित्तीय पर्यवेक्षण बोर्ड के साथ हुई अपनी बैठक में संसद की लोक लेखा समिति ने इस बात पर जोर दिया कि अनियमितताएं हो जाने के बाद दण्डात्मक कार्रवाई करने के बजाय उनकी रोकथाम पर पर्यवेक्षी ध्यान केन्द्रित किया जाना चाहिए। यह महसूस किया गया कि इस बात की पूर्ति करने के लिए शहरी सहकारी बैंकों के पर्यवेक्षण के लिए एक परस्पर सक्रिय प्रणाली बनाने की आवश्यकता है। तदनुसार, रिज़र्व बैंक ने यह निर्णय लिया कि :

- क्षेत्र से प्रारंभिक चेतावनी संकेतक प्राप्त करने और तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई शुरू करने के लिए बाजार आसूचना की प्रणाली को और मजबूत किया जाए।
- शहरी सहकारी बैंकों के लेखा परीक्षकों, विशेषतः सनदी लेखाकारों के लिए जवाबदेही संबंधी संहिता तैयार की जाए।
- रिज़र्व बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय शहरी सहकारी बैंकों के लेखा परीक्षकों की प्रशिक्षण संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति करेंगे और सनदी लेखाकार के एसोसिएशन/सनदी लेखाकारों की अग्रणी फर्मों के साथ चर्चा करेंगे।
- सांविधिक लेखा परीक्षा रेटिंग प्रणाली के दिशा-निर्देशों में संशोधन होगा।
- रिज़र्व बैंक राज्य सरकारों को पत्र लिखेगा कि वे शहरी सहकारी बैंकों की सांविधिक लेखा-परीक्षा करने के लिए नियंत्रक और महा लेखा-परीक्षक द्वारा तैयार किये गये पैनल से व्यावसायिक सनदी लेखाकारों को नियुक्त करें।

कमजोर बैंक

4.15 नये वर्गीकरण के आधार पर 31 मार्च 2003 को श्रेणी II/III/IV के अंतर्गत वर्गीकृत शहरी सहकारी बैंकों की संख्या 944 थी। इस अवधि के दौरान 142 कमजोर बैंक निर्धारित न्यूनतम पूंजी अपेक्षाओं का पालन नहीं कर सकें।

शहरी सहकारी बैंकों के लिए विवेकपूर्ण मानदंड और आस्ति देयता प्रबंध संबंधी दिशा-निर्देश

4.16 रिज़र्व बैंक ने शहरी सहकारी बैंकों की वित्तीय सुदृढ़ता बढ़ाने के अपने प्रयास जारी रखे। इनके अनुसरण में शहरी सहकारी बैंकों के संबंध में पूंजी पर्याप्तता, आय निर्धारण, आस्ति वर्गीकरण और प्रावधानीकरण संबंधी विवेकपूर्ण मानदण्डों में कतिपय नीतिगत परिवर्तन किये गये।

4.17 इस समय शहरी सहकारी बैंकों के लिए पूंजी-पर्याप्तता संबंधी अपेक्षाएं वाणिज्य बैंकों के लिए निर्धारित अपेक्षाओं से कम हैं। सभी शहरी सहकारी बैंकों को 31 मार्च 2005 तथा वाणिज्य बैंकों के लिए लागू अनुशासन के दायरे में लाया जायेगा। तदनुसार, उनके लिए आवश्यक है कि वे तीन वर्षों की अवधि में चरणबद्ध रूप में पूंजी-पर्याप्तता संबंधी मानदण्डों का कड़ाई से पालन करें (सारणी IV.3)।

4.18 रिज़र्व बैंक ने अनुसूचित शहरी सहकारी बैंकों के लिए आस्ति-देयता प्रबंध संबंधी मानदण्ड निर्धारित किये हैं। ये मानदण्ड 1 जुलाई 2002 से प्रभावी होंगे और यथा समय चरणबद्ध रूप में उन्हें गैर-अनुसूचित शहरी सहकारी बैंकों के लिए भी लागू किया जायेगा।

90 दिन के गैर-निष्पादक आस्ति मानदण्ड लागू

4.19 रिज़र्व बैंक हाल के वर्षों में सर्वोत्तम अंतर्राष्ट्रीय संव्यवहारों के अनुसार विवेकपूर्ण मानदण्ड सख्त कर रहा है। तदनुसार, अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए अग्रिम को गैर-निष्पादक आस्तियों के रूप में अभिनिर्धारित करने की अवधि 31 मार्च 2004 से 180 दिन के वर्तमान मानदण्ड से घटाकर 90 दिन की जायेगी। इस संदर्भ में बैंकों को 1 अप्रैल 2002 से मासिक अंतराल पर ब्याज लगाने की पद्धति अपनाने के लिए अनुदेश दिये गये हैं। तथापि, एक लाख रुपये तक के 'स्वर्ण' ऋण और लघु ऋण के संबंध में ऋण को अनर्जक के रूप में मानने के लिए 180 दिन का मानदण्ड जारी रहेगा।

आस्ति वर्गीकरण

4.20 बैंकिंग क्षेत्र सुधार पर समिति (अध्यक्ष : श्री एम. नरसिंहम) की सिफारिशों के अनुसार जो आस्ति अवमानक श्रेणी में 12 महीनों के लिए रहती है उसे 31 मार्च 2005 से 'संदिग्ध' के रूप में माना

सारणी IV.3 : शहरी सहकारी बैंकों के लिए जोखिम भारित आस्तियों के प्रति पूंजी-अनुपात (सीआरएआर)

(जोखिम-भारित आस्तियों का प्रतिशत)

31 मार्च को	अनुसूचित शहरी सहकारी बैंकों के लिए सीआरएआर	गैर-अनुसूचित शहरी सहकारी-बैंकों के लिए सीआरएआर	*ज्ञापन :* वाणिज्य बैंकों के लिए सीआरएआर
1	2	3	4
2002	8	6	9
2003	9	7	9
2004	वाणिज्य बैंकों के लिए यथा लागू	9	9
2005	वाणिज्य बैंकों के लिए यथा लागू	वाणिज्य बैंकों के लिए यथा लागू	

जायेगा। शहरी सहकारी बैंकों को 31 मार्च 2005 को समाप्त होनेवाले वर्ष से चार-वर्ष की अवधि में प्रतिवर्ष न्यूनतम 20 प्रतिशत का अनुवर्ती अतिरिक्त प्रावधान करने की अनुमति है।

शहरी सहकारी बैंकों का निवेश संविभाग : सरकारी और अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों में निवेश

4.21 शहरी बैंकिंग क्षेत्र में 2001 में हुई गतिविधियों को देखते हुए जमाकर्ताओं के हित की रक्षा करने के लिए शहर सहकारी बैंकों के लिए यह अनिवार्य किया गया कि वे अपनी सांविधिक चलनिधि अनुपात आस्तियों का अनुपात सरकारी और अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों में रखें। शहरी सहकारी बैंकों को यह भी सूचित किया गया कि वे सरकारी प्रतिभूतियों में खरीद/बिक्री संबंधी लेनदेन अनिवार्य रूप से रिज़र्व बैंक के पास रखे एसजीएल खाते या प्राधिकृत एजेंसियों के पास रखे ग्राहक एसजीएल खाते या अन्य बैंकों/निक्षेपागारों के पास रखे डीमैट खाते के माध्यम से करें। उनके लिए आवश्यक है कि वे ऐसे लेनदेन वार्तातय लेनदेन प्रणाली/भारतीय समाशोधन निगम लिमिटेड प्रणाली के माध्यम से ही करें। उनके लिए यह भी आवश्यक है कि वे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के बाण्डों, विनिर्दिष्ट अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं के बाण्डों/इक्विटियों, वित्तीय संस्थाओं द्वारा जारी मूलभूत सुविधा बाण्डों, और भारतीय यूनिट ट्रस्ट के यूनिटों जैसे अनुमोदित लिखतों में नये निवेश केवल डीमैट रूप में ही करें। दलालों के साथ प्रति-पार्टी के रूप में लेनदेन करने के लिए शहरी सहकारी बैंकों पर प्रतिबंध लगा दिया है और उन्हें सूचित किया गया है कि सरकारी प्रतिभूतियों में उनके लेनदेन हर तिमाही समवर्ती लेखा-परीक्षा के अधीन होंगे, और उनसे रिज़र्व बैंक को इस बात की पुष्टि देने के लिए कहा गया है कि शहरी सहकारी बैंक द्वारा दी गयी सूचना के अनुसार उनके द्वारा किये गये निवेश वास्तव में उसके स्वामित्व में हैं।

4.22 अनंत गीते समिति की सिफारिशों के आधार पर गैर-अनुसूचित शहरी सहकारी बैंकों को अपनी अधिशेष निधियां सुदृढ़ अनुसूचित शहरी सहकारी बैंकों में रखने की अनुमति दी गयी है। शहरी सहकारी बैंकों को यह भी सूचित किया गया है कि वे अपने मांग मुद्रा उधार को पिछले वित्तीय वर्ष के मार्च के अंत में अपनी समग्र जमा के 2 प्रतिशत तक सीमित रखें। तथापि, शहरी सहकारी बैंकों को बिना किसी सीमा के मांग मुद्रा बाजार में मुक्त रूप से उधार देने के लिए अनुमति दी गयी है। उन्हें सूचित किया गया है कि वे समाशोधन के लिए प्रस्तुत लिखतों के आधार पर तब तक बैंकर चेक/भुगतान आदेश (पे-आर्डर)/मांग ड्राफ्ट जारी न करें जब तक उनकी आय वसूल नहीं की जाती है और संबंधित पार्टियों के खाते में जमा नहीं की जाती है। शहरी बैंकों को यह भी सूचित किया गया है कि वे ऐसे नकदी ऋण/ओवरड्राफ्ट खातों में नामे डालकर ऐसे लिखत जारी न करें जिनमें पहले से ही स्वीकृत सीमा से अधिक की राशि आहरित की गयी है या ऐसे लिखत जारी करने से उनके सीमा से अधिक आहरण होने की संभावना है।

शेयरों और डिबेंचरों की जमानत पर बैंक वित्त

4.23 अक्तूबर 2001 से शहरी सहकारी बैंकों को प्रति पार्टी मात्र 5 लाख रुपये (वास्तविक प्रतिभूति) और 10 लाख रुपये (डीमैट रूप में) की सीमा तक अलग-अलग व्यक्तियों को उधार देने की अनुमति दी गयी है। इस संबंध में अनुपालन पर निगरानी रखने के लिए एक विवरणी निर्धारित की गयी है।

स्थावर संपदा की जमानत पर अग्रिम

4.24 शहरी सहकारी बैंकों को सतर्क किया गया है कि वे स्थावर संपदा की जमानत पर अन्धाधुन्ध वित्तपोषण करने से बचें और उन्हें सूचित किया गया है कि वे इस संबंध में रिज़र्व बैंक द्वारा जारी नीतिगत दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करें।

गैर-जमानती अग्रिम

4.25 गीते समिति की सिफारिश के आधार पर शहरी सहकारी बैंकों द्वारा किसी एकल उधारकर्ता/संबद्ध समूह को दिये जानेवाले गैर-जमानती अग्रिमों की उच्चतम सीमा केवल सुदृढ़ शहरी सहकारी बैंकों के संबंध में बढ़ायी गयी है।[2]

निदेशकों के ऋण पर प्रतिबंध

4.26 शहरी सहकारी बैंकों के सभी निदेशकों, उनके रिश्तेदारों और संबंधित व्यक्तियों, जिनमें उनका हित निहित है को दिये जानेवाले ऋणों और अग्रिमों (जमानती और गैर जमानती दोनों) की समग्र उच्चतम सीमा बैंक की मांग और मीयादी देयताओं के 10 प्रतिशत की पहले की उच्चतम से घटाकर 5 प्रतिशत की गयी है। संयुक्त संसदीय समिति की सिफारिशों के अनुसरण में और कुछ शहरी सहकारी बैंकों के मामले में सामने आयी कतिपय अनियमितताओं को रोकने की दृष्टि से 1 अक्तूबर 2003 से शहरी सहकारी बैंकों के निदेशकों, उनके रिश्तेदारों और संबंधित व्यक्तियों जिनमें उनका हित निहित है को ऋण और अग्रिम प्रदान करने पर संपूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है।

अग्रिमों पर ब्याज दरें

4.27 अप्रैल, 2002 में शहरी सहकारी बैंकों के लिए निर्दिष्ट न्यूनतम उधार दर (एमएलआर) वापस ले ली गई। तथापि, निम्न मुद्रास्फीति के वर्तमान परिवेश में असंगत रूप से उच्च अथवा निम्न मुद्रास्फीति आय तथा उनके ऋण संविभाग की समग्र गुणवत्ता पर

[2] इन दिशा-निर्देशों पर बाक्स IV.1 में चर्चा की गयी है।

प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती थी। अतः शहरी सहकारी बैंकों को अग्रिमों पर प्रभारित अपनी न्यूनतम एवं अधिकतम दोनों ब्याज दरों की समीक्षा तथा इन दरों को तर्कसंगत सीमा के भीतर लाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। उनसे यह भी अपेक्षित है कि वे इसे प्रकाशित करें तथा प्रधानतः प्रत्येक शाखा में इसे प्रदर्शित करें।

गैर-निष्पादक आस्तियों से संबंधित बकाया की वसूली के लिए दिशा-निर्देश

4.28 रिज़र्व बैंक ने सभी शहरी सरकारों बैंकों को वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन (एसएआरएफएईएसआर) अधिनियम 2002 के अधीन स्थापित प्रतिभूतिकरण कंपनियों (एससी/पुनर्निर्माण कंपनियों को वित्तीय आस्तियों के बिक्री संबंधी दिशा निदेश जारी किये।

4.29 शहरी सहकारी बैंकों की गैर-निष्पादक आस्तियों में बढ़ती प्रवृत्ति की दृष्टि से रिज़र्व बैंक ने उन सभी गैर-निष्पादक आस्तियों, जो 10 करोड़ रुपये की बकाया शेष तथा अंतिम तारीख के बाद 31 मार्च 2000 तक 'संदेहास्पद' अथवा 'हानि' के रूप में आ चुकी थीं तथा गैर-निष्पादक आस्तियां जो 31 मार्च 2000 को 'अवमानक' के रूप में वर्गीकृत की जा चुकी थीं, जिन्हें बाद में 'संदेहास्पद' अथवा 'हानि' के रूप में बदला जा चुका था, पर लागू एक-बार में निपटान के लिए सभी राज्य सरकारों को दिशा-निर्देश जारी कर दिये हैं।

4.30 ये दिशा-निर्देश उन मामलों में भी लागू होंगे जिन पर शहरी सहकारी बैंकों के वित्तीय आस्ति प्रतिभूतिकरण तथा पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (एसएआरएफइईएसआई) के अंतर्गत कार्रवाई शुरू कर दी है तथा जो न्यायालय/औद्योगिक और वित्तीय पुनर्संरचना बोर्ड (बीआईएफआर) से प्राप्त किए जा रहे 'सहमति' निर्णय के अधीन न्यायालयों/औद्योगिक और वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्डों (बीआईएफआर) के पास लंबित हैं। इस योजना को संबंधित राज्य सरकारों द्वारा अधिसूचित किया जाना है तथा को-ऑपरेटिव सोसायटीज अधिनियम/नियमों/अधिसूचनाओं/संबंधित सहकारी समितियों के पंजीयकों द्वारा जारी प्रशासनिक दिशा-निर्देशों के प्रावधानों के भीतर संबंधित बैंकों के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया जाना है। शहरी सहकारी बैंकों द्वारा एक निपटान परामर्शदात्री समिति (एसएसी) गठित की जाए जो प्राप्त सभी आवेदनों की समीक्षा करेगी तथा सभी पात्र मामलों को स्वीकृति के लिए सक्षम प्राधिकारी से सिफारिश करेगी।

धोखाधड़ी तथा पुलिस शिकायतें दर्ज करना

4.31 सामान्य नियम के रूप में शहरी सहकारी बैंकों को सलाह दी गई है कि वे धोखाधड़ी के उन सभी मामलों की, चाहे वे बाहरी व्यक्ति द्वारा स्वयं किए गए हों अथवा बैंक अधिकारियों की मिलीभगत से किए गए हों, अथवा स्वयं बैंक अधिकारियों द्वारा किए गए हों, निरपवाद रूप से जांचकर्ता एजेंसियों को रिपोर्ट करे। फौजदारी मामले, जहां भी उचित हो, बैंक द्वारा इस निष्कर्ष पर पहुंचने के शीघ्र बाद कि धोखाधड़ी हुई है, न्यायालयों में दर्ज किए जाएं। काले धन को वैध बनाने से रोकने के लिए तथा आतंकवादी गतिविधियों से संबंधित वित्तीय धोखाधड़ी के क्षेत्र में हाल की घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए 'अपने ग्राहक को जानिए' (केवाईसी) मानदंडों तथा नकदी लेनदेन पर वर्तमान अनुदेशों को दोहराते तथा समेकित करते हुए शहरी सहकारी बैंकों को विस्तृत अनुदेश जारी किए गए हैं।

शहरी सहकारी बैंकों के प्रबंधन का व्यवसायीकरण

4.32 नये गठित शहरी सहकारी बैंकों के निदेशक मंडल में उपयुक्त बैंकिंग अनुभव अथवा बैंक लेखा-परीक्षा अनुभव के साथ सनदी लेखाकार अर्हताओं के साथ कम से कम दो निदेशकों की नियुक्ति संबंधी अपेक्षा से अब सभी शहरी सहकारी बैंकों को अवगत करा दिया गया है। सभी शहरी सहकारी बैंकों को उपर्युक्त अपेक्षा को शामिल करने के लिए उनकी उप-विधि में संशोधन करने के लिए सूचित कर दिया गया है।

4.33 शहरी सहकारी बैंकों को यह भी सूचित किया गया है कि उनके निदेशक मंडल की लेखा परीक्षा समिति आंतरिक लेखा परीक्षा/सांविधिक लेखा परीक्षा /रिज़र्व बैंक निरीक्षण रिपोर्ट की समीक्षा करे तथा इन रिपोर्टों में निर्दिष्ट कमियों के परिशोधन के लिए की गई कार्रवाई की निगरानी करे। संयुक्त संसदीय समिति की टिप्पणियों के आधार पर सभी शहरी सहकारी बैंकों को समवर्ती लेखा परीक्षा के कार्यान्वयन का निर्देश दिया गया है।

इलेक्ट्रॉनिक डेटा संसाधन (ईडीपी) - लेखा-परीक्षा प्रणाली

4.34 यह निर्णय लिया गया है कि उन सभी शहरी सहकारी बैंकों के लिए एक इलेक्ट्रॉनिक डेटा संसाधन लेखा परीक्षा प्रणाली लागू की जाए जिन्होंने अपने परिचालन को पूर्णतः/अंशतः कंप्यूटरीकृत कर लिया है। इस संबंध में उन्हें विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। तदनुसार, बैंकों में एक इलेक्ट्रॉनिक डेटा संसाधन लेखा-परीक्षा कक्ष का शीघ्र गठन किया जाना है जिसका एक स्वतंत्र निरीक्षण और लेखा परीक्षा विभाग होगा। अन्य बैंकों से यह अपेक्षित है कि वे ऐसे व्यक्तियों के समर्पित समूह को प्रतिनियुक्त करें जो जब भी अपेक्षित हो, इलेक्ट्रॉनिक डेटा संसाधन लेखा परीक्षकों के कार्य कर सकें।

सहकारी बैंकों में एमआईएस को मजबूत बनाने के लिए तकनीकी सहायता कार्यक्रम

4.35 रिज़र्व बैंक ने सहकारी बैंकों में प्रबंध सूचना प्रणाली को सुदृढ़ बनाने के लिए एक तकनीकी सहायता कार्यक्रम की शुरूआत कर दी है। यह कार्यक्रम जो वित्तीय पर्यवेक्षण बोर्ड के निर्देश पर परिचालित किया गया है, का कार्यान्वयन राष्ट्रीय बैंक प्रबंधन

संस्थान,पुणे तथा कृषि बैंकिंग महाविद्यालयृ पुणे के साथ मिलकर किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के लिए हितकारी संस्थाओं के नाममात्र के अंशदान के साथ रिज़र्व बैंक द्वारा अधिकांश निधि उपलब्ध करायी जाती है।

बैंककारी विनियमन अधिनियम,1949 (सहकारी समितियों पर यथा लागू) की धारा 35 के अंतर्गत निरीक्षण

4.36 यह निर्णय किया गया है कि निरीक्षण रिपोर्ट में निर्दिष्ट अनियमितताओं को दूर करने के लिए शहरी सहकारी बैंकों को निरीक्षण रिपोर्ट की तारीख से अधिकतम 4 महीने की अवधि दी जाए। बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अथवा अनुपालन अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित, मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित तथा बोर्ड प्रस्तावों द्वारा समर्थित इस आशय का एक प्रमाणपत्र निरीक्षण रिपोर्ट की तारीख से 4 महीने के भीतर सहकारी बैंक द्वारा संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को भेजा जाए कि निरीक्षण रिपोर्ट में निर्दिष्ट सभी अनियमितताओं/रिज़र्व बैंक निर्देशों/ दिशा-निर्देशों के उल्लंघनों/ कमियों का पूर्णतः परिशोधन/अनुपालन कर दिया गया है। अनुपालन न किए जाने की स्थिति में, बैंक, बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (सहकारी समितियों पर यथा लागू) में निहित दंडात्मक प्रावधानों को लागू करेगा।

ग्रेडिंग प्रणाली की शुरूआत

4.37 शहरी सहकारी बैंकों एवं उनके संगठनों ने रिज़र्व बैंक के पास मानदंडों की समीक्षा तथा इन बातों के साथ संबद्ध संभावित लांछनों के चलते कमजोर तथा बीमार बैंकों नामावली में परिवर्तन के लिए अभ्यावेदन दिया था। तदनुसार, यह निर्णय लिया गया है कि शहरी सहकारी बैंकों की चार श्रेणियों के क्रम-निर्धारण प्रणाली को लागू किया जाए तथा बैंक को सौंपे गए ग्रेड पर आधारित 'सुधारात्मक कार्रवाई' की एक प्रणाली को कार्यान्वित किया जाए ताकि इन बैंकों में वित्तीय स्थिति में ह्रास को आगे रोका जा सके। शहरी सहकारी बैंकों को 'कमजोर' अथवा 'बीमार' के रूप में वर्गीकृत किए जाने की प्रणाली जो 31 मार्च, 2002 से लागू की गई थी, को बैंकों के ग्रेडिंग की एक नई प्रणाली द्वारा बदल दिया गया जो उनके जोखिम भारित आस्ति की तुलना में पूंजी अनुपात के स्तर, निवल गैर-निष्पादक आस्तियों, हानि के रिकार्ड तथा चलनिधि अपेक्षाओं के अनुपालन पर आधारित है। पर्यवेक्षण कार्रवाई के अनुरूप एक ढांचे को भी लागू किया गया है।

पर्यवेक्षण की रेटिंग प्रणाली

4.38 पूंजी-पर्याप्तता, आस्ति-गुणवत्ता, प्रबंधन, आय, चलनिधि एवं प्रणाली (सीएएमईएल) मॉडेल के अंतर्गत शहरी सहकारी बैंकों के लिए एक पर्यवेक्षण की रेटिंग प्रणाली लागू कर दी गई है। यह कम-निर्धारण प्रणाली 31 मार्च 2003 को समाप्त वर्ष से प्रारंभिक रूप में अनुसूचित शहरी बैंकों के लिए कार्यान्वित की जा चुकी है। 31 मार्च 2004 से गैर-अनुसूचित शहरी सहकारी बैंकों के लिए एक सरलीकृत क्रम-निर्धारण प्रणाली लागू की जाएगी।

4.39 तुलनपत्र के प्रकटीकरण में पारदर्शिता को बढ़ावा देने की दृष्टि से 100 करोड़ रुपये तथा उससे अधिक की जमाराशि वाले सभी शहरी सहकारी बैंकों को 31 मार्च 2003 को समाप्त वर्ष से जोखिम भारित आस्ति की तुलना में पूंजी का अनुपात, निवेशों, स्थावर संपदा /शेयरों एवं डिबेंचरों पर निदेशकों/ उनके संबंधियों/फर्मों एवं कंपनियों, जिनमें निदेशकों की रुचि है, को दिए गए अग्रिमों, जमाराशियों की लागत, गैर-निष्पादक आस्तियों का स्तर, लाभप्रदता तथा तुलनपत्र में 'लेखा नोट' के रूप में गैर-निष्पादक आस्तियों के लिए प्रावधान कार्रवाई पर विशेषीकृत सूचना प्रकट करने के लिए सूचित कर दिया गया है। उनसे यह भी अपेक्षित है कि वे निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम (डीआईसीजीसी) (बॉक्स IV.3) को निक्षेप बीमा प्रीमियम भुगतान के अपने अभिलेख का भी उल्लेख करें।

वित्तीय कार्य-निष्पादन

4.40 शहरी सहकारी बैंकिंग क्षेत्र में वृद्धि विगत अनियमितताओं के प्रभाव को अंशतः दर्शाते हुए 2002-03 के दौरान धीमी पड़ गई (सारणी IV.4)। अर्थव्यवस्था में ऋण मांग में तेजी के होते हुए भी शहरी सहकारी बैंकों के ऋण-जमा अनुपात में 2002-03 के दौरान गिरावट दर्ज की गई। बड़े शहरी सहकारी बैंकों के लिए मुद्रा आपूर्तिपर कार्यकारी (अध्यक्ष : डा.वाई.वी.रेड्डी) द्वारा निर्धारित रिपोर्टिंग प्रणाली पर आधारित अग्रणी सूचना यह सुझाती है कि 2003-04 के दौरान (अगस्त तक) जमाराशियों में 30 करोड़ रु की मामूली-सी गिरावट आयी, जबकि ऋण निकासी में 5.6 प्रतिशत की गिरावट हुई ।

पुनर्वित्त सुविधाएं

4.41 रिजर्व बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 के विभिन्न प्रावधानों के अंतर्गत शहरी सहकारी बैंकों द्वारा छोटे/कुटीर उद्योगों की इकाइयों जिसमें उद्योगों के 22 मुख्य समूह शामिल हैं, को अग्रिम प्रदान करने के संबंध में पुनर्वित्त सुविधाओं को प्रदान करना जारी रखा है।

प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र को उधार

4.42 मार्च 2002 के अंत तक 1,817 शहरी सहकारी बैंकों ने प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र के लिए अपने कुल अग्रिमों के60 प्रतिशत के निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर लिया था तथा 1,407 बैंकों ने प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में कमजोर वर्गों के लिए अपने कुल अग्रिम के अपेक्षित स्तर 15 प्रतिशत को पूरा कर लिया है। उस समय वर्तमान अनुसूचित शहरी सहकारी बैंकों में से 28 बैंकों ने अपने कुल अग्रिमों के प्राथमिकता-प्राप्त

बॉक्स IV.3 : निक्षेप बीमा और सहकारी बैंक

बैंककारी विनियमन अधिनियम,1949 (सहकारी समितियों पर यथा लागू) की धारा 5 (सीसी vi) के अनुसार, किसी प्राथमिक ऋण समिति को बैंकिंग कारोबार करने की अनुमति दी गई है। प्राथमिक ऋण समितियों को आम जनता से चेकों द्वारा आहरणयोग्य जमाराशियां स्वीकार करने की अनुमति भी दी गई है। तथापि, एक लाख रुपये से अधिक की प्रदत्त पूंजी और आरक्षित निधि के साथ ऐसी प्राथमिक सहकारी समितियां स्वतः प्राथमिक सहकारी बैंक के रूप में परिभाषित हो जाती हैं (सहकारी समितियों पर यथा लागू) और इस प्रकार बैंककारी विनियमन अधिनियम,1949 के अंतर्गत आ जाती हैं तथा निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम के पास पंजीकृत हो जाती हैं।

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 2 (जीजी) के अनुसार, निक्षेप बीमा में शामिल होने हेतु एक 'पात्र सहकारी बैंक' बनने के लिए शहरी सहकारी बैंकों को नियंत्रित करनेवाला कानून निम्नलिखित प्रावधानों को अपरिहार्य बनाता है :

- बन्द करने के लिए कोई आदेश अथवा समझौते की किसी योजना की संस्वीकृति के लिए कोई आदेश, अथवा समामेलन, अथवा बैंक का पुनर्गठन केवल तभी किया जाए जब लिखित रूप में रिज़र्व बैंक की पूर्व स्वीकृति प्राप्त हो जाए।
- बैंक को बन्द करने का आदेश, यदि ऐसा करना रिज़र्व बैंक के लिए अपेक्षित हो, निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी अधिनियम की धारा 13 डी में उल्लिखित परिस्थितियों के अंतर्गत जारी किया जाए।
- जनहित में रिज़र्व बैंक द्वारा यदि ऐसा करना अपेक्षित है तो बैंक की प्रबंध समिति के अधिक्रमण तथा एक प्रशासक की नियुक्ति के लिए एक आदेश जारी किया जाए।

वर्तमान में, चार राज्यों (मेघालय, मिजोरम, नगालैण्ड और अरुणाचल प्रदेश) तथा चार केन्द्र शासित क्षेत्रों (लक्षद्वीप, चंडीगढ़, अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह तथा दादरा एवं नागर हवेली) के सहकारी समिति अधिनियमों में निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम की धारा 2 (जीजी) के अंतर्गत यथा अपेक्षित समर्थकारी प्रावधान नहीं हैं। इस मामले को संबंधित सरकारों के पास उनके सहकारी अधिनियमों में उपयुक्त वैध संशोधन प्रवर्तित करने के लिए उठाया गया है ताकि इन अधिनियमों द्वारा नियंत्रित बैंकों को भी निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम की अधिकार क्षेत्र में लाया जा सके।

मध्य प्रदेश तथा कर्नाटक जैसी राज्य सरकारों ने से बिना सहायता प्राप्त समितियों को स्वायत्तता की और मात्रा प्रदान करने हेतु सहकारी समितियों के लिए एक समानान्तर विधि (उदाहरणार्थ : मध्य प्रदेश स्वायत्त अधिनियम, 1999 तथा कर्नाटक सौहार्द सहकारी अधिनियम, 1997) बनाया है। इन अधिनियमनों में निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम, अधिनियम में यथा अपेक्षित प्रावधान नहीं हैं। इस मामले को संबंधित राज्य सरकारों के पास राज्य अधिनियमों में समुचित संशोधन के लिए भेजा गया है। इसके अतिरिक्त सहकारिता पर राष्ट्रीय नीति के अनुसार, कई राज्यों की सहकारी समिति के अधिनियमों में संशोधन किया जा रहा है तथा हाल ही में नई नीति को प्रभावी बनाने के लिए बहु-राज्य सहकारी समितियां अधिनियम का निर्माण किया गया है। यह अधिनियम भी निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम की सभी अपेक्षाओं को पूरा नहीं करता है।

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम से उन बैंकों के नाम प्राप्त करने के लिए जिन्होंने निक्षेप बीमा प्रीमियम के भुगतान में चूक की है तथा यह प्रयास करने एवं यह सुनिश्चित करने के लिए कि कोई भी शहरी सहकारी बैंक निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम की बीमा बिना किसी भी समय कार्य नहीं करे, जैसे मामले को संबंधित बैंकों के अनुपालन के लिए एक सांस्थिक व्यवस्था को लागू किया गया है। रिज़र्व बैंक के क्षेत्रीय कार्यालयों को सूचित किया गया है कि संबंधित बैंकों के साथ निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम के प्रीमियम का भुगतान नहीं करने की स्थिति पर घनिष्ठ रुपसे निगरानी करें ताकि प्रीमियम के त्वरित भुगतान को सुनिश्चित किया जा सके।

रिज़र्व बैंक के निरीक्षणकर्ता अधिकारियों को भी निरीक्षण रिपोर्टों में निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम विवरणियों के संकलन/प्रस्तुतीकरण, प्रीमियम के भुगतान आदि में पाई गयी कमियों को शामिल करने तथा उसका एक सार-संक्षेप निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम को भेजने के लिए सूचित किया गया है।

शहरी सहकारी बैंकों को भी उनके वार्षिक रिपोर्ट के साथ संलग्न निदेशकों की रिपोर्ट में निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम प्रीमियम के भुगतान की स्थिति का उल्लेख करने क लिए सूचित किया गया है।

सारणी IV.4 : शहरी सहकारी बैंकों के प्रमुख समुच्चय

(वृद्धि दरें प्रतिशत में)

संकेतक	2000-01	2001-02 अ	2002-03 अ
1	2	3	4
जमा राशियां	13.6	15.1	9.1
उधार	40.3	उ.न.	उ.न.
बकाया ऋण	18.2	14.1	4.5
ऋण जमा अनुपात	67.3	66.7	63.9

अ : अनन्तिम
उ.न.- उपलब्ध नहीं

क्षेत्र के लिए निर्धारित 60 प्रतिशत उधार के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया तथा 11 बैंकों ने कमजोर वर्गों के लिए निर्धारित उधार के स्तर को प्राप्त किया। प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र के लिए उधार संरचना के अनुसार, लघु व्यापार उद्यमों और कुटीर उद्योगों तथा लघु उद्योगों के लिए उद्यम से आवास के लिए उधार की ओर झुकाव हुआ। (चार्ट IV.2)

चार्ट IV.2 : शहरी सहकारी बैंकों द्वारा प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र को उधार का वितरण (मार्च 2002 के अंत तक)



सारणी IV.5 : शहरी सहकारी बैंकों की सकल गैर-निष्पादक

(राशि करोड़ रुपयों में)

संकेतक (31 मार्च)	रिपोर्ट करनेवाले बाहरी सहकारी बैंकों की सं.	सकल गैर-निष्पादक आस्तियां (करोड़ रुपयों में)	कुल अग्रिमों के प्रतिशत के रूप में सकल गैर-निष्पादक आस्तियां
1	2	3	4
1999	1,474	3,306	11.7
2000	1,748	4,535	12.2
2001	1,942	9,245	16.1
2002	1,937	13,706	21.9
2003	1,941	13,647	21.0

गैर-निष्पादक आस्तियां

4.43 बैंकों की सकल गैर-निष्पादक आस्तियों (एनपीए) के साथ शहरी बैंकों की आस्ति-गुणवत्ता मार्च 2003 के अंत तक उनके कुल अग्रिमों की 21.0 प्रतिशत थी, जो अभी भी चिंता का विषय बनी हुई हैं (सारणी IV.5)। शहरी सहकारी बैंकों की गैर-निष्पादक आस्तियों का स्तर गुजरात में कुछ बैंकों द्वारा कठिनाइयों का सामना करने के कारण वर्ष 2001-02 में काफी ऊपर चला गया है।

परिसमापन

4.44 रिज़र्व बैंक, शहरी सहकारी बैंकों के कार्य निष्पादन पर लगातार निगरानी रखता रहा है। उनकी वित्तीय स्थिति के चलते उनके लाइसेंसों को निरस्त किया गया है। लाइसेंस हेतु आवेदनों को अस्वीकृत किया गया है तथा सहकारी समितियों के निबंधकों को कहा गया है कि वे कुल 23 बैंकों के संबंध में (सारणी IV.6 तथा IV.7) परिसमापन की कार्यवाही प्रारंभ करें।

अनुसूचित शहरी सहकारी बैंकों के वित्तीय कार्य-निष्पादन

4.45 अनुसूचित शहरी सहकारी बैंकों का संयुक्त आकार 2002-03 के दौरान वर्तमान बैंकों के विस्तार के साथ-साथ नये अनुसूचित बैंक के प्रवेश (सारणी IV.8) दोनों को दर्शाते हुए लगातार बढ़ना जारी रहा ।

4.46 देयताओं की संरचना में, जमाराशियों का हिस्सा कम होते जाने के साथ ही लगातार बदलाव होता रहा (सारणी IV.9)। आस्ति पक्ष में भी निवेश के हिस्से में वृद्धि के साथ बदलाव देखा गया, जबकि बैंक ऋण का हिस्सा कम होता गया। अनुसूचित शहरी सहकारी बैंक की जमा वृद्धि गत वर्ष की उसी छमाही की तुलना में 10.6 प्रतिशत घटकर 2003-04 की प्रथम छमाही के दौरान 3.3 प्रतिशत हो गई। ऋण वृद्धि, अचानक पिछले वर्ष की 2.8 प्रतिशत की वृद्धि के ठीक विपरीत 6.1 प्रतिशत तक कम हो गई। पिछले वर्ष अनुसूचित शहरी सहकारी बैंकों की जमाराशियों में तीव्र वृद्धि अंशतः नए बैंकों को शामिल करने के रूप में प्रतिफलित हुई। वर्ष 2003-04 के दौरान, अब तक जहां एक नया बैंक शामिल किया गया, वहीं दो अन्य बैंकों को अनुसूची से हटा दिया गया है।

4.47 अनुसूचित शहरी सहकारी बैंक लगातार तीसरे वर्ष भी निवल हानि दर्ज करते रहें (सारणी IV.10 तथा परिशिष्ट सारणी IV.2) । ब्याज दरों के सुलभ होने से अप्रैल 2003 में अनुसूचित एक शहरी सहकारी बैंक से कुल आय से अनुपात के रूप में ब्याज से आय में कमी हुई तथा ऋण संविभाग का हिस्सा लगातार सिकुड़ता गया। यद्यपि ब्याज व्यय भी कम हुआ, यह कमी, स्प्रेड में और संकीर्णता को लाते हुए बहुत कम ही लक्षित हुई (सारणी IV.11) ।

सारणी IV.6 परिसमापन के अंतर्गत बैंक - लाइसेंसों का निरसन

बैंक	आदेश जारी करने की तारीख	राज्य
1	2	3
आरमर को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक, लि.आरमूर	26 अगस्त 2002	आंध्र प्रदेश
फर्स्ट सिटी को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक लि., हैदराबाद	5 अप्रैल 2002	आंध्र प्रदेश
जवाहर को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक लि., हैदराबाद	8 मई 2002	आंध्र प्रदेश
मेगासिटी को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक लि., हैदराबाद	3 अगस्त 2002	आंध्र प्रदेश
मदर टेरेसा को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक लि., हैदराबाद	14 अक्तूबर 2002	आंध्र प्रदेश
प्रजा को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक लि., हैदराबाद	2 जुलाई 2002	आंध्र प्रदेश
दहिया नागरिक सहकारी बैंक लि., दहिया	14 मई 2002	मध्य प्रदेश
द पीपुल्स को-ऑपरेटिव बैंक लि., मुजफ्फरपुर	22 अप्रैल 2002	बिहार
द बेनूसराय अर्बन डेवलपमेंट को-ऑपरेटिव बैंक लि., बेगूसराय	22 अप्रैल 2002	बिहार
द माधोपुरा अर्बन डेवलपमेंट को-ऑपरेटिव बैंक लि। माधोपुरा	22 अप्रैल 2002	बिहार
श्री आदिनाथ सहकारी बैंक लि., पुणे	25 जून 2002	महाराष्ट्र
श्री लाभ को-ऑपरेटिव बैंक लि.,मुबई	31 जुलाई 2002	महाराष्ट्र
कलवा बेलापुर सहकारी बैंक लि., नवी मुंबई	10 अगस्त 2002	महाराष्ट्र
मा शारदा महिला नागरी सहकारी बैंक लि। अकोला	10 अगस्त 2002	महाराष्ट्र
इंडिपेंडेस का-ऑपरेटिव बैंक लि., देवळाली कैंप	30 अक्तूबर 2002	महाराष्ट्र

सारणी IV.7 : शहरी सहकारी बैंकों को लाइसेंस जारी करने हेतु आवेदनों की अस्वीकृति

बैंक	तारीख	राज्य
1	2	3
श्री जामनगर नागरिक सहकारी बैंक लि., जामनगर	27 दिसंबर 2002	गुजरात
राजमपेट को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक लि., हैदराबाद	3 जुलाई 2002	आंध्र प्रदेश
यमुनानगर अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लि., यमुनानगर	6 अगस्त 2002	चंडीगढ़
थानी अर्बन को-औपरेटिव बैंक लि., चेन्नई	23 मई 2002	तमिलनाडु
तिरुवन्नाइकाविल को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक लि., चेन्नई	20 मई 2002	तमिलनाडु
द नालन्दा अर्बन डेवलपमेंट को-ऑपरेटिव बैंक लि., बिहारीरीफ	23 मई 2002	बिहार
द शिलांग को-ऑपरेटिव, अर्बन बैंक लि., मेघालय	23 मई 2002	मेघालय
द शिलांग को-ऑपरेटिव, यूबीडी लि., शिलांग	26 अक्तूबर 2002	मेघालय

3. ग्रामीण सहकारी समितियां

4.48 ग्रामीण सहकारी बैंकिंग क्षेत्र में शीर्ष (राज्य) स्तर पर राज्य सहकारी बैंक (एसटीसीबी), मध्यवर्ती (जिला) स्तर पर जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंक (डीसीसीबी) तथा प्रारंभिक (ग्राम) स्तर पर प्राथमिक कृषि सहकारी समिति (पीएसीएस) के साथ आवश्यक रूप से उत्पादन प्रयोजनों के लिए अल्पावधि ऋण जारी करने को सुनिश्चित करने के लिए अब त्रि-स्तरीय पिरामिड के रूप में सहकारी ऋण संरचना बनी है। इसी प्रकार, दीर्घावधि निवेश ऋण उपलब्ध कराने के लिए भूमि विकास बैंकों की सहायता संघीय और एकाकी प्रणालियां दोनों का ही संदर्भाधीन राज्य की संरचना की उपयुक्तता के आधार पर स्थापित की गयी हैं। इस प्रकार, राज्य स्तर पर राज्य सहकारी कृषि तथा ग्रामीण विकास बैंक (एससीएआरडीबी) तथा प्राथमिक स्तर पर प्राथमिक सहकारी कृषि तथा ग्रामीण विकास बैंक (पीसीएआरडीबी) अथवा राज्य सहकारी कृषि तथा ग्रामीण विकास बैंक की शाखाओं को कृषि में पूंजी निर्माण की वृद्धि को सुविधाजनक बनाने के लिए स्थापित किया गया था।

4.49 इन वर्षों में सहकारी बैंकों का नेटवर्क की व्याप्ति और पहुंच काफी बढ़ गयी है - मार्च 2002 के अंत की स्थिति के अनुसार, 30

सारणी IV.8: अनुसूचित शहरी सहकारी बैंक - संक्षिप्त सांख्यिकी

(राशि करोड़ रुपयों में)

विवरण	31 मार्च 2002	31 मार्च 2003
1	2	3
अनुसूचित शहरी सहकारी बैंक लि. सं.	52	56
शेयर पूंजी	545	627
आरक्षित पूंजी	1,931	2,195
जमाराशियां	35,215	36,380
उधार राशियां	678	542
ऋण एवं अग्रिम	23,308	23,943
सरकारी तथा अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों में निवेश	8,630	10,487
निवेश (गैर-एसएलआर)	4,973	3,161

टिप्पणी : शहरी सहकारी बैंकोंकी विवरणियों पर आधारित प्रारक्षित निधियों में सांविधानिक निधियां तथा अन्य भार रहित निधियां तथा वे प्रावधान जो बाह्य देयताओंके स्वरूप की नहीं है, शामिल हैं।

सारणी IV.9 : अनुसूचित शहरी सहकारी बैंकों की देयताएं एवं आस्तियां

(31 मार्च तक)

(करोड़ रुपयों में)

मद	2002		2003*	
	राशि	शेयर (प्रतिशत)	राशि	शेयर (प्रतिशत)
1	2	3	4	5
देयताएं				
1. पूंजी	531	1.1	627	1.2
2. आरक्षित पूंजी	5,940	12.6	7,534	14.4
3. जमा राशियां	34,285	72.4	36,683	70.0
4. उधार राशियां	637	1.3	571	1.1
5. अन्य देयताएं	5,946	12.6	7,022	13.3
कुल देयताएं	**47,340**	**100.0**	**52,437**	**100.0**
आस्तियां				
1. नकदी	2,266	4.8	2,578	4.9
2. बैंकों में शेष राशि	1,897	4.0	1,740	3.3
3. बैंकों में शेष राशि सूचना पर मुद्रा	318	0.7	303	0.6
4. निवेश	12,997	27.4	14,524	27.7
5. ऋण तथा अग्रिम	22,468	47.5	23,726	45.2
6. अन्य आस्तियां	7,393	15.6	9,566	18.3
कुल आस्तियां	**47,340**	**100.0**	**52,437**	**100.0**

* आंकडों में 49 लेखा परीक्षित बैंक 8 गैर-लेखापरीक्षित बैंक तथा 1 अप्रैल 2003 को 1 शहरी सहकारी बैंक शामिल है।

स्त्रोत : संबंधित बैंकों के तुलन पत्र

राज्य सहकारी बैंक (847 शाखाएं) 368 जिला सध्यवर्ती सहकारी बैंक (12,652 शाखाएं) तथा लगभग 99,000 प्राथमिक कृषि सहकारी समितियां थी । मार्च 2002 के अंत की स्थिति के अनुसार 20 एससीएआरडीबी तथा 768 पीसीएआरडीबी थे। यद्यपि, सहकारी बैंक भारत में ग्रामीण ऋण व्यवस्था के प्रमुख घटक रहे हैं, हाल के वर्षों में, शहरी सहकारी बैंक की अपने परिचालन क्षेत्र में कृषि संबंधी ऋण उपलब्ध करा रहे हैं।

राज्य सहकारी बैंक (एससीबी)

4.50 प्रमुख घटकों (यथा. पूंजी, प्रारक्षित निधि, जमाराशियां, उधार और अन्य देयताएं) के संदर्भ में राज्य सहकारी देयताओं का

सारणी IV.10: अनुसूचित शहरी सहकारी बैंकों का वित्तीय कार्य निष्पादन

(राशि करोड़ रुपयों में)

मद	2001-02	2002-03*	घटबढ़	
			राशि	प्रतिशत
1	2	3	4	5
क. आय (i+ii)	**5,069 (100.0)**	**5,139 (100.0)**	**70**	**1.4**
i) ब्याज आय	4,449 (87.8)	4,498 (87.5)	49	1.1
ii) अन्य आय	620 (12.2)	641 (12.5)	21	3.3
ख. व्यय (i+ii+iii)	**5,485 (100.0)**	**5,735 (100.0)**	**251**	**4.6**
i) ब्याज व्यय	3,404 (62.1)	3,415 (59.6)	12	0.4
ii) प्रावधान और आकस्मिक व्यय	1,136 (20.7)	1,317 (23.0)	181	15.9
iii) परिचालनगत व्यय	945 (17.2)	1,003 (17.5)	58	6.1
जिसमें : वेतन बिल	537 (9.8)	564 (9.8)	26	4.9
ग. लाभ				
i) परिचालनगत लाभ	720	721	-1	0.1
ii) निवल लाभ	-416	-596	-181	—
घ. कुल आस्तियां	**47,340**	**52,437**	**5,097**	**10.8**

* आंकडों में 49 लेखा परीक्षित और अलेखा परिक्षित बैंक सम्मलित है । तथा अप्रैल 03 से एक शहरी सहकारी बैंक सम्मलित हैं ।
टिप्पणी : 1. ब्यौरे के लिए परिशिष्ठ सारणी III.2 की टिप्पणी देखें ।
2. कोष्ठकों के आंकडे संबंधित योग के प्रति प्रतिशतता है ।
स्त्रोत : संबंधित बैंकों के तुलनपत्र

स्वरूप मोटे तौर पर मार्च 2001 के अंत और मार्च 2002 के अंत के बीच अपरिवर्तित रहा (सारणी IV.12)। अनुसूचित राज्य सहकारी बैंकों ने 2003-04 की पहली छमाही मे 1.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 7.8 प्रतिशत की गिरावट के अत्यधिक विपरीत है। ऋण उठाव में मौसमी कमी 2.4 प्रतिशत थी जो पिछले वर्ष के 5.0 प्रतिशत की तुलना में निम्नतर है।

सारणी IV.11 : शहरी सहकारी बैंकों* का चयनित वित्तीय अनुपात*

(आस्तियों का प्रतिशत)

मद	शहरी सहकारी बैंक		अनुसूचित राज्य सहकारी बैंक		मध्यवर्ती सहकारी बैंक	
	2001-02	2002-03	2000-01	2001-02	2000-01	2001-02
1	2	3	4	5	6	7
परिचालन लाभ	1.52	1.34	1.70	2.08	1.73	1.90
निवल लाभ	-0.88	-1.14	0.39	0.31	0.06	-0.03
आय	10.71	9.80	10.27	10.14	10.75	10.74
ब्याज से आय	9.40	8.58	9.90	9.62	10.17	10.14
अन्य आय	1.31	1.22	0.37	0.52	0.58	0.60
व्यय	11.59	10.94	9.88	9.83	10.69	10.76
ब्याज व्यय	7.19	6.51	7.85	7.33	7.19	7.14
परिचालन व्यय	2.00	1.91	0.71	0.73	1.83	1.70
मजदूरी बिल	1.13	1.07	0.53	0.53	1.42	1.31
प्रावधान तथा आकस्मिकताएं	2.40	2.51	1.32	1.77	1.67	1.93
विस्तार (ब्याज से निवल आय)	2.21	2.06	2.04	2.29	2.98	3.00

* कुल आस्तियों के प्रतिशत के रूप में।

सारणी IV.12 : राज्य सहकारी बैंकों की देयताएं एवं आस्तियां
(31 मार्च तक)

(करोड़ रुपये)

मद	2001		2002 अ	
	राशि	शेयर (प्रतिशत)	राशि	शेयर (प्रतिशत)
1	2	3	4	5
देयताएं				
पूंजी	695	1.3	807	1.4
आरक्षित पूंजी	5,144	9.8	5,516	9.6
जमा राशियां	32,626	62.2	35,500	61.8
उधार राशियां	11,693	22.3	11,550	20.1
अन्य देयताएं	2,318	4.4	4,105	7.1
कुल देयताएं	**52,476**	**100.0**	**57,478**	**100.0**
आस्तियां				
नकदी तथा बैंक शेष	2,313	4.4	3,492	6.1
निवेश	16,156	30.8	16,436	28.6
ऋण तथा अग्रिम	29,861	56.9	32,111	55.9
अन्य आस्तियां	4,146	7.9	5,439	9.5
कुल आस्तियां	**52,476**	**100.0**	**57,478**	**100.0**

अ - अनंतिम

4.51 अखिल भारतीय स्तर पर मांग के अनुपात[3] के रूप में राज्य सहकारी बैंकों की वसूली का कार्य-निष्पादन 2000-01 के 84 प्रतिशत से घटकर 2001-02 में 81 प्रतिशत हो गया। विभिन्न राज्यों/केन्द्रशासित क्षेत्रों में वसूली का कार्य-निष्पादन चंडीगढ़, अंडमान एवं निकोबार, जम्मू और कश्मीर, नगालैण्ड, त्रिपुरा, मिजोरम तथा पश्चिम बंगाल में अधिक बढ़ा जबकि यह बिहार, असम तथा पांडिचेरी में काफी अधिक कम हुआ। हरियाणा, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, केरल, पंजाब, छत्तीसगढ़ और गुजरात (परिशिष्ट IV.3) वे राज्य हैं जहां राज्य सहकारी बैंक ने वर्ष 2001-02 के दौरान 90 प्रतिशत से अधिक की वसूली की है।

राज्य सहकारी बैंकों के वित्तीय कार्य-निष्पादन

4.52 कीमत लागत अंतर में वृद्धि के बावजूद (निवल ब्याज आय) प्रावधानों तथा आकस्मिकताओं के लिए उच्चतर व्यय से राज्य सहकारी बैंकों के निवल लाभ में कमी हुई। 30 राज्य सहकारी बैंकों में से 23 ने कुल मिलाकर 2.70 करोड़ रुपये का लाभ अर्जित किया जबकि 7 ने 93 करोड़ रुपये की राशि की हानि (सारणी IV.13) उठाई।

केन्द्रीय सहकारी बैंकों

4.53 केन्द्रीय सहकारी बैंकों की देयताओं की संरचना मार्च 2001 के अंत तक तथा मार्च 2002 के अंत तक की अवधि के बीच अपरिवर्तित रही (सारणी IV.14) । जमाराशियां, कुल देयताओं की 60 प्रतिशत से अधिक बनी रहीं, जबकि आरक्षित पूंजी में 17.8 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

4.54 अखिल भारतीय स्तर पर, मांग के अनुपात के रूप में केन्द्रीय सहकारी बैंकों की वसूली का कार्य-निष्पादन कमोबेश एक समान रहा। बिहार, छत्तीसगढ़, जम्मू और कश्मीर तथा मध्य प्रदेश पंजाब और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों ने वसूली के कार्य-निष्पादन में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की जबकि महाराष्ट्र और कर्नाटक में वसूली के कार्य-निष्पादन में ह्रास आया। पंजाब, तमिलनाडु और उत्तरांचल ही केवल वैसे राज्य थे जिन्होंने वर्ष 2001-02 के दौरान 80 प्रतिशत से अधिक की वसूली की (परिशिष्ट सारणी IV.3)।

मध्यवर्ती सहकारी बैंकों का कार्य-निष्पादन

4.55 मध्यवर्ती सहकारी बैंकों ने गत वर्ष के मामूली लाभ की तुलना में वर्ष 2001-02 के दौरान मामूली-सी हानि उठाई (सारणी IV.15)। ब्याज से आय, कुल आय की 95 प्रतिशत रही, जबकि ब्याज व्यय कुल व्यय का लगभग दो-तिहाई रहा। वर्ष 2001-02 के दौरान 258 मध्यवर्ती सहकारी बैंकों ने 698 करोड़ रुपये की राशि का लाभ अर्जन किया जबकि 110 मध्यवर्ती सहकारी बैंकों से 719 करोड़ रुपये की हानि उठाई । मध्यवर्ती सहकारी बैंकों की समग्र लाभप्रदता में ह्रास का कारण प्रावधानों एवं आकस्मिकताओं में उच्चतर व्यय रहा।

प्राथमिक कृषि ऋण समितियां (पीएसीएस)

4.56 प्राथमिक कृषि ऋण समितियां (पीएसीएस) जो अल्पावधि सहकारी ऋण के प्रारंभिक स्तर की अंग हैं, व्यक्तिगत उधारकर्ताओं से सीधे संपर्क करती हैं, अल्पावधि तथा मध्यावधि ऋण प्रदान करती हैं तथा वितरण एवं बाजार कार्य भी संपादित कर सकती हैं। 31 मार्च 2002 तक लगभग 10 करोड़ शाखाओं के साथ 98,247 प्रारंभिक कृषि ऋण समितियां थीं। प्रारंभिक कृषि ऋण समितियों की एक बड़ी संख्या को मुख्यतः अपनी निधि, जमाराशियों में उल्लेखनीय ह्रास एवं निम्नतर वसूली दरों के चलते, अनेक वित्तीय समस्याओं का सामना करना पड़ा। प्रारंभिक कृषि ऋण समितियों की खराब स्थिति में सुधार के लिए विभिन्न नीतियों को अपनाया गया है। प्रारंभिक कृषि ऋण समितियों की मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) निधि उपलब्ध करा रहा है।

[3] किसी नियत तारीख को देय राशि ही मांग है। इसमें उस तारीख को ब्याज और मूलधन की चुकौती देना सम्मिलित है।

सारणी IV.13 : राज्य सहकारी बैंकों का वित्तीय कार्य-निष्पादन

(राशि करोड़ रुपये में)

मद	2000-01	2001-02(अ)	घटबढ़	
			राशि	प्रतिशत
1	2	3	4	5
क. आय (i+ii)	**5,389**	**5,809**	**420**	**7.8**
	(100.0)	**(100.0)**		
i) ब्याज आय	5,194	5,508	314	6.0
	(96.4)	(94.8)		
ii) अन्य आय	195	301	107	54.4
	(3.6)	(5.2)		
ख. व्यय (i+ii+iii)	**5,185**	**5,632**	**447**	**8.6**
	(100.0)	**(100.0)**		
i) ब्याज व्यय	4,121	4,192	70	1.7
	(79.5)	(74.4)		
ii) प्रावधान और आकस्मिक व्यय	690	1,024	334	48.4
	(13.3)	(18.2)		
iii) परिचालनगत व्यय	373	416	43	11.5
	(7.2)	(7.4)		
जिसमें : वेतन बिल	280	304	24	8.6
	(5.4)	(5.4)		
ग. लाभ				
i) परिचालनगत लाभ	**894**	**1,201**	**307**	**34.3**
ii) निवल लाभ	**204**	**177**	**-27**	**-13.2**
घ. कुल आस्तियां	**52,476**	**57,478**	**5,002**	**9.5**

अ : अनंतिम
टिप्पणी : कोष्ठकों के आंकड़े संबंधित कुल योग का प्रतिशत भाग दर्शाते हैं।
स्रोत : नाबार्ड ।

सारणी IV.14 : मध्यवर्ती सहकारी बैंकों की देयताओं और आस्तियों की संरचना

(करोड़ रुपये में)

मद	2001		2002 (अ)	
	राशि	अंश (प्रतिशत)	राशि	अंश (प्रतिशत)
1	2	3	4	5
देयताएं				
पूंजी	3,128	3.2	3,425	3.2
प्रारक्षित निधियां	9,105	9.4	10,723	10.0
जमाराशियां	61,813	64.0	68,090	63.3
उधार राशियां	16,937	17.5	18,818	17.5
अन्य देयताएं	5,704	5.9	6,529	6.1
कुल देयताएं	**96,687**	**100.0**	**1,07,585**	**100.0**
आस्तियां				
नकद और बैंक शेष राशियां	5,853	6.1	7,169	6.7
निवेश	27,616	28.6	28,905	26.9
ऋण और अग्रिम	52,512	54.3	59,269	55.1
अन्य आस्तियां	10,706	11.0	12,242	11.4
कुल आस्तियां	**96,687**	**100.0**	**1,07,585**	**100.0**

अ - अनंतिम

दीर्घावधि सहकारी ऋण

4.57 दीर्घावधि सहकारी ऋण विन्यास में 768 प्राथमिक सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (पी सी ए आर डी बीज) 20 राज्यों / संघशासित क्षेत्रों के राज्य सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (एस सी ए आर डी बी) शामिल हैं। बैंकों के दीर्घावधि सहकारी ऋण विन्यास में कई कमजोरियां दिखायी दे रही है जिनसे उभरते हुई उदारीकृत आर्थिक वातावरण में वाणिज्य बैंकों के साथ प्रभावशाली ढ़ंग से प्रतिस्पर्धा करने की उनकी क्षमता बाधित होती है।

राज्य सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (एससीएआरबी)

4.58 राज्य सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों का मार्च 2003 के अंत में 93 प्रतिशत का ऋण जमा अनुपात हाल की प्रवृत्तियों के अनुरूप बढ़ा (परिशिष्ट सारणी IV.1)। 2001-02 के दौरान लाभप्रदता में 2001-02 की तुलना में गिरावट की प्रवृत्ति दिखायी दी। गैर-निष्पादक आस्तियां मार्च 2001 के अंत के 20.5 प्रतिशत से कम अर्थात् मार्च 2002 के अंत में कुल बकाया ऋणों का 18.5 प्रतिशत थीं। तथापि, जून 2002 के अंत में मांग के 55 प्रतिशत के वसूली निष्पादन जून 2002 के अंत के 62 प्रतिशत की तुलना में घट गया था। सहकारी बैंकों का वसूली निष्पादन 2001-02 के दौरान राज्यों के बीच व्यापक रूप से घटता-बढ़ता रहा (परिशिष्ट सारणी IV.3)।

सारणी IV . 15 : मध्यवर्ती सहकारी बैंकों का वित्तीय कार्य-निष्पादन

(राशि करोड़ रुपये में)

मद	2000-01	2001-02 अ	घटबढ़	
			समग्र राशि	प्रतिशत
1	2	3	4	5
क. आय (i+ii)	**10,393**	**11,543**	**1,150**	**11.1**
	(100.0)	**(100.0)**		
i) ब्याज से आय	9,829	10,903	1,074	10.9
	(94.6)	(94.5)		
ii) अन्य आय	565	641	76	13.5
	(5.4)	(5.6)		
ख. व्यय (i+ii+iii)	**10,332**	**11,564**	**1,233**	**11.9**
	(100.0)	**(100.0)**		
i) ब्याज व्यय	6,950	7,685	735	10.6
	(67.3)	(66.5)		
ii) प्रावधान और आकस्मिक व्यय	1,611	2,057	446	27.7
	(15.6)	(17.8)		
iii) परिचालनगत व्यय	1,770	1,822	52	2.9
	(17.1)	(15.8)		
जिसमें : वेतन बिल	1,369	1,406	37	2.7
	(13.3)	(12.2)		
ग. लाभ				
i) परिचालन-गत लाभ	**1,672**	**2,036**	**363**	**21.7**
ii) निवल लाभ	**62**	**- 21**	**- 83**	**—**
घ. कुल आस्तियां	**96,687**	**1,07,585**	**10,898**	**11.2**

अ. अनंतिम

टिप्पणी: कोष्ठकों के आंकड़े संबंधित कुल का प्रतिशत अंश दर्शाते हैं।

प्राथमिक सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (पीसीएआरडीबी)

4.59 प्राथमिक सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों द्वारा दिये गये ऋणों में 2001-02 के दौरान पायी गयी 20.7 प्रतिशत वृद्धि के काफ़ी विपरीत 2002-03 के दौरान 10.5 प्रतिशत की गिरावट आयी। प्राथमिक सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों की लाभप्रदता में 2000-01 की तुलना में 2001-02 के दौरान गिरावट की प्रवृत्ति देखी गयी। गैर-निष्पादक आस्तियों की राशि मार्च 2002 के अंत में कुल बकाया ऋणों का 30.4 प्रतिशत बनी जिसमें मार्च 2000 के अंत के 20.2 प्रतिशत से उछाल आया है। इसी के अनुरूप जून 2002 के अंत में वसूली कार्य गिरकर 60 प्रतिशत से गिर गया था।

ग्रामीण सहकारी बैंकों की स्थिति

4.60 ग्रामीण सहकारी बैंकों की गैर-निष्पादक आस्तियां उच्च बनी रहीं। तथापि उच्चतर टीयरवाले अर्थात् मध्यवर्ती सहकारी बैंकों की आस्ति गुणवत्ता निम्न टीयरवालों अर्थात् राज्य सहकारी बैंकों की तुलना में अपेक्षाकृत बेहतर थी (सारणी IV.16)।

सारणी IV.16 : सकल गैर-निष्पादक आस्तियों की संरचना

(31 मार्च, 2003तक)

(करोड़ रुपये)

आस्ति गुणवत्ता	रासबैं	मसबैं
1	2	3
अवमानक आस्तियां	2,403	6,325
संदिग्ध आस्तियां	1,821	4,245
हानिगत आस्तियां	261	1,268
कुल गैर-निष्पादक आस्तियां	4,485	11,838
बकाया ऋणों के प्रति गैर-निष्पादक आस्तियों का प्रतिशत	13.4	19.7

4.61 अल्पावधि सहकारी ऋण विन्यास के मामले में खराब वसूली निष्पादन चिंता का विषय रहा। अल्पावधि सहकारी ऋण विन्यास के मामले में चुकौती का निष्पादन काफी अच्छा रहा। तथापि, 2001-02 के दौरान अल्पावधि और दीर्घावधि दोनों ही संस्थाओं के वसूली निष्पादन अनुपात में गिरावट पायी गयी।

4.62 ग्रामीण ऋण सहकारी संस्थाओं को होनेवाली भारी मात्रा में गैर-निष्पादक आस्तियों से उत्पन्न समस्याओं को दूर करने के लिए विभिन्न कदम उठाना प्रारंभ किया गया है। पहले, नाबार्ड ने रिज़र्व बैंक के परामर्श से वाणिज्य बैंकों की गैर निष्पादक आस्तियों संबंधी एक बारगी निपटान योजना के अनुरूप दिशा निर्देशों को अंतिम रूप दिया है। गैर-निष्पादक आस्तियों के लिए उच्चतम तारीख 31 मार्च 1998 और राशि का उच्चतम स्तर 5 लाख रुपये निर्धारित है। प्रारंभ में यह योजना 31 मार्च 2002 तक कार्यान्वित की गयी थी और तदनन्तर इसे 30 सितंबर 2002 तक बढ़ाया गया और उक्त योजना के अधीन निपटान 31 दिसंबर 2002 तक पूरे किये जाने थे। दूसरे, केंद्र सरकार और रिज़र्व बैंक के परामर्श से यह निर्णय लिया गया कि कि ऋणकर्ताओं को अपनी बकाया देय राशियों के निपटान के लिए आगे आने का और एक अवसर दिया जाए। अतः व्यक्तिगत उधारकर्त्ताओं के लिए 10 लाख रुपये और उससे कम की और ऋणों और अग्रिमों की सभी श्रेणियों के अंतर्गत संस्थाओं के संदर्भ में 10 करोड़ रुपये और कम की पुरानी गैर-निष्पादक आस्तियों के समझौता निपटान के लिए एक गैर विवेकशील और गैर-पक्षपाती सरल तंत्र उपलब्ध कराते हुए संशोधित दिशा-निर्देश जारी किये गए है। उक्त योजना सितंबर 2003 के अंत तक जारी रहेगी और योजना के अधीन निपटान को मार्च 2004 के अंत तक पूरा किया जाना है। तीसरे, ग्रामीण ऋण सहकारी संस्थाओं को बिना किसी भेदभाव के उक्त दिशानिर्देशों का समान रूप से पालन करने तथा साथ ही, वसूली गयी राशियां उच्चतर वित्तपोषक संस्थाओं को तत्काल अंतरित करने के अनुदेश दिये गये हैं। यह भी स्पष्ट किया गया कि योजना को कार्यान्वित करने के लिए ऋणदात्री सहकारी संस्थाओं को सरकार, रिज़र्व बैंक या नाबार्ड से वित्तीय समर्थन प्राप्त नहीं होगा अंततः निदेशक मंडल और सहकारी समितियों के पंजीयकों के अनुमोदन से उपर्युक्त उच्चतम स्तर से अधिक राशियों और तारीख की गैर-निष्पादक आस्तियों के लिए एक बारगी निपटान योजना तैयार करने का विवेक बैंकों को दिया गया है।

4. नाबार्ड और सहकारी क्षेत्र

4.63 राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) एक शिखर संस्था है जिसे ग्रामीण वित्तीय संस्थाओं को अपना संसाधन आधार बढ़ाने के लिए नीतिगत आयोजना के क्षेत्र में और पुनर्वित्त सुविधाएं प्रदान करने के संदर्भ में महत्पूर्ण भूमिका सौंपी गयी है। नाबार्ड की प्रभाव क्षमता को सुदृढ़ करने की दृष्टि से तथा अपनी इक्विटी को कारगर ढंग से लाभप्रद बनाने तथा पुनर्वित्त कार्यों के लिए अतिरिक्त संसाधन जुटाने के लिए सक्षम बनाने की दृष्टि से भारत सरकार और रिज़र्व बैंक वार्षिक रूप से 1996-07 से क्रमशः 100 करोड़ रुपये और 400 करोड़ रुपये का अंशदान कर रहे हैं। इन अंशदानों से नाबार्ड का मार्च 2002 के अंत में कारगर पूंजी आधार बढ़कर 2000 करोड़ रुपये हो गया। नाबार्ड भी 2000-01 पूंजीगत लाभ करमुक्त बांड जारी करने की अनुमति देता रहा है।

नाबार्ड द्वारा नीतिगत पहल

विकास कार्य योजना (डीएपी)/ समझौता ज्ञापन (एमओयू)

4.64 संस्थागत सुदृढ़िकरण के उपाय के रूप में सहकारी बैंकों द्वारा संस्था विशेष विकास कार्य योजना तैयार करने की व्यवस्था 1994-95 से लागू की गई जो 2002-03 के दौरान जारी रही। तीन वर्षों (2002-03) के लिए आधारस्तरीय समझौता ज्ञापन का दूसरा चरण लागू किया गया। ग्रामीण सहकारी बैंकों ने पहले के अनुभवों के आधार पर नाबार्ड की सूचना पर 1997 से वार्षिक विकास कार्य योजना बनाने की प्रणाली अपनायी है। विकास कार्य योजना में परिकल्पित कारोबारी लक्ष्यों को पूरा करने के प्रति प्रतिबद्धता हासिल करने के लिए सहकारी बैंकों और नाबार्ड के बीच समझौता ज्ञापन निष्पादित किये गये। विकास कार्य योजनाओं के कार्यान्वयन और समझौता ज्ञापन के प्रतिज्ञापत्रों के अनुपालन की निगरानी राज्य और जिला स्तरों पर स्थापित निगरानी समीक्षा समितियों की यंत्रणा के जरिये रिज़र्व बैंक और नाबार्ड तथा राज्य सरकारी प्रतिनिधियों द्वारा की गयी।

ग्रामीण ऋण पर विशेषज्ञ समिति

4.65 नाबार्ड द्वारा स्थापित ग्रामीण ऋण पर एक विशेषज्ञ समिति (अध्यक्षः प्रो. बी.एस. व्यास) ने अगस्त 2001 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। नाबार्ड ने अपनी सिफ़ारिशों के अनुसरण में उससे संबंधित कुछ क्षेत्रों पर कार्रवाई प्रारंभ की है यथा आस्ति विहीन निर्धनों, छोटे कृषकों / किरायेदारों, शुष्क भूमि पर खेती कृषि के उपक्षेत्रों, निजी पूंजी निर्माण और खेती से इतर गतिविधियों का वित्तपोषण करने क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और सहकारी संस्थाओं को सुदृढ़ बनाने, डीडीएम कार्यालय खोलने और सहकारी ऋण विन्यास को पुनःर्जीवित करने संबंधी सहकारी ऋण प्रणाली के कार्यों के अध्ययन तथा इसे मजबूत बनाने के लिए उपाय सुझाने हेतु (अध्यक्ष सी जगदीश कपूर) गठित कार्य दल द्वारा की गई ।

सहकारी ऋण विन्यास को पुनर्जीवित करना

4.66 भारत सरकार द्वारा सहकारी ऋण विन्यास का अध्ययन करने के लिए स्थापित कपूर समिति ने अपनी जुलाई 2000 में प्रस्तुत रिपोर्ट में सहाकरी ऋण विन्यास को सुदृढ़ बनाने और

पुनर्जीवित करने संबधी विभिन्न उपाय सुझाये हैं। 2001 के दौरान श्री बालासाहेब विखे पाटील की अध्यक्षता में एक अंतर मंत्रीस्तरीय संयुक्त समिति ने उक्त सिफ़ारिशों की, विशेष रूप से भारत सरकार, राज्यों और सहकारी संस्थाओं के बीच पुनर्जीवन सहायता की निधियन व्यवस्था और अंशभागिता स्वरूप से संबंधित, समीक्षा की। इन सिफ़ारिशों के आधार पर नाबार्ड ने अक्तूबर 2002 में भारत सरकार के समक्ष अपनी योजना रखी। उक्त योजना जिसमें सहकारी बैंकों को प्राप्त पुनर्जीवन सहायता को राज्य सरकारों द्वारा किये जानेवाले कतिपय सुधार कार्यों से संबद्ध कराना परिकल्पित है, में निम्नलिखित उपाय शामिल हैं : -

- मॉडल सहकारी समिति अधिनियम की आवश्यक बातों विशेष रूप से राज्य सरकारों और रिज़र्व बैंक / नाबार्ड द्वारा दोहरे नियंत्रण को हटाने की बात को स्वीकार करना;
- सहकारी ऋण संस्थाओं की स्वायत्तता;
- सनदी लेखाकारों द्वारा राज्य सहकारी बैंक / जिला सहकारी मध्यवर्ती बैंक / राज्य सहकारी कृषि ग्रामीण विकास बैंकों की लेखा-परीक्षा और प्राकृऋण समितियों को इस बात में स्वतंत्रता;
- प्रबंधन का व्यावसायीकरण;
- पारदर्शी मानव संसाधन विकास नीतियां अपनाना;
- प्राकृऋ समितियों के सचिवों की सामान्य संवर्ग समाप्त करना।

नाबार्ड के संसाधन

4.67 गा.बु.सु.वि.निधि जमाराशियों सहित नाबार्ड के संसाधनों के प्रवाह 2002-03 के दौरान 7.9 प्रतिशत घट गये (सारणी IV.17)। बांडों और डिबेंचरों के निर्गमों के जरिये बाजार उधार 2002-03 में काफ़ी बढ़े। ग्रामीण बुनियादी सुविधा विकास निधि के अंतर्गत अत्याधिक वृद्धि हुई ।

4.68 रिज़र्व बैंक दो सामान्य ऋण (जीएलसी-I और जीएलसी-II) के अधीन भी निधियां उपलब्ध कराते हुए ग्रामीण क्षेत्र को पुनर्वित्त सहायता प्रदान करने में नाबार्ड की सहायता करता रहा है। मार्च 2002-03 के अंत में ये सीमाएं आवधिक रूप से बढ़ा दी गयी हैं जीएलसी-I और जीएलसी-II के तहत मंजूर सीमाएं क्रमशः 5650 करोड़ रुपये और 850 करोड़ रुपये थीं।

ग्रामीण बुनियादी सुविधा विकास निधि

4.69 1995-96 में ग्रा.बु.सु.वि. निधि - I प्रारंभ में 2000 करोड़ रुपये की कुल राशि के साथ स्थापित की गयी थी, जिसका मुख्य उद्देश्य राज्य सरकारों को सिंचाई, बाढ़ से बचाव, ग्रामीण सड़कों और पुलों से संबंधित मूलभूत सुविधा परियोजनाओं को पूरा करने में सक्षम बनाने के लिए निधियां उपलब्ध कराना था। ग्रामीण बुनियादी सुविधा विकास निधि की कुल राशि में प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र के लक्ष्य के अधीन उनके कृषि को उधार में होनेवाली कमी की मात्रा तक निवल बैंक ऋण के अधिकतम 1.5 प्रतिशत की शर्त पर अनुसूचित वाणिज्य

सारणी IV.17: नाबार्ड के संसाधनों में निवल वृद्धि (अप्रैल-मार्च)

(करोड़ रुपये)

संसाधन का प्रकार	2001-02	2002-03 अ
14	2	3
पूंजी	0	0
प्रारक्षित निधियां तथा अधिशेष	655	693
राग्रा गय (वीप्र) निधि	531	222
राग्रा गय (स्थिरीकरण) निधि	6	222
जमाराशियां	-252	-21
बांड और डिबेंचर	2,465	2,624
केंद्र सरकार से उधार	-65	-243
रिज़र्व बैंक से उधार	-100	-708
विदेशी मुद्रा ऋण	9	51
अन्य उधार	—	—
गाबुसुविनि जमाराशिया*	2,474	2,434
अन्य देयताएं	451	444
अन्य निधियां	111	67
जोड़	**6,283**	**5,786**

(अ) अंनतिम * बैंकों से जुटायी गयी गाबुसुविनि जमाराशियां
स्रोत : नाबार्ड

सारणी IV.18 : आरआइडीएफ के अधीन जुटायी गयी जमाराशियां

(करोड़ रुपये)

वर्ष	आरआइडीएफ-I	आरआइडीएफ-II	आरआइडीएफ-III	आरआइडीएफ-IV	आरआइडीएफ-V	आरआइडीएफ-VI	आरआइडीएफ-VII	आरआइडीएफ-VIII	कुल
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1995-96	350	—	—	—	—	—	—	—	350
1996-97	842	200	—	—	—	—	—	—	1,042
1997-98	188	670	149	—	—	—	—	—	1,007
1998-99	140	500	498	200	—	—	—	—	1,338
1999-2000	67	539	797	605	300	—	—	—	2,307
2000-01	—	161	412	440	850	790	—	—	2,654
2001-02	—	155	264	—	689	988	1,495	—	3,591
2002-03	—	—	188	168	541	817	731	1,413	3,857
कुल	**1,587**	**2,225**	**2,308**	**1,413**	**2,380**	**2,594**	**2,226**	**1,413**	**16,145**

स्रोत : नाबार्ड

बैंकों द्वारा अंशदान किया जाता है। ग्रामीण बुनियादी सुविधा विकास निधि - II से ग्रामीण बुनियादी सुविधा विकास निधि - VIII बाद के वर्षों में 2002-03 तक स्थापित किये गये। सरकार ने ग्रा.बु. सु.वि.नि.-IX के अधीन 5,500 करोड़ रुपये की कुल राशि घोषित की है (सारणी IV.18 और 19)।

4.70 ग्रामीण बुनियादी सुविधा विकास निधि ऋणों पर ब्याज दरें 1995-96 के 13.0 प्रतिशत से धीरे-धीरे घटाकर 2000-01 में 11.5 प्रतिशत कर दी गयीं और बाद में केंद्रीय बजट 2002-03 की घोषणा के अनुसार प्रकार से और घटाकर 8.5 प्रतिशत कर दी गयीं।

4.71 ग्रामीण बुनियादी सुविधा विकास निधि की व्याप्ति क्रमिक रूप से बढ़ा दी गयी और इसमें ग्राम पंचायत, स्वयं सहायता समूहों और अन्य पात्र संगठनों को ग्राम स्तरीय मूलभूत सुविधा परियोजनाएं कार्यान्वित करने के लिए ऋण प्रदान करने की अनुमति दी गयी। साथ ही, ग्रामीण बुनियादी सुविधा विकास निधि ऋणों की पात्र परियोजनाओं का क्षेत्र इनमें नवोन्मेषी परियोजनाएं शामिल करते हुए व्यापक बनाया गया जैसे सूचना प्रौद्योगिकी समर्थित सेवाएं और नए कार्यकलाप जैसे कि बिजली क्षेत्र के अधीन प्रणाली सुधार और मिनी जल-विद्युत निर्माण, प्राथमिक / माध्यमिक स्कूल भवन और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और वर्षा जल संरक्षण विनिर्माण आदि।

4.72 केंद्रीय बजट 2002-03 में घोषणा की गयी कि ग्रामीण बुनियादी सुविधा विकास निधि को राज्य सरकारों द्वारा चलाये जानेवाले सुधार कार्यक्रमों से संबद्ध किया जायेगा। तदनुसार, ग्रामीण बुनियादी सुविधा विकास निधि - VIII की 5500 करोड़ रुपये की कुल राशि में से 1,100 करोड़ रुपये राज्य सरकारों को कृषि और ग्रामीण क्षेत्र में किए गए सुधारों / किए जानेवाले सुधारों से संबद्ध ऋणों के लिए आबंटित किये जाने थे। 60 प्रतिशत अथवा अधिक की सुधार दर

सारणी IV.19 : ग्राबुसुवि निधि के अंतर्गत मंजूर एवं संवितरित ऋण

(31 मार्च, 2003को)

(करोड़ रुपये)

ग्राबुसुवि निधि	वर्ष	कार्पस	मंजूर ऋण	वितरित ऋण	मंजूर ऋणों के प्रतिशत के रूप मे वितरित ऋण
1	2	3	4	5	6
I	1995	2,000	1,910.5	1,760.9	92.2
II	1996	2,500	2,627.8	2,373.7	90.3
III	1997	2,500	2,707.8	2,377.0	87.8
IV	1998	3,000	2,976.5	2,160.8	72.6
V	1999	3,500	3,532.5	2,502.2	70.8
VI	2000	4,500	4,579.3	2,788.4	60.9
VII	2001	5,000	5,056.8	2,055.7	40.6
VIII	2002	5,500	6,084.1	1,126.4	18.5
IX	2003	5,500	—	—	—
जोड़		**34,000**	**29,475.3**	**17,145.1**	**58.2**

स्रोत : नाबार्ड

प्राप्त करनेवाले राज्यों को पूर्ण आबंटन मंजूर किया गया और 35 से 60 प्रतिशत के बीच की रेटिंगवाले राज्यों, को 50 प्रतिशत सुधार-संबद्ध आबंटन मंजूर किया गया, जबकि 60 प्रतिशत से अधिक की रेटिंगवाले राज्य सुधार-संबद्ध आबंटनों की न की गयी राशि के लिए आबंटन के पात्र थे। पंद्रह राज्य, अर्थात् आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल ने 60 प्रतिशत की रेटिंग हासिल की और पूर्ण आबंटन प्राप्त किया। अन्य पांच राज्यों ने अपने गैर-सुधार संबद्ध आबंटन प्राप्त किये। उत्तर पूर्वी क्षेत्र के आठ राज्यों को संबंद्धता से छूट दी गयी।

4.73 मार्च 2003 के अंत में कुल संवितरणों का 74 प्रतिशत अंश नौ राज्यों का था (चार्ट IV.3) तथापि, मंजूरियों और संवितरणों में बड़ी खाई बनी रही (चार्ट IV.4) सभी ग्रामीण बुनियादी सुविधा विकास निधियों को मिलाकर देखने से आंध्र प्रदेश ने संवितरणों सबसे बड़ा अंश प्राप्त किया, इसके बाद उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, मध्यप्रदेश, राजस्थान, गुजरात और कर्नाटक का स्थान था।

4.74 मंजूरी की तुलना में संवितरणों के अनुपात के राज्यवार विश्लेषण से पता चलता है कि 80.5 प्रतिशत पर सिक्कीम सर्वोच्य स्थान पर था, इसके बाद मिज़ोरम, पंजाब, तमिलनाडु, राजस्थान और उत्तर प्रदेश का स्थान था।

4.75 ग्रामीण बुनियादी सुविधा विकास निधि के अधीन सिंचाई योजनाओं, बाढ़ से बचाव, वाटरशेड प्रबंधन, ग्रामीण सड़कों और पुलों आदि के विनिर्माण आदि जैसी विभिन्न प्रकार के ग्रामीण मूलभूत सुविधा निवेशों के लिए ऋण दिये जाते हैं। ग्रामीण बुनियादी सुविधा विकास निधि योजनाओं के अधीन मंजूर कुल राशि में से करीब 50 प्रतिशत अंश ग्रामीण सड़क और पुलों के विनिर्माण का था और 34 प्रतिशत अंश सिंचाई परियोजनाओं का था।

चार्ट IV.3: मार्च 2003 के अंत में ग्राबुसुविनि निधियों के वितरण में राज्यों का प्रतिशत अंश



4.76 ग्रामीण बुनियादी सुविधा विकास निधियों की खपत मंजूरियों की तुलना में कम रही है जो बजट समर्थन का अभाव (जहां गाबुसुविनि से आंशिक निधियन परिकल्पित है), निधियों के आहरण के लिए औपचारिकताएं पूरी करने में विलंब और सिंचाई परियोजनाओं के संबंध में प्रारंभिक कार्य पूरा करने में विलम्ब (जहां भूमि अधिग्रहण और वन पर्यावरण संबंधी अनापत्ति तथा निविदा संबंधी प्रक्रियाएं अपेक्षित है)

नाबार्ड से ऋण

4.77 नाबार्ड द्वारा 2002-03 के दौरान राज्य सहकारी बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और राज्य सरकारों को दिये जानेवाले बकाया ऋण में गिरावट आयी जिसका कारण मुख्य रूप से राज्य सरकारों तथा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को दिये जानेवाले बकाया ऋणों में गिरावट के कारण आना था (सारणी IV.20)। वर्ष के दौरान राज्य सहकारी बैंकों को अधिक ऋण देते हुए इसे आंशिक रुप से समंजित किया गया। बकाया पुनर्वित्त का प्रमुख भाग अल्पावधि प्रयोजनों के लिए था। मौसमी कृषि कार्यों ने क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को मंजूर 1,409 करोड़ रुपयों की ऋण सीमा का अधिकांश भाग लिया था। नाबार्ड ने 12 राज्य सरकारों को सहकारी ऋण संस्थाओं की शेयर पूंजी में अंशदान के लिए दीर्घावधि ऋण मंजूर किये। नाबार्ड केमीयादी ऋण के अंतिम

चार्ट IV.4 : ग्राबुसुविनि कार्पस, ऋण मंजूर और वितरित मार्च 2003 के अंत में

सारणी IV.20 : राज्य सहकारी बैंकों, राज्य सरकार और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को नाबार्ड का ऋण

(करोड़ रुपये)

श्रेणी	2001-02*(जुलाई-जून)				2002-03* (जुलाई-मार्च)			
	सीमा	आहरण	चुकौतिया	बकाया	सीमा	आहरण	चुकौतिया	बकाया
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1. राज्य सहकारी बैंक								
क. अल्पावधि	7,319	9,151	9,073	4,910	7,358	5,450	5,175	5,185
ख. मध्यावधि	854	307	162	443	493	18	106	356
जोड़ (क+ख)	**8,173**	**9,459**	**9,235**	**5,353**	**7,851**	**5,468**	**5,281**	**5,540**
2. राज्य सरकारें								
दिर्घावधि	63	50	59	487	61	28	74	441
3. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक								
क. अल्पावधि	1,381	1,257	1,246	1,201	1,406	858	1,190	869
ख. मध्यावधि	16	9	16	34	3	0.3	10	24
जोड़ (क+ख)	**1,397**	**1,266**	**1,262**	**1,235**	**1,409**	**858**	**1,200**	**893**
4. सकल जोड़ (1+2+3)	**9,633**	**10,775**	**10,557**	**7,075**	**9,321**	**6,354**	**6,554**	**6,875**

* आंकड़े अनंतिम हैं
स्रोत : नाबार्ड

लाभान्वितियों को दी जानेवाली पुनर्वित्त और ऋण का ब्याज दर विन्यास वर्ष के दौरान एक ही स्थिति में बना रहा (सारणी IV.21)।

5. व्यष्टि ऋण के निर्गम

4.78 विकास और गरीबी उन्मूलन के लक्ष्य पूरा करने में अधिक उपयुक्त और व्यवहार्य विकल्प के रूप में व्यष्टि ऋण की भूमिका अब अच्छी तरह से स्वीकार कर ली गयी है। व्यष्टि वित्त में सहभागिता दृष्टिकोण के जरिये स्व-विकास की मूलभूत लोकतांत्रिक विशेषता समाविष्ट है। भारत में स्व-सहायता समूह के जरिये व्यष्टि-वित्त के प्रयोग ने पर्याप्त लोकतांत्रिक कार्यपद्धति और समूह गत्यात्मकता प्रदर्शित की है। उनकी सदस्यों की ऋण जरूरतों के निर्धारण और मूल्यांकन करने की निपुणता, उनके कारोबारी स्वरूप कार्यों और निधियों को पुनर्निवेशित अधिकांशतः, लगभग शत प्रतिशत दरों पर चुकौती के साथ करने की दक्षता ने प्रमाणित कर दिखाया है कि निर्धनों को ऋण देने के कार्य में सुधार लाने के लिए यह सर्वोत्तम विकल्प है। उनके महत्त्व को स्वीकार करते हुए रिज़र्व बैंक और नाबार्ड दोनों ही ने

सारणी IV.21 : मीयादी ऋण के लिए नाबार्ड की ब्याज दर संरचना

(प्रतिशत वार्षिक)

सीमा का आकार	अंतिम लाभान्वित को ब्याज दर			पुनर्वित्त पर ब्याज दर		
	वाणिज्यिक बैंक	क्षे.ग्रा. बैंक	राज्य स.बैंक /रासकृ ग्रा.वि.बैंक	वाणिज्यिक बैंक	क्षे.ग्रा. बैंक अनु.वा. बैंक/ रासकृ ग्रा.वि. बैंक	रासबैं / रा भु.वि बैंक
1	2	3	4	5	6	7
25000 रुपये तक *लाभानिवतियों को दी जानेवाली ब्याज दर का निर्धारण 25000 रुपयों से अधिक और 2की शर्त पर निर्धारित किये जाने हैं।				6.75	6.75	6.75
लाख रुपये तक				7.75	7.75	7.75
2 लाख रुपयों से अधिक* #				8.50	8.50	8.50

* लघु सिंचाई, भूमि विकास, शुष्क भूमि पर खेती, स्वर्णजयंती ग्राम स्वस्वयं सहायता समूह और बजट भूमि विकास के लिए 6.75 प्रतिशत
# शीत भंडारण / ग्रामीण गोदामों / खेती मशीनीकरण / कृषि कारोबार केंद्रों के लिए 7.75 प्रतिशत, कृषि निर्यात जोन के लिए 26 नवंबर 2002 को 6.75 प्रतिशत, उत्तर पूर्वी क्षेत्रों, सिक्कीम, अंदमान और निकाबार द्वीप समूह के लिए 6.75 प्रतिशत
स्रोत : नाबार्ड

स्व-सहायता समूहों को बढ़ावा देने और पुनर्वित्त सहायता समर्थन के जरिये और अन्य सकारात्मक नीतियां और प्रणालियां प्रारंभ करते हुए बैंकिंग प्रणाली से संबद्ध करने पर बल दे रहे हैं। स्व-सहायता समूहों को बैंकों के साथ ऋण संबद्धता के तीन माडल हैं; अर्थात्,

- बैंकों द्वारा बनाये गये और वित्तपोषित स्व-सहायता समूह
- बैंकों, गैर-सरकारी संगठनों से इतर अन्य औपचारिक एजेंसियों द्वारा और अन्यों द्वारा बनाये गये परंतु बैंकों द्वारा सीधे वित्तपोषित स्व-सहायता समूह
- बैंकों द्वारा गैर-सरकारी संगठनों और अन्य एजेंसियों को वित्तीय मध्यस्थों के रूप में उपयोग में लाते हुए वित्त पोषित स्व-सहायता समूह

4.79 अधिकांश व्यष्टि ऋण संस्थाओं की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में भूमिका को किये गये कुछ मामला अध्ययनों में स्पष्ट किया गया है (बॉक्स IV.4)।

व्यष्टि-वित्त की प्रगति

4.80 व्यष्टि-वित्त के कार्यक्रम ने भारत में तेज़ी से विस्तार किया है। देश भर में आधे दर्जन बैंकों के साथ लगभग 500 स्व-सहायता समूहों को संबद्ध करने की छोटी प्रायोगिक परियोजना के साथ 1002 में प्रारंभ किया गया यह कार्यक्रम 31 मार्च 2003 को इतना बढ़ गया है कि इसमें 2000 करोड़ रुपयों से अधिक के ऋण संविभाग के साथ 500 से अधिक बैंकों के 31000 ग्रामीण आउटलेट थे (सारणी IV.22)। इस कार्यक्रम से औपचारिक बैंकिंग प्रणाली 7.17 लाख स्व-सहायता समूहों के जरिये 116 लाख अत्यंत निर्धन घरेलू व्यक्तियों के घर तक बैंकिंग प्रणाली पहुंचायी जा सकी।

बॉक्स IV.4 : व्यष्टि वित्त माडल का मामला अध्ययन : स्वयं कृषि संगम और प्रथमा बैंक

स्वयं कृषि संगम (एसकेएस) और प्रथमा बैंक माडल स्व-सहायता समूह के सफल माडल के दो अच्छे उदाहरण है। जहां एसकेएस माडल बैंकों से इतर एक औपचारिक एजेंसी द्वारा बनाये गये परंतु बैंकों द्वारा सीधे वित्तपोषित स्व-सहायता समूह का द्योतक है; वहीं दूसरी ओर प्रथम माडल बैंकों द्वारा बनाये गये और वित्तपोषित स्व-सहायता समूह का नमूना है। स्व-कृषि संगम (एसकेएस) आंध्र प्रदेश में व्यष्टि वित्त अभियान की व्याप्ति की एक प्रेरक शक्ति के रूप में उभरा है। प्रथमा बैंक पहला क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक होने से उत्तर प्रदेश राज्य में इस क्षेत्र में दीर्घ प्रतिष्ठित अनुभव रखता है।

स्व सहायता समूह के लिए एक केएस और प्रथमा बैंक माडल में ग्रामीण निर्धन महिलाओं को लक्ष्य बनाया गया है जिसमें एसकेएस में विशेष रूप से सूखा प्रवण क्षेत्र पर ध्यान दिया जाता है। एस के एस कें अधीन समूह निर्माण के लिए अपनायी गयी पद्धति में अन्य बातों के साथ-साथ ये शामिल हैं : क) निर्धनता स्तरों, मुख्य आर्थिक गतिविधियों और भूमि के प्रकार के आधार पर गांवों का चयन ; और ख) जागरूकता पैदा करने के लिए परियोजना बैंठकें आयोजित करना। 5 सदस्यों के साथ एक समूह बनाया जाता है और आठ ऐसे समूह बनाये जाने पर एक संगम बनता है। दूसरी ओर प्रथमा बैंक विकास स्वयंसेवक वाहिनी की विशेषज्ञता पर निर्भर रहता है - ऐसे स्वयंसेवियों जिन्हें स्थानीय लोग पसंद करते हैं और लोगों का सद्भाव है और जो ग्रामों के लिए बैंक के औपचारिक दूत का कार्य करते हैं, का क्लब । बैंकों द्वारा विकास स्वयंसेवक वाहिनीयों की सहायता से लोगों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए ग्राम सभाएं आयोजित की जाती है।

एसकेएस और प्रथम बैंक माडल स्व सहायता समूहों के संवर्द्धन में टेक्नालॉजी और नवोन्मेष लाते है। एसकेएस खपत और आय निर्माण गतिविधियों दोनों के लिए निर्दिष्ट विभिन्न प्रकार की बचतों और ऋण प्रदान करते है और वे स्मार्ट कार्ड तथा पाम पाइलट (इलेक्ट्रानिक पासबुक) के प्रणेता रहे हैं । इसने पूर्णतः स्वचालित और समेकित आंतरिक प्रबंध सूचना प्रणाली विकसित की है जिससे उसकी सभी शाखाओं में वर्चुअल (सत्याभासी)वास्तविक समय में संविभाग क्लाइंट और स्टाफ सूचना पाना संभव है। उसने नकदी प्रबंधन की निगरानी, लक्ष्यों तथा परियोजना परिचालन विकास की तुलना में वित्तीय निष्पादन का पता लगाने क लिए माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल आधारित वित्तीय माडल विकसित किये हैं। ये नयी पहले लेनदेन की लागत कर करने, उत्पादकता बढ़ाने, भूल और धोखाधड़ी की संभावना घटाने और प्रबंधन सूचना प्रणाली की सटीकता और समयपरकता में सुधार में सहायक सिद्ध हुए हैं।

प्रथमा बैंक ने भी कई पहलें की हैं यथा एक केवल महिला विकास कक्ष, व्यष्टि ऋण नवोन्मेष कक्ष स्थापित करना, स्व सहायता समूह सदस्यों के प्रशिक्षण के लिए ग्रामीण उद्यमता विकास कार्यक्रम शुरू करना, हर गांव में एक स्व सहायता समूह प्राथमिक स्कूल प्रारंभ करना, प्रथमा स्वच्छता सैनिटेशन योजना और गैस (एलपीजी) कनेक्शन योजना जैसी नवीन योजनाएं चालू करना।

अल्प समय में इन दोनों ने बेहतर दायरा और व्याप्ति दर्ज किया है। जून 2003 के अंत में एसकेएस के दायरे और नेटवर्क में 524 ग्राम कें द्रो में 17,058 ग्राहकों को सेवा प्रदान करते हुए 7 शाखाएं बना लीं । राजकोषीय वर्ष 2003 के अंत में 4.9 करोड़ रुपयों के बकाया ऋण संविभाग और 36 लाख रुपयों के बचत संविभाग के साथ उसने 99 प्रतिशत की चुकौती दर बनाये रखते हुए वार्षिक लक्ष्य प्राप्त किया हैं। उसके 85 प्रतिशत से अधिक ग्राहक समाज के उपक्षित सदस्य हैं। वर्ष 1999 में 0.02 करोड़ रुपये के कुल बकाया ऋण चार वर्षों के भीतर बढ़कर 2002-03 में 5.12 करोड़ रुपये हो गये हैं। प्रथमा बैंक के मामले में मार्च 2003 के अंत में 65,000 सदस्यों के साथ 4500 स्व सहायता समूह 12.6 करोड़ रुपये की राशि के साथ ऋण संबद्ध समूह के रूप में थे जो डेरी, खुदरा दुकान, जरी कार्य और अन्य संबद्ध गतिविधियों सहित विभिन्न आय अर्जित करनेवाली गतिविधियों के लिए वितरित की गयी थी।

हालांकि, हाल के वर्षों में 100 रुपये के बकाया ऋण प्रबंधन का प्रशासन व्यय दोनों ही मामलों में कम हो गया था फिर भी समीक्षाधीन मामला अध्ययनयुक्त लागत लाभ विश्लेषण में विभिन्न (डाइवर्जेंट) प्रवृत्तियों का पता चलता है। जहां एसकेएस के मामले में 100 रुपये के बकाया ऋण पर ब्याज अर्जन बढ़ा था, तथापि, वह प्रथमा बैंक के मामले में कम हो गया था। साथ ही, आय व्यय के बीच अंतर एसकेएस के मामले में व्यापक हो गया, वहीं प्रथमा बैंक ने इन वर्षों में निरंतर रूप से अधिशेष आय दर्ज की। जहां एसकेएस विदेशी दानराशियों पर निर्भर रहता है वहीं प्रथमा बैंक की उधारों के रूप में बाहरी एजेंसियों पर निर्भरता काफी न्यून थी।

सारणी IV.22 : स्व-सहायता समूह बैंक संबद्धता : संचयी प्रगति

(राशि करोड़ रुपयों में)

31 मार्च को	वित्तपोषित स्व स समूहों की संख्या	संवितरित बैंक ऋण
1	2	3
1999	32,995	57.07
2000	1,14,775	192.98
2001	2,63,825	480.87
2002	4,61,478	1,026.34
2003	7,17,360	2,048.67

स्रोतः नाबार्ड

4.81 वर्ष के दौरान स्व-सहायता समूहों की संख्या में हुई उल्लेखनीय वृद्धि 504 बैंकों, 2800 गैर-सरकारी संगठनों और विभिन्न राज्य सरकारों के विकास विभागों सहित अन्य कई एजेंसियों के सक्रिय योगदान से संभव हो पायी है। ऋण संबद्धता कार्यक्रम में 30 राज्यों और संघशासित क्षेत्रों के 523 जिले शामिल थे। उल्लेखनीय बात थी- कार्यक्रम में महिलाओं की सहभागिता जो कुल स्व-सहायता समूहों का 90 प्रतिशत थी और स्व-सहायता समूहों का चुकौती निष्पादन 95 प्रतिशत से अधिक था।

4.82 नाबार्ड गैर-सरकारी संगठनों को संवर्द्धनात्मक अनुदान समर्थन तथा अच्छी गुणवत्तावाले स्व-सहायता समूह बनाने तथा उसके संवर्द्धन के लिए विभिन्न सहभागियों में अपार क्षमता निर्माण विकसित करने दोनों ही में उत्प्रेरक की भूमिका निभाता रहा है। स्व-सहायता समूहों के संवर्द्धन और संबद्धता के लिए मंजूर संचयी अनुदान समर्थन राशि 31 मार्च 2003 को कुल 10.4 करोड़ रुपये थी जिसमें 564 गैर सरकारी संगठन और 78011 स्वयं-सहायता समूह शामिल थे। तथापि, जारी अनुदान की 4.5 करोड़ रुपयों की राशि स्वीकृत अनुदान की 43.2 प्रतिशत थी, जिसके परिणामस्वरूप 51945 स्व-सहायता समूहों का संवर्द्धन हुआ जिसमें से 26,229 स्व-सहायता समूह ऋण संबद्धतावाले थे। नाबार्ड कृषक क्लबों और स्वतंत्र स्वयंसेवकों को स्व-सहायता संवर्द्धक संस्थाओं के रूप में काम करने के लिए भी समर्थन देता रहा है। वह गैर-सरकारी संगठनों को आवर्ती निधि भी उपलब्ध कराता है।

4.83 इस प्रकार, व्यष्टि-वित्त कार्यक्रम ने व्याप्ति और सीमा दोनों ही संदर्भों में उल्लेखनीय प्रगति की है। तथापि, ऐसे कुछ चिंता के विषय हैं जिन पर ध्यान दिया जाना चाहिए।

- स्व-सहायता समूह आंदोलन में निर्धन परिवारों की व्याप्ति में अभी गति प्राप्त होनी बाकी है। 31 मार्च 2003 तक 520 लाख निर्धन परिवारों (260 मिलियन निर्धन) में से 11.6 मिलियन परिवारों (58 मिलियन निर्धनों) या निर्धन परिवारों का 22.3 प्रतिशत को इसमें शामिल किया गया।
- चिंता का अन्य प्रमुख क्षेत्र व्यष्टि-वित्त का असमान विकास है। 31 मार्च 2003 को कुल स्व-सहायता समूहों संबद्ध ऋण में से आंध्र प्रदेश का अंश 39 प्रतिशत था, इसके बाद तमिलनाडु, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश का स्थान था। कुल स्व-सहायता समूह संबद्ध ऋण का 69 प्रतिशत अंश इन चार राज्यों का था और यह 31 मार्च 2003 को बैंक ऋण का चार बटा पांच भाग था (चार्ट IV.5)।

चार्ट IV.5: 31 मार्च 2003 को संबद्ध स्व-सहायता समूहों की संचर्या संख्या में राज्यों का अंश



अध्याय V

वित्तीय संस्थाएं

5.1 सतत वित्तीय सुधारों और उभरती स्पर्धी वित्तीय प्रणाली के परिप्रेक्ष्य में वित्तीय संस्थाएं महत्त्वपूर्ण परिवर्तन की प्रक्रिया में है। वित्तीय संस्थाएं तब स्थापित की गई थीं जब पूँजी बाजार अपेक्षाकृत अल्पविकसित थे और अर्थव्यवस्था की दीर्घावधि वित्तीय आवश्यकताओं को पर्याप्त रूप से पूरा करने में सक्षम नहीं थे। दीर्घावधि निधियों के लिए बाजारों को विस्तृत और गहन करने के साथ वित्तीय संस्थाओं से कम दरों पर ऋण देना और जारी रखने का औचित्य बहुत अधिक कमजोर हो गया है क्योंकि सरकार द्वारा रियायती वित्त को जारी रखना ना तो वहनीय और न ही वांछनीय लगता है। यह वित्तीय क्षेत्र के सुधारों के अनुरूप है तथा इसमें दक्षता और स्थिरता के निर्धारण पर जोर दिया गया है। वित्तीय संस्थाओं के लिए वित्त के रियायती स्रोत को समाप्त किए जाने और वित्तीय संस्थाओं तथा बैंकों के बीच अंतर क्षीण होने से वित्तीय संस्थाओं को न केवल बाजार आधारित दरों पर संसाधन जुटाने होंगे, बल्कि आस्ति तथा देयता दोनों पक्ष पर एक स्पर्धात्मक परिवेश से जूझना होगा। इसके अलावा, हाल के वर्षों में वित्तीय प्रणाली में संरचनात्मक परिवर्तन तथा औद्योगिक मंदी ने वित्तीय संस्थाओं के व्यापार तथा लाभप्रदता की मात्रा पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है। इस परिवर्तित वातावरण को देखते हुए वित्तीय संस्थाएं ग्राहकों,गतिविधियों तथा उत्पादों के संदर्भ में अपने व्यापार (कारोबार) को व्यवस्थित करने तथा उसमें विविधता लाने करने की प्रक्रिया में हैं।

5.2 भारत में वित्तीय संस्था के क्षेत्र में मीयादी उधारदात्री संस्थाएं निवेश संस्थाएं, विशेषीकृत वित्तीय संस्थाएं तथा पुनर्वित्त संस्थाएं जैसी विभिन्न प्रकार की संस्थाएं आती हैं। इनमें से नौ वित्तीय संस्थाएं अर्थात भारतीय औद्योगिक विकास बैंक (आइडीबीआइ), आइएफसीआइ लि., भारतीय औद्योगिक निवेश बैंक (आइआइबीआइ), भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी), भारतीय निर्यात-आयात बैंक (एक्ज़िम बैंक), भारतीय पर्यटन वित्त निगम लि. (टीएफसीआइ), बुनियादी सुविधा विकास वित्त कंपनी लि. (आइडीएफसी), राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) और राष्ट्रीय आवास बैंक (एनएचबी), रिज़र्व बैंक के विनियामक और पर्यवेक्षण संबंधी अधिकार क्षेत्र में आते हैं (चार्ट V.1)। अतः इस अध्याय में वित्तीय संस्थाओं की नीतिगत गतिविधियों तथा निष्पादन की समीक्षा में मुख्यतः उपर्युक्त नौ वित्तीय संस्थाओं पर ध्यान दिया गया है। जहाँ कहीं भी आवश्यक हुआ है अन्य वित्तीय संस्थाओं का भी विशेष उल्लेख किया गया है।

5.3 1996-2000 के दौरान वित्तीय संस्थाओं[1] द्वारा स्वीकृत तथा संवितरित वित्तीय सहायता की बढ़ती हुई प्रवृत्ति के विपरीत 2001-2002 के दौरान दर्ज की गयी तीव्र गिरावट कमी वर्ष 2002-03 में जारी रहीं। नयी परियोजनाओं के लिए मांग की कमी, औद्योगिक उत्पादों के लिए बढ़ी मांग को पूरा करने के लिए उपयोग न की गयी क्षमताओं

चार्ट V.1 : वित्तीय संस्थाओं का विनियामक ढाँचा



[1] अखिल भारतीय विकास बैंक, विशेषीकृत वित्तीय संस्थाएं, निवेश संस्थाएं और राज्य स्तरीय वित्तीय संस्थाएं शामिल है । शामिल वित्तीय संस्थांओं के नामों के लिए परिशिष्ट सारणी V.1 देखें।

के वास्तविक समापन, वाणिज्यिक बैंकों द्वारा प्रदत्त न्यून (कम) दरों से स्पर्धा, परियोजनाओं के कार्यान्वयन में विलंब आदि सभी ने चुनिंदा अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं द्वारा स्वीकृत और संवितरित वित्तीय सहायता में पर्याप्त गिरावट में योगदान दिया। तथापि, 30 मार्च 2002 को आइसीआइसीआइ का आइसीआइसीआइ बैंक में विलय के कारण भी आंशिक गिरावट आयी । इसके अलावा, सेवा क्षेत्र की वृद्धि में हाल की तेजी परियोजना वित्त के लिए समतुल्य मांग उत्पन्न नहीं कर सकी क्योंकि कई सेवा उद्योग मानव पूंजी बहुल तथा उन्हें सीमित दीर्घावधि वित्त की आवश्यकता होती है।

5.4 2002-2003 के दौरान समूह के रूप में वित्तीय संस्थाओं के वित्तीय निष्पादन ने पिछले वर्षों की तुलना में और अधिक गिरावट दर्शायी है। ऐसा कीमत लागत अंतर और ब्याजेतर आय में कमी तथा आइएफसीआई, आइआइबीआइ की संचित होती हुई उच्च गैर-निष्पादक आस्तियों (एनपीए) और उनसे संबंधित प्रावधानीकरण के फलस्वरूप उनकी कम होती हुई लाभप्रदता एवं पूंजी में ह्रास के साथ-साथ अन्य व्ययों में वृद्धि के कारण हुआ। तथापि, यदि इन दो संस्थानों को शामिल न किया जाये तो सभी वित्तीय संस्थाओं ने धनात्मक परिचालनीय तथा निवल लाभ पिछले वर्ष की तरह दर्ज किये हैं। कई वित्तीय संस्थानों में गैर-निष्पादक आस्तियों में वृद्धि आर्थिक सुधार की धीमी गति और क्षेत्रीय अवरोधों के कारण हुई।

2. वित्तीय संस्थाओं के लिए नीतिगत पहलें

5.5 हाल के वर्षों में चुनिंदा अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं के लिए रिज़र्व बैंक की नीतिगत पहलों का प्रमुख जोर उनकी स्थिरता तथा कार्यक्षमता बढ़ाने के दोहरे उद्देश्यों पर रहा है। इसप्रकार वित्तीय संस्थाओं के विवेकपूर्ण विनियामक और पर्यवेक्षी ढाँचों को सुदृढ़ करने तथा लेखांकन और लेखा-परीक्षण के मानकों में सुधार करने, पारदर्शिता बढ़ाने और उनकी प्रौद्योगिकीय बुनियादी सुविधा का विकास करने तथा साथ ही उनके परिचालनों में लचीलापन लाने पर जोर दिया गया।

विवेकसम्मत मानदण्ड

पूँजी पर्याप्तता

5.6 20 फरवरी 2002 से वित्तीय संस्थाओं को उधार देनेवाली अन्य संस्थाओं के पक्ष में बुनियादी सुविधा परियोजनाओं के संबंध में गारंटियाँ देने के लिए अनुमति दी गई थी बशर्ते गारंटी जारी करनेवाला बैंक बुनियादी सुविधा परियोजना में परियोजना लागत का कम से कम 5 प्रतिशत तक निधीयित हिस्सा ले और परियोजना का सामान्य ऋण मूल्यांकन, निगरानी और अनुवर्ती कार्रवाई करे। इस परिप्रेक्ष्य में किसी वित्तीय संस्था द्वारा पूँजी में वित्तीय संस्था की जोखिम भारित आस्ति की तुलना में पूंजी के अनुपात के अभिकलन के लिए पूंजी में किसी बैंक की गारंटी पर ऋण प्रदान करने के प्रयोजन से जोखिम भार 8 अगस्त 2002 को निर्धारित किया गया। तदनुसार, 20 प्रतिशत का जोखिम भार ऋण के उस भाग पर लगाया जायेगा जिसपर बैंक की गारंटी प्राप्त है और ऋण की शेष राशि पर 100 प्रतिशत जोखिम भार होगा। अंतर्राष्ट्रीय संव्यवहार के अनुरूप वित्तीय संस्थाओं द्वारा व्यक्तियों को रिहायशी आवास संपत्तियों के बंधक पर दिये जानेवाले आवास ऋण 31 अगस्त 2002 से संशोधित किये गये। सारणी V.1 में ब्यौरों को प्रस्तुत किया गया है ।

सारणी V.1 : बैंक गारंटी पर आवास ऋण, बंधक समर्थित प्रतिभूतियों और ऋणों के लिए जोखिम भार

(प्रतिशत)

	श्रेणियाँ	पुराना जोखिम भार	31 अगस्त 2002 से नया जोखिम भार
	1	2	3
1.	रिहायशी आवास संपत्तियों के बंधक पर व्यक्तियों को आवास ऋण	100	50
2.	वाणिज्यिक भू संपदा (रीयल इस्टेट) की जमानत पर ऋण	100	100
3.	अपने स्व कर्मचारियों को ऋण #	20	20
4.	बैंक गारंटी के बिना दिए गए अन्य ऋण	लागू नहीं	100
5.	बंधक समर्थित प्रतिभूतियों (एमबीएस) में वित्तीय संस्थाओं द्वारा निवेश	लागू नहीं	50 (+ बाजार जोखिम के लिए दो प्रतिशत) @
6.	यदि आस्तियां वाणिज्यिक संपत्तियों सहित बंधक समर्थित प्रतिभूतियां अंतःवर्ती हो	100	100
7.	बैंक गारंटी पर ऋण (बुनियादी सुविधा परियोजनाओं के लिए)	लागू नहीं	20

: केवल वे जो अधिवर्षिता लाभों तथा फ्लैटों/मकान के बंधक द्वारा पूर्णतः रक्षित है।

@ : बशर्ते बंधक समर्थित प्रतिभूति की अंतःवर्ती आस्तियाँ आवास वित्त कंपनियों की रिहायशी ऋण आस्तियाँ हों जिन्हें राष्ट्रीय आवास बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त हो और जो पर्यवेक्षित हो और कतिपय शर्तों को पूरा करते हो।

कार्यान्वयन के अधीन परियोजनाओं के संबंध में आस्ति वर्गीकरण

5.7 यह सुनिश्चित करने के लिए कि कार्यान्वयन के अधीन परियोजनाओं से संबंधित ऋण आस्तियाँ उचित रूप से मूल्यांकित हैं, उन्हें उनकी परियोजना लागत और उनकी वित्तीय प्रतिबद्धता की तिथि के आधार पर निम्नलिखित तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया, अर्थात्

क) परियोजनाएँ जहाँ वित्तीय प्रतिबद्धता प्राप्त की गयी है और जिनका औपचारिक रूप से प्रलेखीकरण किया गया (श्रेणी-I);

(ख) 100 करोड़ रुपये या उससे अधिक की मूल परियोजना लागत की परियोजनाएं और जिनकी वित्तीय प्रतिबद्धता की तिथि औपचारिक रूप से प्रलेखीकृत नहीं हुई है (श्रेणी II); और

(ग) 100 करोड़ रुपये से कम की लागतवाली मूल परियोजनाएं और जिनकी वित्तीय प्रतिबद्धता की तिथि औपचारिक रूप से प्रलेखीकृत नहीं हुई है (श्रेणी III)।

5.8 तदनुसार श्रेणी I के मामले में, मूल वित्तीय प्रतिबद्धता के समय पर विचार किये गये अनुसार दो वर्षों की समयावधि परियोजना के पूर्ण होने की तिथि से गिनी जायेगी और आस्तियाँ 2 वर्षों से अनधिक अवधि मात्र के लिए मानक के रूप में समझी जायेगी। श्रेणी II के अंतर्गत आनेवाली परियोजनाओं का आस्ति वर्गीकरण ऐसी परियोजनाओं के पूरा होने की निर्धारित तिथि के संदर्भ में निर्धारित करना अपेक्षित है, जो ऋणदात्री संस्थाओं के साथ-साथ बाहरी विशेषज्ञों के एक स्वतंत्र समूह द्वारा तय की जाएगी । ऐसे मामलों में आस्तियों को परियोजना पूरी होने की निर्धारित तिथि से दो वर्षों से अनधिक अवधि के लिए मानक रूप में माना जाये। श्रेणी III के मामले में वाणिज्यिक उत्पादन शुरू होने की तिथि मूलतः विचार किये गये अनुसार परियोजना के पूर्ण होने के बाद ठीक दो वर्षों मानी जाएगी तथा ऐसे मामलों में आस्तियाँ दो वर्षों की अवधि के लिए ही मानक के रूप में मानी जाये। वित्तीय संस्थाओं को यह निदेश दिया गया कि विवेक सम्मत उपाय के रूप में ऐसे लेखों के संबंध में वित्तीय संस्थाओं द्वारा धारित प्रावधानों को ऐसे मामले में भी नहीं पलटना चाहिए जहाँ कतिपय लेखे 'मानक' श्रेणी के लिए उन्नयन हेतु पात्र हो सकते हैं।

पुरानी गैर-निष्पादक आस्तियों का समझौता के जरिए निपटान

5.9 वित्तीय संस्थाओं को पुरानी गैर-निष्पादक आस्तियों के समझौता निपटान के लिए संशोधित दिशानिदेश, जो पहले सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिए जारी किये गये थे, लागू करने के लिए सूचित किया था । ये दिशानिदेश निर्धारित समय के भीतर गैर-निष्पादक आस्तियों के स्टाक से बकाया की अधिकतम वसूली के लिए एक सरल, अविवेकपूर्ण और भेदभावरहित व्यवस्था उपलब्ध करायेंगे। संशोधित दिशानिदेशों में लघु उद्योग क्षेत्र सहित सभी क्षेत्रों से संबंधित गैर-निष्पादक आस्तियां (10 करोड़ रुपये तक) शामिल होंगी। तथापि, दिशानिदेशों में जानबूझकर जी गई चूक, धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार के मामलें से संबंधित दिशा निदेश शामिल नहीं होंगे। वित्तीय संस्थाओं को जानबूझकर की गई चूक, धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार के मामलों को पहचानना चाहिए और उस पर त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए। संशोधित एकबारगी निपटान के अंतर्गत आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2003 से बढ़ाकर 30 सितम्बर 2003 कर दी गई और आवेदनों पर कार्रवाई पूर्ण होने की तिथि भी 31 अक्तूबर 2003 से बढ़ाकर 31 दिसम्बर 2003 कर दी गई।

निवेश

5.10 कुछेक वित्तीय संस्थाओं द्वारा दिये गये कतिपय सुझावों तथा प्रश्नों के मद्देनजर रिज़र्व बैंक ने निवेशों से संबंधित अनेक मामलों पर जुलाई 2002 में और अधिक स्पष्टीकरण/आशोधन जारी किये (बाक्स V.1)।

निवेश जोखिम मानदण्ड

5.11 निवेश जोखिम मानदण्डों के प्रयोजनार्थ बुनियादी सुविधा परियोजनाओं संबंधी बैंकों द्वारा गारंटीकृत वित्तीय संस्थाओं के ऋण आगे दिये गये अनुसार करने जाएंगे - वित्तीय संस्थाओं का संपूर्ण ऋण उधार लेनेवाली संस्था पर एक निवेश जोखिम के रूप में माना जायेगा न कि ऋण की गारंटी देनेवाले बैंक पर यह ऋण सकेंद्रण की मात्रा को उचित रूप से प्रतिबिंबित करेगा। यदि निधीयन सुविधा एक मीयादी ऋण के रूप में है तो निवेश जोखिम का स्तर विद्यमान मानदण्डों के अनुसार निर्धारित किया जाना चाहिए, अर्थात

- संवितरण की शुरुआत के पहले स्वीकृत सीमा अथवा उस सीमा तक जहाँ तक कि वित्तीय संस्था ने करार के अनुसार उधार लेनेवाली संस्था के साथ वचनबद्धता दी हो, जो भी मामला हो, और
- संवितरण की शुरुआत होने के पश्चात बकाया और अवितरित अथवा अनाहरित कुल राशि की वचनबद्धता।

5.12 बंधक समर्थित प्रतिभूतियों में वित्तीय संस्थाओं के निवेश आवास ऋण देनेवाली आवास वित्त कंपनी पर प्रतिभूतिकृत थे निवेश जोखिम में नहीं आयेंगे। किन्तु ये आस्तियों के बंधकों/ऐसी प्रतिभूतियों के विचाराधीन बाध्यताधारियों के लिए स्थापित होंगे। अतः निवेश

बाक्स V.1 : वित्तीय संस्थाओं के लिए निवेश मानदण्ड*

क्र.	मद	मानदण्ड
1.	धारिता अवधि	• 'परिपक्वता तक धारित' (एचटीएम) निवेशों के लिए परिपक्वता तक • 'बिक्री के लिए उपलब्ध' निवेश (एएफएस) हेतु निर्धारित अवधि नहीं। • व्यापार हेतु (एचएफटी) धारित निवेशों के लिए धारित अवधि 90 दिनों से अधिक नहीं।
2	राशि	• एचटीएम में शामिल निवेश बैंक के कुल निवेश के 25 प्रतिशत से अधिक नहीं होने चाहिए। • एएफएस तथा एचएफटी के लिए धारिता की सीमा के बारे में निर्णय लेने की स्वतंत्रता
3.	पात्र लिखत	• एचटीएम श्रेणी के अंतर्गत केवल निर्धारित आयवाली प्रतिभूतियों को वर्गीकृत किया जाना चाहिए। तथापि, अग्रिम के रूप में संयुक्त उद्यमों और अनुषंगी संस्थाओं के अधिमान शेयरों, इक्विटी, बाण्डों/ डिबेंचरों के संबंध में कतिपय अपवादों की अनुमति हैं। • एएफएस और एचएफटी में रखे जानेवाले निवेशों की मात्रा और स्वरूप के बारे में निर्णय लेने के लिए वित्तीय संस्थाएं स्वतंत्र है।
4.	मूल्यन की विधि	• एचटीएम : बाजार मूल्य को बही में अंकित करना (प्रतिभूतियों का दैनिक मूल्य) आवश्यक नहीं है। • उन मामलों में जब तक कि अभिग्रहण लागत अंकित मूल्य से अधिक है, अभिग्रहण लागत पर जहाँ प्रीमियम का परिशोधन परिपक्वता के लिए शेष अवधि में किया जाना है। • एएफएस : बाजार मूल्य को बही में अंकित करना - वार्षिकी अथवा प्रायः बारंबार । प्रत्येक वर्गीकरण में निवल मूल्यवृद्धि पर ध्यान नहीं देना होगा, निवल मूल्यह्रास के लिए प्रावधान किया जाना है। • एचएफटी : बाजार मूल्य को बही में अंकित करना - मासिक या प्रायः बारंबार । निवल मूल्यवृद्धि और मूल्यह्रास आय खाते में ले जायी जा सकती है।
5.	विशिष्ट लिखतों का मूल्यांकन	• मूल्यांकन के प्रयोजन हेतु बाजार मूल्य । एएफएस तथा एचएफटी श्रेणियों में निवेश विभिन्न स्रोतों जैसे स्टाक एक्सचेंज, भारतीय प्राथमिक व्यापारी संघ (पीडीएआइ), निर्धारित आय मुद्रा बाजार तथा व्युत्पन्नी संघ (एफआइएमएमडीए) आदि से उपलब्ध प्रकार से प्रतिभूतियों का बाजार मूल्य होगा। निम्नलिखित अनुद्धृत प्रतिभूतियों के संबंध में क्रियाविधि इस प्रकार है :
	क) केंद्र सरकार की प्रतिभूतियाँ	• वाईटी एम दरें पीडीएआई/एफआईएमएमडीए द्वारा प्रारंभ की गईं। • रख-रखाव लागत पर खजाना बिल
	ख) राज्य सरकार की प्रतिभूतियाँ	• समान परिपक्वता केन्द्रीय सरकार की प्रतिभूतियाँ को वाईटीएम से अधिक 50 आधार बिन्दुओं पर पीडीएआई/ एफआईएमएमडीए द्वारा प्रारंभ किया गया।
	ग) अन्य अनुमोदित प्रतिभूतिया।	• समान परिपक्वतावाली केन्द्रीय सरकार की प्रतिभूतियों को आय से 50 आधार बिन्दु अधिक पर पीडीएआई/ एफआईएमएमडीए द्वारा प्रारंभ किया गया।
	घ) डिबेंचर/ बाण्ड	• सभी डिबेंचरों/बॉण्डस, जो अग्रिम की प्रकृति से अलग है, का वाईटीएम आधार पर मूल्यांकन किया जाए। ऐसे डिबेंचर विभिन्न क्रम- निर्धारणवाली विभिन्न कंपनियों के हो सकते हैं। इन्हें केन्द्रीय सरकार की प्रतिभूतियों के लिए वाईटीएम दरों से ऊपर समुचित सीमांकन के साथ मूल्यांकित किया जाएगा। जैसा कि सावधिक रुप से पीडीएआई/एफआईएमएमडीए द्वारा किया जाता है। क्रम निर्धारण एजेंसियों द्वारा डिबेंचरों/बॉण्डों के दिए गए क्रम-निर्धारण के अनुसार ही इस सीमांकन को श्रेणीबद्ध किया जाएगा। बकाए राशि के बकाए के साथ क्रम-निर्धारण रहित/ उद्धृत लिखतें भी उल्लिखित तरीके से मूल्यांकन की जानी हैं।
	ङ) अधिमान शेयर	• अधिमान शेयरों का मूल्यांकन वायटीएम आधार पर होगा। इनका मूल्य पीडीएआइ/एफआइएमएमडीए द्वारा आवधिक रूप से प्रस्तुत केंद्र सरकार के लिए वायटीएम से अधिक उचित कीमत लागत अंतर पर (श्रेणी निर्धारित एजेन्सियों द्वारा दी गई रेटिंग के अनुसार) निर्दिष्ट शर्तों के अधीन निर्धारित किया जाएगा।

	च) इक्विटी शेयर	• परियोजना वित्त के रूप में इक्विटी शेयर में निवेश को अनिवार्य रूप से एएफएस श्रेणी में रखा जाना चाहिए। ऐसी इक्विटी का मूल्य निर्गमकर्ता कंपनी के बकाया ऋणों और तदनुसार बनाई गई इक्विटी के लिए लागू प्रावधान के आस्ति वर्गीकरण को सांकेतिक रूप में आगे बढ़ाकर किया जायेगा। यदि उक्त ऋण मानक श्रेणी में हैं तो उनके लिए लागू मानक ऋण आस्तियों के प्रावधान इक्विटी में मूल्यह्रास के लिए लागू करने होगें किंतु यदि ये ऋण संदिग्ध श्रेणी में है तो धारित इक्विटी बेजामानती सुविधा मानी जाएगी और उसके नियमानुसार प्रावधान किया जाएगा।
		- इक्विटी शेयरों में अन्य निवेशों को इस तरह मूल्यांकित किया जाना चाहिए।
		  • बाजार मूल्य, यदि उदधृत है
		  • अलग-अलग मूल्य यदि उदधृत नही किया गया है।
		  • रुपया 1 प्रति कंपनी, यदि तुलन पत्र उपलब्ध नहीं है।
		- रिजर्व बैंक द्वारा यथा पारिभाषित कम व्यापारवाले शेयरों का मूल्यांकन निर्दिष्ट तरीके से किया जाना चाहिए।

	छ) पारस्परिक निधि की इकाइयाँ	उदधृत पारस्परिक निधि में निवेश का मूल्यांकन स्टाक एक्सचेंज भाव-सूचियों के अनुसार होना चाहिए। गैर-उदधृत पारस्परिक निधि इकाइयों में किये निवेशों का मूल्यांकन प्रत्येक विशिष्ट योजना के संबंध में पारस्परिक निधि द्वारा घोषित नवीनतम पुनर्खरीद मूल्य के आधार पर होगा। निश्चित अवरुद्धता अवधि के साथ निधियों के मामले में जहाँ पुनर्खरीद मूल्य/बाजार भाव उपलब्ध नही है, इकाइयों का निवल आस्ति मूल्य (एनएपी) पर मूल्य निर्धारित किया जाएगा। यदि एनएवी उपलब्ध नहीं है तो इनका निश्चित अवरुद्धता अवधि तक लागत पर मूल्य निर्धारित किया जाएगा।
	ज) वाणिज्यिक पत्र	वाणिज्यिक पत्र का मूल्य रख-रखाव लागत पर निर्धारित किया जाना चाहिए।

* वित्तीय संस्थाओं के संपूर्ण निवेश संविभाग (सांविधिक चलनिधि अनुपात प्रतिभूतियाँ, और गैर-सांविधिक चलनिधि अनुपात प्रतिभूतियाँ सहित) को तीन श्रेणियों में अर्थात् 'परिपक्वता के लिए धारित', 'बिक्री कि लिए उपलब्ध' तथा 'व्यापार के लिए धारित' के अधीन वर्गीकृत किया जाना चाहिए।

करनेवाली संस्था को किसी विशिष्ट उद्योग/क्षेत्र, संस्था या भौगोलिक क्षेत्र में निवेश के संकेन्द्रण के बारे में चौकसी बरतनी चाहिए। अन्तःवर्ती अनुग्राहकों की बडी तादाद के मामले में क्षेत्र के सामने निवेश जोखिम समझा जाये। जिसे आस्तियों के समूह संबंधित है। इसप्रकार निवेश जोखिम को उद्योग या क्षेत्र के संदर्भ में मापने की आवश्यकता है जिससे सुरक्षावास्तव में संबंधित है।

5.13 ऋण जोखिम से संबंधित मानदण्ड आशोधित किये गये और गैर-निधि आधारित निवेश जोखिम अब वर्तमान 50 प्रतिशत की सीमा के बजाए 100 प्रतिशत मूल पर गिनी जायेगी। विदेशी मुद्रा में वायदा संविदओं और मुद्रा स्वैप्श अथवा आप्शंस जैसे अन्य विदेशी मुद्रा व्युत्पन्नी के संबंध में निवेश जोखिम निश्चित करने के इन्हें व्यक्तिगत/समूह उधारकर्ता निवेश जोखिम तय करने में प्रतिस्थापन लागत में शामिल किया जाना चाहिए। रिज़र्व बैंक ने वित्तीय संस्थाओं को व्युत्पन्नियों के प्रतिस्थापन लागत अर्थात मूल निवेश जोखिम पद्धति और चालू निवेश जोखिम पद्धति प्राप्त करने के लिए दो प्रणालियों का सुझाव दिया, वित्तीय संस्थाओं को चालू निवेश जोखिम पद्धति के अंतर्गत कम से कम मासिक आधार पर व्युत्पन्नी उत्पादों के बाजार मूल्य को बही में अंकित करना आवश्यक है और वे व्युत्पन्नी उत्पादों को बाजार मूल्य को बही में अंकित करना तय करने के लिए अपने आंतरिक पद्धतियों का अनुपालन करें। तथापि, वित्तीय संस्थाओं को संभावित एकल मुद्रा जारी करना / अस्थायी ब्याज दर स्वैप्श का अभिकलन करना आवश्यक नहीं होगा। इन संविदाओं पर निवेश जोखिम उनके बाजार मूल्य को बही में अंकित करने के आधार पर मात्र मूल्यांकित होगी। वित्तीय संस्थाओं को 1 अप्रैल 2003 से चालू निवेश जोखिम पद्धति का अनुसरण के लिए प्रोत्साहित किया गया है जो व्यक्तिगत/समूह उधारकर्ता ऋण जोखिम तय करने के लिए किसी व्युत्पन्नी उत्पाद में निवेश जोखिम नापने की सही पद्धति है। यदि कोई वित्तीय संस्था चालू ऋण जोखिम पद्धति अपनाने की स्थिति में नहीं है तो मूल निवेश जोखिम पद्धति का अनुसरण कर सकते है। तथापि समयानुसार चालू निवेश जोखिम पद्धति अपनाने का प्रयास करना चाहिए।

3. पर्यवेक्षण और लेखा परीक्षा

समेकित लेखांकन और समेकित पर्यवेक्षण

5.14 वित्तीय मध्यस्थों के समेकित पर्यवेक्षण को जटिल समूह संरचनाओं के आविर्भाव के कारण भारतीय संदर्भ में एक विशेष महत्त्व प्राप्त हो गया है। समेकित पर्यवेक्षण का मुख्य उद्देश्य है सभी जोखिमों (जो संबंधित संस्थाओं के परिचालनों से उत्पन्न जोखिम सहित) जो समूह में पर्यवेक्षी संस्था को प्रभावित कर सकते है, को ध्यान में रखते हुए किसी संस्था समूह की शक्ति का मूल्यांकन करना है। ये जोखिम पर्यवेक्षित संस्था या इससे संबद्ध संस्थाओं के बहियों में प्रविष्ट किए अथवा नहीं - इस पर ध्यान नहीं देना है। पूर्व में बड़े और स्थापित अन्तर्राष्ट्रीय बैंकों की उनके अनुषंगियों कंपनिया के परिचालनों के कारण विफलताएं ऐसे जोखिमों के महत्त्व को स्पष्ट करती है। इस पृष्ठभूमि पर रिज़र्व बैंक ने समेकित पर्यवेक्षण सुकर बनाने के लिए लेखांकन और अन्य मात्रात्मक पद्धतियों पर एक कई संकायों वाले कार्यकारी दल (अध्यक्ष : श्री विपीन मलिक) का गठन किया जिसने अपनी सिफारिशे दिसम्बर 2001 में प्रस्तुत की। प्रारूप दिशा-निदेश कार्यकारी दल की सिफारिशों के आधार पर और अखिल भारतीय चुनिंदा वित्तीय संस्थाओं के लिए उचित आशोधनों के साथ जारी किये गये। चूँकि उचित प्रबंधन सूचना प्रणाली (एमआइएल) की उपलब्धता समेकित पर्यवेक्षण की पूर्व शर्त है इसलिए वित्तीय संस्थाओं को डेटाबेस के विकास में सक्षम बनाने के उद्देशार्थ एमआइएस की अपेक्षाओं के निर्माण के लिए सूचित किया गया।

5.15 वित्तीय संस्थाओं से प्राप्त प्रतिसूचना के आलोक में रिज़र्व बैंक ने वर्ष 2003-04 में कार्यान्वयन करने के लिए 1 अगस्त 2003 को अंतिम दिशा-निदेश जारी किया। वित्तीय संस्थाओं के समेकित पर्यवेक्षण के लिए पर्यवेक्षी ढाँचा में निम्नलिखित तीन घटक सम्मिलित है अर्थात (क) समेकित वित्तीय विवरण, (ख) समेकित विवेकसंगत विवरणियाँ और (ग) पूँजी पर्याप्तता जैसे विवेकसम्मत विनियमन का अनुप्रयोग, समूह-व्याप्त आधार पर बड़ा निवेश जोखिम और चलनिधि अंतर।

लेखा-परीक्षकों का क्रमावर्तन

5.16 कतिपय वित्तीय संस्थाओं द्वारा दीर्घावधि के लिए लेखा परीक्षकों को नियुक्त की घटनाओं की रिज़र्व बैंक ने जाँच की और वित्तीय संस्थाओं को यह सुनिश्चित करने के लिए सूचित किया कि लेखा परीक्षा कर रही लेखा-परीक्षा फर्म के साझेदार का क्रमावर्तन हो यदि फर्म लगातार चार वर्षों से अधिक समय तक लेखा परीक्षा करता है।

कम्प्यूटर लेखा-परीक्षा

5.17 वित्तीय पर्यवेक्षण बोर्ड की लेखा-परीक्षा उपसमिति के निदेशों के अनुसरण में अक्तूबर 2001 में 'कम्प्यूटर लेखा-परीक्षा संबंधी

[2] अध्याय II के बॉक्स II.2 में निवेश जोखिम के दो विधियों के ब्यौरे दिए गए है।

समिति' का गठन किया गया जिसके सदस्य रिज़र्व बैंक, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान तथा चुनिंदा वाणिज्यिक बैंकों से थे। दिसम्बर 2002 में रिपोर्ट वित्तीय संस्थाओं को भेजी गयी ताकि उनका निदेशक मंडल इस पर विचार कर सके। समिति ने सूचना प्रणाली परिवेश में लेखा-परीक्षा के संभावित क्षेत्रों को 15 व्यापक श्रेणियों में वर्गीकृत किया तथा कम्प्यूटर लेखा-परीक्षा के संचालन को सहज बनाने के लिए प्रत्येक श्रेणी में मानकीकृत जांच बिंदु तैयार किए।[3] इन जाँच बिन्दुओं का स्वरूप केवल दिशानिदेशात्मक है तथा वित्तीय संस्थान अधिक व्यापक जाँच बिन्दु बना सकते है ताकि वे जिस सूचना प्रौद्योगिकी परिवेश में परिचालन करते है तथा परिचालन का प्रस्ताव करते है उसके अनुरूप सूचना प्रणाली लेखा-परीक्षा का संचालन कर सके ।

लेखा-परीक्षा और रिपोर्टिंग प्रणाली में संशोधन

5.18 वित्तीय संस्थाओं द्वारा रिज़र्व बैंक को मासिक समवर्ती लेखापरीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत करने की व्यवस्था को वित्तीय प्रणाली के निवेश संविभाग की छमाही समीक्षा से प्रतिस्थापित किया गया है। ऐसी समीक्षा में छमाही रिपोर्टिंग अवधि के दौरान खज़ाना लेन-देनों की समवर्ती लेखा-परीक्षा रिपोर्ट में पायी गयी बड़ी अनियमितताओं, यदि कोई हो, को सम्मिलित करने की आवश्यकता है।

वित्तीय संस्थाओं के लिए पर्यवेक्षी रेटिंग प्रणाली

5.19 वित्तीय संस्थाओं के लिए पूंजी पर्याप्तता, आस्ति गुणवत्ता, प्रबंध, आय, चलनिधि और प्रणालियो (केमेल्स) पर आधारित पर्यवेक्षी रेटिंग मॉडल का विकास किया गया है तथा 31 मार्च 2002 की स्थिति (राष्ट्रीय आवास बैंक के मामले में 30 जून 2002) के संदर्भ में किए जानेवाले वार्षिक वित्तीय निरीक्षण से लागू किया गया है। पर्यवेक्षी रेटिंग प्रदान करने का मूल प्रयोजन आवश्यक पर्यवेक्षी हस्तक्षेप (कार्रवाई) के लिए संबंधित वित्तीय संस्थाओं के कार्यनिष्पादन और स्थिति का संक्षिप्त मूल्यांकन उपलब्ध कराना है।

परोक्ष निरीक्षण

5.20 रिज़र्व बैंक 1995 से भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम 1934 की धारा 45(एन) के अंतर्गत 9 वित्तीय संस्थाओं का परोक्ष निरीक्षण करता रहा है। 2002-03 के निरीक्षण चक्र के दौरान रिज़र्व बैंक द्वारा सभी नौ वित्तीय संस्थाओं के वार्षिक वित्तीय निरीक्षण का काम शुरू किया गया एवं पूरा किया गया। इसके अतिरिक्त 2003-04 का निरीक्षण चक्र शुरू कर दिया गया है तथा लेखांकन वर्ष 2002-03 के लिए वित्तीय संस्थाओं के तुलन-पत्र की तारीख के संदर्भ में सभी नौ वित्तीय संस्थाओं का निरीक्षण किया जाएगा।

अप्रत्यक्ष पर्यवेक्षण प्रणाली

5.21 वित्तीय संस्थान अब परोक्ष विवरणियां यथा वित्तीय संस्थान प्रभाग-परोक्ष निगरानी और पर्यवेक्षण प्रणाली (एफआइडी-ओएसएमओएस) रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत करते है। वित्तीय संस्थाओं द्वारा प्रस्तुत अप्रत्यक्ष विवरणियों के आधार पर उनके कार्यनिष्पादन की समीक्षा तिमाही आधार पर वित्तीय पर्यवेक्षण बोर्ड (बीएफएस) को प्रस्तुत की जा रही है। 2002-03 के दौरान (जुलाई-जून) बीएफएस ने तीन तिमाही और एक वार्षिक समीक्षाओं की समीक्षा की। बीएफएस को प्रस्तुत अद्यतन तिमाही रिपोर्ट जून 2003 को समाप्त तिमाही से संबंधित है। बोर्ड ने समग्र और संस्थान-विशिष्ट मुद्दों यथा प्रावधानीकरण अथवा अन्य देयताओं को पूरा करने के लिए विशेष प्रारक्षित भण्डार के उपयोग, रिज़र्व बैंक विनियमन के क्षेत्र और वित्तीय संस्थाओं के पर्यवेक्षण, वित्तीय संस्थाओं में देखे गए ऋणात्मक अंतर, वित्तीय संस्थाओं की गैर-निष्पादक आस्तियों का स्तर, वित्तीय संस्थाओं की वित्तीय स्थिति, वित्तीय संस्थाओं की निरीक्षण रिपोर्टें, वित्तीय संस्थाओं की आस्तियों और देयताओं की पुनर्संरचना तथा उनकी आस्तियों की गुणवत्ता की समीक्षा की। वित्तीय पर्यवेक्षण बोर्ड विनियामक और पर्यवेक्षी नीति संबंधी मामलों में मार्गदर्शन करना है। यह उन विशिष्ट मुद्दों पर भी निदेश देता है जिनका शीघ्र अनुपालन किया जाता है। वित्तीय संस्थाओं से प्राप्त प्रतिसाद के आधार पर वित्तीय संस्थाओं द्वारा प्रस्तुत की जानेवाली विवरणियों के लिए उपयोग किए जानेवाले सॉफ्टवेयर में कतिपय सुधार किए गए है।

4. अन्य नीतिगत गतिविधियां

संबद्ध ऋण देना

5.22 वित्तीय संस्थाओं द्वारा 'संबद्ध (संबंधियों को) ऋण' से संबंधित मामले रिज़र्व बैंक का ध्यान आकृष्ट कर रहे है तथा भारत सरकार के परामर्श से विस्तृत दिशानिदेश वित्तीय संस्थाओं को जारी किए गए (बॉक्स V.2)।

अभौतिकीकृत रूप में लेन-देन

5.23 रिज़र्व बैंक इन अवधियों (वर्षों) में सरकारी प्रतिभूतियों की अभौतिकीकृत रूप में धारिता को बढ़ावा देता रहा है। वित्तीय संस्थाओं को निदेश दिया गया कि वे रिज़र्व बैंक के अनुदेशों का पूर्णतः पालन

[3] ब्योरा अध्याय II में उपलब्ध कराया गया है।

बॉक्स V.2 : चुनिंदा अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं द्वारा संबद्ध (संबंधियों) को ऋण देना

वित्तीय संस्थाओं द्वारा ऋण देने के परिचालन में हितों के टकराव की संभावना का निराकरण करने के लिए भारत सरकार के परामर्श से यह निर्णय लिया गया है कि वित्तीय संस्थाओं को निम्नलिखित नहीं करना चाहिए :

क) अपने शेयरों की जमानत पर कोई ऋण अथवा अग्रिम प्रदान करना; अथवा

ख) निम्नलिखित को अथवा उनकी ओर से कोई ऋण अथवा अग्रिम के लिए प्रतिबद्धता करना:

i) इसके किसी निदेशक अथवा

ii) (कुछ अपवादों के साथ) किसी फर्म अथवा कंपनी जिसमें इसके किसी निदेशक का साझेदार, प्रबंधक, कर्मचारी अथवा गारंटर (गारंटीकर्ता) के रूप में हित हो, अथवा

iii) कोई व्यक्ति जिसके संबंध में इसका कोई निदेशक साझीदार अथवा गारंटीकर्ता हो।

निदेशकों/निदेशकों के हित वाली कम्पनियों / फर्मों की ओर से गैर-निधि आधारित सुविधाएं यथा गारंटी, साख-पत्र, स्वीकृति प्रदान करते हुए वित्तीय संस्थाओं को निम्नलिखित सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया :

(क) पर्याप्त और प्रभावी व्यवस्थाएं की गयी है ताकि आवेदकों द्वारा अपने संसाधनों से प्रतिबद्धताओं की पूर्ति की जाए,:

(ख) गारंटी मांगना अथवा साख-पत्र के डिवाल्वमेंट के परिणामस्वरूप देयता को पूरा करने के लिए वित्तीय संस्थान से ऋण अथवा अग्रिम देने के लिए नहीं कहा जाएगा।

(ग) साख-पत्र/स्वीकृति के कारण वित्तीय संस्थाओ पर कोई देयता डिवाल्व नहीं होगी।

इसके अतिरिक्त, बोर्ड के पूर्व अनुमोदन अथवा बोर्ड की जानकारी के बिना प्रतिपक्षी निम्नलिखित श्रेणियों को अनुमत सीमा को छोड़कर ऋण अथवा अग्रिम प्रदान नहीं की जाएगी :

(क) वित्तीय संस्थाओं के निदेशकों (अध्यक्ष/प्रबंध निदेशक सहित) के संबंधियों;

(ख) अन्य वित्तीय संस्थाओं और बैंकों के निदेशकों तथा उनके संबंधियों;

(ग) वित्तपोषण करनेवाली वित्तीय संस्थाओं अथवा अन्य वित्तीय संस्थाओं और बैंकों तथा निदेशकों के संबंधियों द्वारा स्थापित सहायक कंपनियों/ म्युचुअल फंडों के न्यासियों/उद्यम पूंजी निधि के न्यासियों के निदेशकों।

वित्तीय संस्थाओं/बैंकों, के बीच पारस्परिक व्यवस्था के विकास की संभावनाओं के निराकरण के लिए ऊपर उल्लिखित श्रेणियों के उधारकर्ताओं के लिए कुल 25 लाख अथवा उससे अधिक के अग्रिमों के लिए निदेशक मंडल/प्रबंध समिति की मंजूरी अपेक्षित है। इन उधारकर्ताओं के 25 लाख रुपए से कम की ऋण सुविधा के प्रस्तावों को वित्त पोषण करनेवाले वित्तीय संस्थाओं के उचित प्राधिकारी द्वारा मंजूरी दी जा सकती है परंतु इस मामले की सूचना बोर्ड को दी जाए।

उन मामलों में जहाँ ऊपर बताए गए निषेधों के दायरे में वित्तीय संस्थाओं ने पहले ही लेन-देन कर लिया है, वहाँ वित्तीय संस्थाओं को देय राशि की वसूली शुरू करने के तत्काल प्रयास किए जाए तथा यह वसूली ऋण अथवा अग्रिम देने के समय निर्धारित अवधि के भीतर अथवा जहाँ ऐसा कोई समय नियत नहीं किया गया है वहाँ 21 दिसम्बर 2003 के पहले की जाए। पूर्वोल्लिखित प्रावधानों के अनुपालन में कोई कठिनाई उत्पन्न होने पर रिज़र्व बैंक ऋण अथवा अग्रिम की वसूली की अवधि को बढ़ा सकता है परंतु तीन वर्ष से अधिक की अवधि के लिए नहीं।

ऋण और अग्रिम को देने से संबंधित उपर्युक्त मानक समान रूप से संविदा देने के मामले में भी लागू होंगे।

करें जिसके द्वारा उन्हें निम्नलिखित में से किसी एक प्रतिष्ठान में सरकारी प्रतिभूतियों में अपना निवेश अनिवार्य रूप से धारण करना चाहिए यथा (क) सहायक साधारण खाता बही (एसजीएल) (रिज़र्व बैंक के पास) अथवा ग्राहकों की सामान्य खाता बही[4] (सीएसजीएल) (ख) भारतीय स्टॉक धारिता निगम लि. (एसएचसीआइएल) तथा (ग) डिपॉजिटरी (भण्डारागारों)[5] में अभौतिकीकृत खाता में । ऐसे किसी संस्था के साथ केवल एक ग्राहकों की सामान्य खाता बही (सीएसजीएल) अथवा अभौतिकीकृत खाता खोला जा सकता है। यदि सीएसजीएल खाता अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक/राज्य सहकारी बैंक में खोला जाता है तो खाताधारक को उसी बैंक में निर्दिष्ट निधि खाता (सभी सीएसजीएल संबंधी लेनदेन के लिए) खोलना होगा। यदि सीएसजीएल खाता गैर-बैंकिंग संस्थान में खोला जाता है तो (किसी बैंक में) निर्दिष्ट निधि खाता का ब्यौरा उस संस्थान को देना चाहिए। सीएसजीएल/ निर्दिष्ट निधि खाता रखनेवाली संस्थाओं से अपेक्षित है कि वे लेनदेन करने से पूर्व निर्दिष्ट निधि खाता में क्रय के लिए भार रहित निधि की तथा बिक्री के लिए सीएसजीएल खाता में पर्याप्त प्रतिभूतियों की उपलब्धता सुनिश्चित करें। किसी विनियमित संस्था द्वारा किसी ब्रोकर के साथ भौतिक रूप में और कोई लेन-देन नहीं किया जाना चाहिए। इन दिशानिदेशों के अनुपालन के लिए विनियमित संस्थाओं के प्रत्येक वर्ग के लिए एक विशेष समय-सीमा का अलग से उल्लेख किया गया है। तथापि, रिज़र्व बैंक समय सीमा के पालन में वास्तविक कठिनाइयों वाले मामले में अनुपालन की तारीख बढ़ाने पर विचार कर सकता है।

जमा प्रमाण-पत्रों का निर्गम

5.24 अप्रैल 2002 में घोषित वार्षिक मौद्रिक और ऋण नीति संबंधी वक्तव्य के अनुपालन में फिक्सड इन्कम मनी मार्केट एण्ड डेरिवेटिव्स एशोसिएशन (एफआइएमएमडीए) ने 20 जून 2002 को जमा प्रमाण-पत्र के निर्गम के प्रयोजन से मानकीकृत प्रक्रिया, दस्तावेजीकरण और परिचालनात्मक दिशानिदेश जारी किए। द्वितीयक बाजार लेनदेनों

[4] अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक / राज्य सहकारी बैंक / प्राथमिक व्यापारी / एफआई में।

[5] राष्ट्रीय प्रतिभूति डिपाजिटरी लि. (एनएनडीएल) / केंद्रीय डिपाजिटरी सेवा (इंडिया) लि. (सीडीएसएल)।

को और अधिक पारदर्शिता प्रदान करने और प्रोत्साहित करने के लिए वर्तमान बकाया जमा प्रमाण-पत्रों को अक्तूबर 2002 तक अभौतिक रूप में बदलना अपेक्षित था। वर्तमान विनियमों में जमा प्रमाण-पत्र अंकित मूल्य पर बट्टा पर जारी करना अपेक्षित था तथा निर्गमकर्ता बैंक को बट्टे की दर निर्धारित करने की छूट है। जमा प्रमाण-पत्रों के मूल्यन में अधिक लचीलापन प्रदान करने तथा निवेशकों और निर्गमकर्ताओं दोनों को अतिरिक्त विकल्प देने के दृष्टिकोण से बैंक और वित्तीय संस्थान अस्थायी दर के आधार पर जमा प्रमाण-पत्र जारी कर सकते है बशर्ते अस्थायी दर अभिकलन की प्रक्रियाविधि वस्तुपरक, पारदर्शी और बाजार आधारित हो। अस्थायी दर जमा प्रमाण-पत्र पर ब्याज दर को समय-समय पर पूर्व निर्धारित फार्मूला के अनुसार निर्धारित करना होगा जो पारदर्शी बेंचमार्क पर अंतर (स्प्रेड) को इंगित करता है। इस संबंध में मानक प्रक्रिया और प्रलेख एफआइएमएमडीए द्वारा अलग से बाजार प्रतिभागियों के परामर्श से जारी किए जाएंगे।

चार्ट V.2: एआइएफआइ द्वारा वित्तीय सहायता की प्रवत्ति



5. परिचालनों की समीक्षा

वित्तीय सहायता : स्वीकृत और संवितरित

5.25 अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं[6] द्वारा 1996-2000 के दौरान स्वीकृत और संवितरित वित्तीय सहायता की बढ़ती हुई प्रवृत्ति 2001-02 के दौरान विपर्यस्त हो गयी तथा 2002-03 के दौरान तीव्र अधोगामी प्रवृत्ति जारी रही (चार्ट V.2 और सारणी V.2)। आइसीआइसीआइ का आइसीआइसीआइ बैंक के साथ विलय भी वित्तीय सहायता में कमी को कुछ हद तक स्पष्ट करता है। तथापि, अप्रैल-सितम्बर 2003 के दौरान स्वीकृति और संवितरण में तीव्र गति से वृद्धि हुई ।

5.26 स्वीकृतियां और संवितरण में वित्तीय संस्थाओं द्वारा वाणिज्यिक क्षेत्र को दी गयी सकल वित्तीय सहायता आती है जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ, निम्नलिखित के संदर्भ में दी गयी सहायता सम्मिलित है : परियोजना ऋण, उद्यम पूंजी निधि ऋण, हामीदारी,

सारणी V.2 : वित्तीय संस्थाओं द्वारा स्वीकृत और संवितरित वित्तीय सहायता

(वर्ष : अप्रैल-मार्च)

(राशि करोड़ रुपए में)

	संस्थान	2001-02		2002-03		प्रतिशत घट-बढ़ के दौरान	
		स्वीकृत	संवितरित	स्वीकृत	संवितरित	स्वीकृत	संवितरित
	1	2	3	4	5	6	7
क.	अखिल भारतीय विकास बैंक (आइडीबीआइ, आइएफसीआइ, सिडबी, आइआइबीआइ, आइडीएफसी)	27,619	20,725	19,335	14,501	-30.0	-30.0
ख.	विशिष्टता प्राप्त वित्तीय संस्थान (आइवीसीएफ, आइसीआइसीआइ वेंचर, टीएफसीआई)	873	869	475	490	-45.6	-43.6
ग.	निवेश संस्थान (एलआइसी, यूटीआइ, जीआइसी #)	9,363	11,668	6,200	8,112	-33.8	-30.5
घ.	**अखिल भारतीय वित्तीय संस्थान द्वारा कुल सहायता (क+ख+ग)**	**37,855**	**33,262**	**26,010**	**23,103**	**-31.3**	**-30.5**

: जीआइसी तथा इसकी पूर्व सहायक कंपनी के आंकड़े सम्मिलित है।
स्रोत :संबंधित वित्तीय संस्थान तथा यूटीआइ के लिए आइडीबीआइ।

[6] आइडीबीआइ, आइएफसीआइ, आइआइबीआइ, आइडीएफसी, आइसीसीएफ, आइसीआइसीआइ वेंचर टीएफसीआइ, एलआइसी, यूटीआइ और जीआइसी सम्मिलित है।

प्रत्यक्ष अभिदान, गारंटी, गैर-परियोजना वित्त, पुनर्वित्त, बिलों की पुनर्भुनाई, प्रत्यक्ष बट्टा देना, वित्तीय संस्थाओं के शेयरों/बाण्डों के प्रति ऋण और अभिदान तथा लीजिंग कंपनियों को ऋण। इससे ऐसे नियोजित निवेशों के फलीभूत होने के संदर्भ में निवेश परिवेश का निर्माण होता है। भारतीय कंपनियों के लिए परियोजना वित्त के वैकल्पिक स्रोतों के अस्तित्व के कारण तथा आर्थिक मंदी को देखते हुए नए व्यवसाय की कमी को दर्शाते हुए हाल के वर्षों में वित्तीय संस्थाओं से, संसाधनों के निवल प्रवाह में कुछ कमी आयी है। निदर्शात्मक रूप से अखिल भारतीय विकास बैंकों से कंपनी क्षेत्र को संसाधनों का निवल प्रवाह 2001-02 और 2002-03 दोनों वर्षों के लिए ऋणात्मक रहा (सारणी V.3)।

सारणी V.3 : अखिल भारतीय विकास बैंकों ने कंपनी क्षेत्र को संसाधनों का प्रवाह* *

(करोड़ रुपए)

मद	2001-02	2002-03
1	2	3
स्वीकृतियां	27,619	19,335
संवितरण	20,725	14,501
ऋण	-4,706	-5,321
जिसमें से:		
संबंधित औद्योगि प्रतिष्ठानों के स्टांक/शेयरों/बाण्डों/ डिबेंचरों में निवेश	762	-1,105
संबंधित प्रतिष्ठानों को ऋण और अग्रिम	-4,571	-2,960
विनिमय बिल तथा भुनाए गए और दुबारा भुनाए गए वचन-पत्र	-897	-1,256

* आइडीबीआइ, आइएफसीआइ, आइडीएफसी, आइआइबीआइ और सिडबी सम्मिलित है।

5.27 वित्तीय संस्थाओं के निष्पादन में कमी वित्तपोषण के स्वरूप में वित्तीय संस्थाओं के घटते हुए योगदान के अनुरूप है। इसके बावजूद पूंजी बाज़ार में मंदी, नयी परियोजनाओं के लिए मांग की कमी तथा उपयोग न की गयी क्षमताओं के उपयोग के जरिए औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि - इन सभी के कारण दीर्घावधि वित्तीय सहायता की मांग निम्नतर रही है। परियोजना वित्त के श्रेत्र में, जो वित्तीय संस्थाओं का प्रमुख कार्य है, वित्तीय संस्थाओं की भूमिका कुछ कम हुई है (बॉक्स V.3)।

बॉक्स V.3: परियोजना वित्तपोषण में वित्तीय संस्थानों की घटती हुई भूमिका

परियोजना वित्तपोषण वित्तीय संस्थाओं का प्रमुख कार्यकलाप है। यह प्रत्यक्ष वित्त का एक घटक है तथा वित्तीय संस्थाओं की कुल स्वीकृतियां और संवितरण में इसका पर्याप्त हिस्सा है। तथापि, वित्तीय उदारीकरण के कारण बैंक परियोजनाओं का वित्तपोषण करने लगे है। इसप्रकार वे वित्तीय संस्थाओं के प्रतिस्पर्धी हो गए है। 2002-03 के दौरान अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों (बीमा संस्थाओं सहित परंतु यूटीआइ को छोड़कर) द्वारा परियोजना वित्तपोषण के लिए स्वीकृत सहायता में तीव्र गति से कमी आयी। ऐसी ही प्रवृत्ति संवितरण में भी देखी गयी।

निधि के रियायती स्रोतों की समाप्ति तथा एक वर्ष से कम अवधि की परिपक्वताओं वाली अल्पावधि निधियों को एकत्र करने पर रोक के कारण वित्तीय संस्थान अपेक्षाकृत अल्पविकसित दीर्घावधि ऋण बाजार से सीधे उच्च लागत की निधि एकत्र करने के लिए मजबूर हुए। विश्वसनीय निवेश (ब्यूचिप) वाली कंपनियां औद्योगिक परियोजनाओं के लिए वित्तीय संसाधन सीधे पूंजी बाजार से और कम लागत पर एकत्र कर सकती थी। इसप्रकार, वित्तीय संस्थानोंने अधिकांशतः अधिक जोखिम वाली औद्योगिक परियोजनाओं का वित्तपोषण किया जो बाजार से सीधे निधि उगाहने में सक्षम नहीं थी। अन्य तथ्यों में, वित्तीय संस्थाओं ने कम आय वाली तथा लंबे निर्माण अवधि वाली बड़ी बुनियादी सुविधावाली परियोजनाओं का वित्तपोषण किया। बुनियादी सुविधा और मुख्य क्षेत्र निजी क्षेत्र के निवेश के लिए खोले जाने के फलस्वरूप प्रत्याशित अवसरों के कारण इन क्षेत्रों को ऋण देने में शुरू में वृद्धि हुई । चूँकि वित्तीय संस्थान दीर्घावधि में औद्योगिक परियोजनाओं को ऋण देने के लिए केवल निर्धारित उच्च ब्याज दरों पर ही संसाधन एकत्र कर सकते थे इसलिए इस अवधि में घटते हुए ब्याज दरों के कारण उनका परिचालन वहनीय नहीं रहा।

जैसा कि सारणी 'क' में देखा जा सकता है, परियोजनाओं के वित्तपोषण में इक्विटी पूंजी (अधिमान पूंजी सहित) के हिस्से में नब्बे के दशक के दौरान काफी वृद्धि हुई। इसप्रकार इसी अवधि के दरान परियोजनाओं के वित्तपोषण में ऋणों और बाण्डों/ डिबेंचरों का समग्र हिस्सा कम हुआ।

घटकवार, परियोजनाओं के कुल ऋण वित्तपोषण में यह देखा गया है कि विकास वित्त संस्थाओं (डीएफआई) का हिस्सा नब्बे के दशक के दौरान कम हो गया जबकि बैंकों का हिस्सा 1985-90 की अवधि के कम स्तर से बढ़कर 1995-2001 के दौरान दुगुना से अधिक हो गया तथा उसके द्वारा बैंक परियोजना वित्तपोषण में वित्तीय संस्थाओं से आगे निकल गए। इसप्रकार, डीएफआइ परियोजना वित्तपोषण के अपने मुख्य कारोबार में बैंकों तथा पूंजी बाजार से प्रतिस्पर्धा का सामना कर रहे है। इसके अतिरिक्त, चूँकि डीएफआइ को अपेक्षाकृत 3-4 वर्ष की लघुतर अवधि के लिए बाजार से उधार लेकर लंबी निर्माण अवधि वाली परियोजना में निवेश करना होता था, इसलिए परियोजना में निविष्ट निधि उनके नकदी प्रवाह को प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुई तथा इसके फलस्वरूप आस्तियों और देयताओं की परिपक्वता में और असंगति उत्पन्न हो गयी।

सारणी क : परियोजना वित्त में विभिन्न स्रोतों का हिस्सा

(कुल परियोजना लागत की प्रतिशतता के रूप में)

अवधि	कंपनियों की संख्या	इक्विटी	प्रारक्षित भण्डार और अधिशेष	ऋण	बाण्ड/ डिबेंचर	अन्य
1	2	3	4	5	6	7
1970-71 से 1974-75	356	28.5	12.2	53.5	4.4	1.4
1975-76 से 1979-80	408	32.0	5.1	59.8	0.9	2.2
1980-81 से 1984-85	1,554	26.9	8.3	49.2	14.1	1.5
1985-86 से 1989-90	1,620	41.4	1.6	30.0	26.2	0.8
1990-91 से 1994-95	2,040	47.0	1.9	43.4	7.1	0.6
1995-96 से 2000-01	1,012	53.0	0.3	43.0	3.4	0.3

टिप्पणी : आंकड़े विवरणिका जारी करनेवाले सभी गैर-वित्तीय और गैर-सरकारी कंपनियों के है।
स्रोत : कंपनी कार्य विभाग वित्त मंत्रालय : भारत सरकार

इसके अलावा वाणिज्यिक बैंक, कम लागत की निधियों तक पहुँच के कारण उनकी देयताओं की सापेक्षिक तौर पर कम परिपक्वता अवधि को देखते हुए, वित्तीय संस्थाओं की तुलना में सापेक्षिक रूप से कम दर पर उधार दे सके। परियोजना के कार्यान्वयन में देरी नई वित्तीय सहायता की मांग को भी रोक सकती है। और, अभी हाल में सेवा क्षेत्र में तेजी से हुई वृद्धि, परियोजना वित्त के लिए समान मांग उत्पन्न नहीं कर सकी क्योंकि अधिकतर सेवा उद्योग मानव पूंजी प्रधान है जिसमें दीर्घकालीन वित्त की सीमित आवश्यकता है। वर्ष 2002-03 के दौरान चुनिंदा अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं और निवेश संस्थाओं द्वारा मंजूर और संवितरित की गई वित्तीय सहायता में गत वर्ष की तुलना में और कमी दिखाई दी (परिशिष्ट सारणी V.1)।

वित्तीय संस्थाओं की आस्तियों और देयताओं का स्वरूप

5.28 एक समूह के रूप में, चुनिंदा वित्तीय संस्थाओं के तुलन पत्र ने गत वर्ष की तुलना में 5.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्शायी। लेकिन देयताओं का स्वरूप मोटे तौर पर गत वर्ष के समान ही रहा। कुल में बांड / डिबेंचर का बड़ा हिस्सा था क्योंकि काल / पुट आप्शन्स के साथ बांड / डिबेंचर अधिक लचीलापन प्रदान करते हैं तथा शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने के रूप में गौण बाजार में व्यापार योग्य सुविधाएं प्रदान करते है। ब्याज दर उदारीकरण और ब्याज दर खास कर जमा दर सामान्यतः कम करने के कारण वित्तीय संस्थाओं की जमा बढ़ी है जब कि वर्ष के दौरान उधार लेने के अंश में गिरावट आयी (सारणी V-4)।

5.29 उसी प्रकार से आस्तियों की संरचना में कोई उल्लेखनीय परिवर्तन नहीं हुआ। ऋण और अग्रिमों के प्रमुख घटक अपने हिस्से में मामूली कमी दर्ज की, जो ऋण और अग्रिम की मंजूरी तथा संवितरण में आयी गिरावट से परिलक्षित होती है। चूँकि 2002-03 के एक बड़े हिस्से के दौरान पूंजी बाजार की गतिविधियां धीमी बनी रहीं अतः निवेश के अंश में मामूली कमी आयी (सारणी V.4)।

निधियों के स्रोत और प्रयोग

5.30 वित्तीय कंपनियों (आइसीआइसीआइ को छोड़कर) की निधियों के कुल स्रोत और विनियोजन ने, गत वर्ष मे हुई 19.8 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 2002-03 के दौरान 2.1 प्रतिशत की कमी हुई। प्रणाली में अत्यधिक चलनिधि और कम ब्याज दर के परिवेश के जारी रहने के कारण, वर्ष के दौरान बाहरी निधियों पर निर्भरता बढ़ी। कुल में आंतरिक स्रोतों का अंश कुल संसाधनों के आधे पर बना रहा यद्यपि गत वर्ष की तुलना में इसके अंश में गिरावट आयी (सारणी V.5)।

5.31 2002-03 की उत्तरवर्ती अवधि में औद्योगिक उत्पादन बढ़ने के कारण, निधियों के कुल प्रयोग में नए नियोजन के अंश में वृद्धि परिलक्षित हुई। ब्याज दर में कमी का लाभ उठाते हुए वित्तीय संस्थाओं ने उच्च लागत वाले पुराने ऋणों को वापस कर दिया और उसके स्थान पर सस्ता ऋण लिया, बावजूद इसके कि 2002-03 के दौरान उधार की चुकौती का अंश गत वर्ष में हुई वृद्धि की तुलना में कम

सारणी V.4: वित्तीय संस्थाओं की देयताओं और आस्तियों का स्वरूप

(राशि करोड़ रुपए में)

मद	मार्च के अंत तक बकाया		वितरण (प्रतिशत)	
	2001-02	2002-03	2001-02	2002-03
1	2	3	4	5
देयताएं	**1,73,900**	**1,83,751**	**100.0**	**100.0**
पूंजी	6,811	6,784	3.9	3.7
प्रारक्षित निधि	16,836	18,259	9.7	9.9
बांड और डिबेंचर	83,595	89,639	48.1	48.8
जमा	15,088	20,144	8.7	11.0
उधार	24,400	21,862	14.0	11.9
अन्य देयताएं	27,170	27,063	15.6	14.7
आस्तियां	**1,73,900**	**1,83,751**	**100.0**	**100.0**
नकदी	5,628	8,014	3.2	4.4
निवेश	21,671	21,760	12.5	11.8
ऋण और अग्रिम	1,31,510	1,36,823	75.6	74.5
भुनाए गए / पुनः भुनाए गए बिल	2,987	1,606	1.7	0.9
अचल आस्तियां	3,226	2,988	1.9	1.6
अन्य आस्तियां	8,878	12,560	5.1	6.8

टिप्पणी : आंकड़ों में आइडीबीआइ, आइएफसीआइ, आइआइबीआइ, आइडीएफसी, टीएफसीआइ, एक्जिम बैंक, नाबार्ड, एनएचबी और सिडबी शामिल है।
स्रोत : संबंधित वित्तीय संस्था के तुलन पत्र।

सारणी V.5 : वित्तीय संस्थाओं की निधियों के स्रोत और नियोजन का स्वरूप *

(राशि करोड़ रुपये में)

निधि का स्रोत / नियोजन	2001-02		2002-03	
	राशि	अंश (प्रतिशत)	राशि	अंश (प्रतिशत)
1	2	3	4	5
निधियों के	**97,613**	**100.0**	**95,562**	**100.0**
आंतरिक	51,241	52.5	49,048	51.3
बाहरी	28,438	29.1	32,280	33.8
अन्य स्रोत	17,934	18.4	14,234	14.9
निधियों का नियोजन	**97,613**	**100.0**	**95,562**	**100.0**
नये नियोजन	48,289	49.5	52,028	54.4
पुराने उधारों की चुकौती	20,815	21.3	17,478	18.3
अन्य नियोजन	28,509	29.2	26,056	27.3
जिनमें से: ब्याज का भुगतान	14,222	14.6	10,733	11.2

* वित्तीय संस्थाओं में आइडीबीआइ, आइएफसीआइ, आइआइबीआइ, एक्ज़िम बैंक, टीएफसीआइ, आइडीएफसी, नाबार्ड, सिडबी और एनएचबी शामिल हैं।
टिप्पणी : अंश से तात्पर्य उस श्रेणी के कुल प्रतिशत से है।

रहा। ब्याज भुगतानों में कमी के कारण अन्य नियोजनों में भी कमी आई। 2002-03 के दौरान पिछले उधारों और ब्याज भुगतान की चुकौती का सम्मिलित अंश निधियों के बाहरी स्रोतों के अंश से अधिक है। इसका अर्थ यह निकलता है कि निधियों के आंतरिक अथवा अन्य स्रोतों का प्रयोग विगत में उच्च लागत पर लिए गए उधारों की चुकौती करने के लिए किया जा रहा है।

अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं की वित्तीय आस्तियां

5.32 वर्ष के उत्तरार्ध में आर्थिक कार्यकलाप मे मामूली वृद्धि और चालू वर्ष में कुछ वित्तीय संस्थाओं के वित्तीय पुनर्निधारण के कारण वित्तीय संस्थाओं की वित्तीय आस्तियों में मामूली वृद्धि हुई जबकि पिछले वर्ष आर्थिक कार्यकलाप की गति कम भी। संस्था-वार देखा जाए तो एक्ज़िम बैंक ने अधिकतम वृद्धि दर्ज की, उसके बाद एनएचबी, आइडीएफसी, नाबार्ड और आइएफसीआइ ने वृद्धि दर्ज की जबकि आइडीबीआइ ने अधिकतम गिरावट दर्ज की [परिशिष्ट सारणी V.3 (अ)]। पिछले वर्ष की तुलना में 2002-03 में बैंकों और वित्तीय संस्थाओं की सकल वित्तीय आस्तियों की वृद्धि की गति बढ़ गयी। बैंकों की वित्तीय आस्तियों में हुई वृद्धि वित्तीय संस्थाओं की तुलना में अधिक तीव्र थी जिसके परिणामस्वरूप कुल आस्तियों में बैंकों के अंश में मामूली वृद्धि हुई [सारणी V.6 और परिशिष्ट सारणी V.3 (आ)]।

वित्तीय संस्थाओं का वित्तीय कार्य निष्पादन ।

5.33 मार्च 2003 को समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान एक समूह के रूप में अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं के कार्य-निष्पादन में पिछले वर्ष की तुलना में और गिरावट आयी जिसका कारण है विस्तार और

सारणी V.6: अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं और बैंकों की वित्तीय आस्तियां *

(राशि करोड़ रुपये में)

	मार्च के अंत की स्थिति के अनुसार		2002-03 दौरान घट-बढ़
	2002	2003	
1	2	3	4
अ. अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाएं	1,70,247	1,82,223	11,976 (7.0)
आ. अनुसूचित वाणिज्य बैंक #	12,23,008	13,98,967	1,75,959 (14.4)
इ. कुल (अ+आ)	**13,93,255**	**15,81,190**	**1,87,935 (13.5)**
ज्ञापन :			
कुल आस्तियों के प्रतिशत के रूप में वित्तीय संस्थाओं की आस्तियां	12.2	11.5	
कुल आस्तियों के प्रतिशत के रूप में अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की आस्तियां	87.8	88.5	

* इसमें निवेश, ऋण और अग्रिम, मुद्रा बाजार आस्तियां, जमा, हाथ में नकदी और बैंक के पास शेष तथा अचल आस्तियों को छोड़कर अन्य आस्तियां शामिल हैं।
\# भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42 के अंतर्गत विवरणियों के अनुसार और हाथ में नकदी तथा बैंकिंग प्रणाली के पास शेष, निवेश, बैंक ऋण एवं बैंकों से देयताओं सहित । अतएव इसमें गैर-सांविधिक चलनिधि अनुपात निवेश, विदेशी मुद्रा आस्तियां और बैंक आरक्षित निधि शामिल नहीं है।
टिप्पणी : कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े प्रतिशत परिवर्तन के हैं।

ब्याज से इतर आय में हुई गिरावट तथा अन्य खर्चों में हुई वृद्धि। वर्ष के दौरान आइएफसीआइ और आइआइबीआइ ने हानि दर्ज की। तथापि, इन दो संस्थाओं को छोड़कर सभी वित्तीय संस्थाओं ने सकारात्मक परिचालन और निवल लाभ दर्ज किया। यह नोट करने लायक है कि विस्तार और परिचालन लाभ में गिरावट के होते हुए भी कर प्रावधानों में तीव्र गिरावट करके सभी वित्तीय संस्थाओं के निवल लाभ में वृद्धि प्राप्त की गयी (सारणीV.7)। पारदर्शिता बढ़ाने के लिए वित्तीय

सारणी V.7: चुनिंदा अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं का वित्तीय कार्य निष्पादन@

(राशि करोड़ रुपये में)

मद	2001-02	2002-03	2002-03 के दौरान घट-बढ़	
			राशि	प्रतिशत
1	2	3	4	5
1. आय (क+ख)	**17,206**	**15,822**	**-1,383**	**-8.0**
क) ब्याज आय	14,391	13,194	-1,197	-8.3
ख) ब्याजरहित आय	2,815	2,628	-187	-6.6
2. व्यय	**14,443**	**13,182**	**-1,261**	**-8.7**
क) (क + ख)	13,284	11,825	-1,459	-11.0
ख) अन्य व्यय	1,159	1,358	198	17.1
जिसमें से : वेतन बिल	404	391	-13	-3.2
ग)कराधान के लिए प्रावधान	1,501	947	-553	-36.9
3. लाभ				
परिचालन लाभ	2,763	2,640	-122	-4.4
निवल लाभ	1,262	1,693	431	34.2
4. वित्तीय अनुपात (कुल आस्तियों के प्रतिशत के रूप में)				
परिचालन लाभ	1.6	1.4		
निवल लाभ	0.7	0.9		
ब्याज आय	9.9	8.6		
अन्य आय	8.3	7.2		
अन्य आय	1.6	1.4		
व्यय	8.3	7.2		
ब्याज व्यय	7.6	6.4		
अन्य परिचालन व्यय	0.7	0.7		
वेतन बिल	0.2	0.2		
प्रावधान और आकस्मिकताएं	0.9	0.5		
अंतर (निवल ब्याज आय)	0.6	0.7		

@ आइडीबीआइ, आइएफसीआइ, आइआइबीआइ, टीएफसीआइ, आइडीएफसी, एक्जिम बैंक, नाबार्ड, एनएचबी और सिडबी शामिल है।
टिप्पणी : 1. एनएचबी के मामले में निवल लाभ से आइएफआर को किये गये अंतरण घटाये गये हैं।
2. निवल लाभ से आशय है कराधान के बाद लाभ।
स्रोत : संबंधित वित्तीय संस्था के वार्षिक लेखे।

संस्थाओं के लिए आवश्यक है कि 2000-01 से अतिरिक्त वित्तीय मानदंड लगाए (परिशिष्ट सारणी V.4)। आइएफसीआइ ने औसतन आस्तियों पर प्रतिलाभ और प्रति कर्मचारी निवल लाभ में कुछ सुधार दर्ज किया परन्तु उनके अनुपात ऋणात्मक ही रहें।

वित्तीय संस्थाओं का शेयरों/स्टाकों का कार्यनिष्पादन

5.34 रिज़र्व बैंक के विनियामक क्षेत्र के अंतर्गत जो नौ वित्तीय संस्थाएं हैं उनमें से दो वित्तीय संस्थाएं (अर्थात आइडीबीआइ और आइएफसीआइ) राष्ट्रीय शेयर बाजार और शेयर बाजार, मुंबई में सूचीबद्ध हैं। आइडीबीआइ और आइएफसीआइ के शेयरों का कार्यनिष्पादन 2002-03 के दौरान कुछ मन्द ही रहा। तथापि, अप्रैल 2003 से इन दो वित्तीय संस्थाओं के शेयर मूल्य में उल्लेखनीय सुधार हुआ। इसका कारण है सरकार द्वारा इन दोनों संस्थाओं के लिए प्रस्तावित पुनर्व्यवस्था पैकेज और वित्तीय मध्यवर्ती संस्थाओं के शेयर मूल्य में सामान्य रूप में बढ़े विश्वास से मिला समर्थन (चार्ट V.3)।

चार्ट V.3 : आइडीबीआइ और आइएफसीआइ का शेयर संबंधी कार्यनिष्पादन



मूल उधार दर

5.35 वर्ष 2002-03 के दौरान सामान्य ब्याज दर में आयी गिरावट की प्रवृत्ति के अनुसार ही आइडीबीआइ की दीर्घावधि मूल उधार दर में समीक्षाधीन वर्ष के दौरान गिरावट आयी। तथापि, आइडीबीआइ की मध्यावधि और अल्पावधि मूल उधार दर अपरिवर्तित रही। आइएफसीआइ के मामले में दीर्घावधि और अल्पावधि मूल उधार दरें अपरिवर्तित रहीं (सारणी V.8)।

पूंजी पर्याप्तता

5.36 जोखिम भारित आस्तियों के प्रति पूंजी अनुपात (सीआरएआर) के न्यूनतम स्तर को बनाये रखने के संबंध में चुनिंदा वित्तीय संस्थाओं के कार्यनिष्पादन से यह स्पष्ट होता है कि आइएफसीआइ और आइआइबीआइ को छोड़कर अन्य सभी वित्तीय संस्थाओं ने 2002-03 के दौरान 9 प्रतिशत के मानदंड से अधिक सीआरएआर रखा। हाल के वर्षों में आइएफसीआइ को चुकौतियों के बढ़ते भार तथा साथ ही उच्च गैर-निष्पादक आस्तियों और परिणामतः हो रही वित्तीय हानि के कारण भारी प्रावधानन की पूर्ति करने की अनिवार्यता से उत्पन्न आस्ति-देयता के असंतुलन की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इन सभी घटकों के कारण आइएफसीआइ की पूंजी का ह्रास हुआ है। साथ ही रेटिंग एजेंसियों द्वारा आइएफसीआइ को कम दर्जा दिये जाने के कारण लागत-प्रभावी पद्धति से संसाधन जुटाना कठिन हो गया है। इसके परिणामस्वरूप, शेयरों के नये निर्गम के माध्यम से पूंजी जुटाना कठिन हो गया है। इस समस्या की तीव्रता को कम करने और उसकी पूंजी बढ़ाने के लिए सरकार ने पूंजी पुनर्संरचना पैकेज की पहल की है। आइआइबीआइ के मामले में उच्च गैर-निष्पादक आस्तियों के संचयन और परिणामतः किये गये प्रावधानीकरण के साथ घटती लाभप्रदता की समस्या के कारण उसके सीआएआर में तीव्र गिरावट आयी (सारणी V.9)।

गैर-निष्पादक आस्तियां

5.37 वर्ष 2002-03 के दौरान चुनिंदा वित्तीय संस्थाओं की निवल गैर-निष्पादक आस्तियों में वृद्धि हुई। इसके दो कारण रहे अर्थव्यवस्था

सारणी V.8: मुख्य वित्तीय संस्थाओं की उधार की ब्याज दर का ढांचा

(प्रतिशत प्रतिवर्ष)

निम्नलिखित से प्रभावी	पीएलआर	आइडीबीआइ	आइएफसीआइ
1	2	3	4
मार्च 2001	दीर्घावधि पीएलआर	14.0	13.0
	मध्यावधि पीएलआर	12.5	—
	अल्पावधि पीएलआर	12.5	12.5
जुलाई 2001	दीर्घावधि पीएलआर	13.1	13.0
	मध्यावधि पीएलआर	12.5	-
	अल्पावधि पीएलआर	12.0	12.5
मार्च 2002	दीर्घावधि पीएलआर	11.5	12.5
	मध्यावधि पीएलआर	12.5	—
	अल्पावधि पीएलआर	12.0	12.5
जुलाई 2002	दीर्घावधि पीएलआर	10.7	12.5
	मध्यावधि पीएलआर	12.5	—
	अल्पावधि पीएलआर	12.0	12.5
मार्च 2003	दीर्घावधि पीएलआर	10.2	12.5
	मध्यावधि पीएलआर	12.5	—
	अल्पावधि पीएलआर	12.0	12.5

टिप्पणी: ब्याज दर में जब तक अन्यथा उल्लेख न किया गया हो,ब्याज कर शामिल नहीं है। पीएलआर : मूल उधार दर

स्रोत: संबंधित वित्तीय संस्थाएं।

में धीमा सुधार और क्षेत्रीय अवरोध (जैसे समय और लागत की अत्यधिकता)। पुनर्वित्तपोषण करनेवाली कुछ संस्थाओं के मामले में जैसी कि अपेक्षा की गयी थी, निवल गैर-निष्पादक आस्तियों में हुई वृद्धि सीमित रही। तथापि, निवल ऋण और अग्रिमों के प्रति निवल गैर-निष्पादक आस्ति के अनुपात के अनुसार आइआइबीआइ, आइएफसीआइ और टीएफसीआइ जैसी मीयादी उधार देनेवाली संस्थाओं का कार्य-निष्पादन चिंता का विषय रहा (सारणी V.10 और परिशिष्ट सारणी V.5)।

चुनिंदा अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं द्वारा बाण्ड /डिबेंचर के माध्यम से संसाधन संग्रहण

5.38 वर्ष 2002-03 के दौरान चुनिंदा अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं द्वारा रुपया बाण्ड / डिबेंचर (निजी स्थानन और सार्वजनिक

सारणी V.9 : चुनिंदा वित्तीय संस्थाओं का पूंजी पर्याप्तता अनुपात

(मार्च के अंत में)

(प्रतिशत)

संस्था	1997	1998	1999	2000	2001	2002	2003
1	2	3	4	5	6	7	8
1. आइडीबीआइ	14.7	13.7	12.7	14.5	15.8	17.9	18.72
2. आइएफसीआइ	10.0	11.6	8.4	8.8	6.2	3.1	-2.95
3. आइआइबीआइ	10.6	12.8	11.7	9.7	13.9	13.6	3.51
4. आइडीएफसी	अनु.	अनु.	235.5	119.7	85.5	56.9	57.13
5. एक्ज़िम बैंक	31.5	30.5	23.6	24.4	23.8	33.1	26.92
6. टीएफसीआइ	अनु.	16.4	15.4	16.2	18.6	18.5	20.85
7. सिडबी	31.5	30.3	26.9	27.8	28.1	45.0	43.92
8. नाबार्ड	40.4	52.5	53.3	44.4	38.5	36.9	41.59
9. एनएचबी	अनु.	16.7	17.3	16.5	16.8	22.1	22.29

अनु. : अनुपलब्ध । स्रोतः संबंधित वित्तीय संस्थाएं।

सारणी V.10 : निवल गैर-निष्पादक आस्तियां (एनपीए)*

(मार्च के अंत में)

(राशि करोड़ रुपये में)

संस्था	निवल एनपीए		निवल एनपीए / निवल ऋण का अनुपात (प्रतिशत)	
	2002	2003	2002	2003
1	2	3	4	5
मीयादी ऋणदात्री संस्थाएं	**11,372**	**14,297**	**15.0**	**18.8**
1. आइडीबीआइ	6,355	7,157	13.4	15.8
2. आइएफसीआइ	3,873	5,983	22.5	34.8
3. आइआइबीआइ	539	819	24.1	40.3
4. एक्ज़िम बैंक	448	184	7.4	2.2
5. टीएफसीआइ	157	152	20.2	20.5
6. आइडीएफसी	—	3	0.0	0.1
पुनर्वित्तपोषण करेनवाली वित्तीय संस्था	**382**	**473**	**0.7**	**0.7**
7. सिडबी	382	473	3.0	3.8
8. नाबार्ड	—	—	—	—
9. एनएचबी	—	—	—	—
कुल	**11,754**	**14,770**	**8.8**	**10.6**

* प्रावधान और बट्टे खाते को छोड़कर

निर्गम सहित) जारी करने के माध्यम से जुटाये गये कुल संसाधनों में वृद्धि हुई जिसका मुख्य कारण है आइडीबीआइ, एक्ज़िम बैंक और एनएचबी द्वारा लिये गये भारी उधार। कुछ वित्तीय संस्थाओं ने अपने उच्च लागत के उधार चुकाने के लिए 'काल आप्शन्स' का प्रयोग किया। आवास क्षेत्र में बढ़ती मांग के साथ एनएचबी ने अपने पुनर्वित्तपोषण के कार्यों के लिए पर्याप्त निधि जुटायी । इसी तरह से एक्ज़िम बैंक द्वारा जुटाये गये संसाधनों में तीव्र वृद्धि हुई। इसके परिणामस्वरूप, कुल बकाया में पिछले वर्ष की तुलना में उच्चतर दर से वृद्धि हुई (सारणी .V.11)। जमा प्रमाणपत्र, वाणिज्यिक पत्र, अन्तर्कम्पनी जमा (आइसीडी) जैसे अन्य लिखतों, मीयादी मुद्रा उधार में इसी तरह की वृद्धि देखी गयी (परिशिष्ट सारणी V.6)।

5.39 चुनिंदा वित्तीय संस्थाओं द्वारा जुटाये गये कुल संसाधनों में मुख्य अंश निजी स्थानन का ही रहा। निजी स्थानन सापेक्षतः कम महँगा और कम समय लेनेवाला होता है। तथापि, 2002-03 के दौरान निजी स्थानन के अंश में गिरावट आयी जिसका कारण है सार्वजनिक निर्गम के माध्यम से बाजार में प्रवेश करनेवाली एकमात्र वित्तीय संस्था आइडीबीआइ द्वारा किये गये बड़े सार्वजनिक निर्गम (सारणी V.12)।

सारणी V.11 चुनिंदा अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं द्वारा रुपया बाण्ड / डिबेंचर के माध्यम से जुटाए गए संसाधन

(राशि करोड़ रुपये में)

संस्था	जुटाये गये संसाधन (वर्ष के दौरान)		बकाया (मार्च के अंत में)	
	2001-02	2002-03	2001-02	2002-03
1	2	3	4	5
आइडीबीआइ	4,213	5,009	45,464	45,280
आइआइबीआइ	551	150	1,807	1,468
आइएफसीआइ	651	267	19,789	20,046
टीएफसीआइ	48	93	689	632
एक्ज़िम बैंक	625	2,505	3,067	5,424
आइडीएफसी	250	400	1,000	1,400
सिडबी	1,224	961	3,020	2,498
नाबार्ड	2,549	2,988	6,078	8,703
एनएचबी	238	1,877	3,003	4,675
कुल	**10,349**	**14,250**	**83,917**	**90,126**

स्रोत: संबंधित वित्तीय संस्थाएं।

सारणी V.12: चुनिंदा अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं द्वारा बाण्डों / डिबेंचरों के सार्वजनिक निर्गम / निजी स्थानन के माध्यम से जुटाये गये संसाधन

(राशि करोड़ रुपये में)

वित्तीय संस्था	बाण्ड / डिबेंचरों का सार्वजनिक निर्गम		बाण्ड / डिबेंचरों का निजी स्थानन		कुल	
	2001-02	2002-03	2001-02	2002-03	2001-02	2002-03
1	2	3	4	5	6	7
आइडीबीआइ	654	2,825	3,559	2,184	4,213	5,009
आइएफसीआइ	0	0	651	267	651	267
आइआइबीआइ	0	0	551	150	551	150
आइडीएफसी	0	0	250	400	250	400
टीएफसीआइ	0	0	48	93	48	93
एक्जिम बैंक	0	0	625	2,505	625	2,505
एनएचबी	0	0	238	1,877	238	1,877
सिडबी	0	0	1,224	961	1,224	961
नाबार्ड	0	0	2,549	2,988	2,549	2,988
कुल	**654**	**2,825**	**9,695**	**11,425**	**10,349**	**14,250**
	(6.3)	**(19.8)**	**(93.7)**	**(80.2)**	**(100.0)**	**(100.0)**

आंकड़े अनंतिम हैं।
कोष्ठकों के आंकड़े वर्ष के दौरान जुटाये गये कुल संसाधनों में प्रतिशत अंश दर्शाते हैं।
स्रोत : संबंधित वित्तीय संस्था।

5.40 विभिन्न परिपक्वता वाली सरकारी प्रतिभूतियों के प्रतिफल में आयी गिरावट के साथ ही, पिछले वर्ष की तुलना में, वित्तीय संस्थाओं द्वारा जिस भारित औसत ब्याज दर पर रुपया बाण्ड / डिबेंचरों के माध्यम से संसाधन जुटाये गये उसमें भी गिरावट आयी (सारणी V.13 और परिशिष्ट सारणी V.7)। वित्तीय संस्थाओं के लिखतों में भारित औसत परिपक्वता के मामले में ऐसी सामान्य प्रवृत्ति नहीं पायी गयी।

वित्तीय संस्थाओं के मुद्रा बाजार परिचालन

5.41 पूर्णतः अंतर बैंक मांग / नोटिस मुद्रा बाजार की ओर बढ़ने की दृष्टि से 19 अप्रैल 2001 को वर्ष 2001-02 की मौद्रिक और ऋण नीति में यह घोषित किया गया था कि इस बाजार में परिचालन के लिए बैंकेतर संस्थाओं अर्थात वित्तीय संस्थाओं, म्युचुअल फंड और बीमा कंपनियों की पैठ को क्रमशः चार चरणों में कम किया जायेगा। तदनुसार, चरण I के रूप में उन्हें 2000-01 के दौरान उनके द्वारा

सारणी V.13 : चुनिंदा अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं द्वारा रुपया बाण्ड / डिबेंचरों के माध्यम से जुटाये गये संसाधनों की भारित औसत लागत/परिपक्वता

संस्था	भारित औसत लागत (प्रतिशत)		भारित औसत परिपक्वता (वर्ष)	
	2001-02	2002-03	2001-02	2002-03
1	2	3	4	5
आइडीबीआइ	10.3	8.4	4.3	2.8
आइआइबीआइ	12.9	12.8	6.4	7.0
आइएफसीआइ	11.1	6.8	8.7	5.1
टीएफसीआइ	10.5	10.1	7.0	8.5
एक्जिम बैंक	10.8	8.9	6.4	6.1
आइडीएफसी	9.0	7.6	5.0	5.6
सिडबी	7.5	6.6	1.0	2.3
नाबार्ड	8.0	6.1	2.6	3.2
एनएचबी	8.7	6.4	7.4	4.0

आंकड़े अनंतिम हैं।
स्रोत : संबंधित वित्तीय संस्था।

औसतन दिये गये उधार के 85 प्रतिशत उधार देने के लिए अनुमति दी गयी। उसके बाद 14 जून 2003 से चरण II के भाग के रूप में बैंकेतर संस्थाओं को सूचना देने के लिए नियत पखवाड़े में 2000-01 के दौरान उनके द्वारा दिये गये औसतन उधार के औसतन 75 प्रतिशत तक उधार देने के लिए अनुमति दी गयी है। तदनुसार, वित्तीय संस्थाओं के संबंध में बारह वित्तीय संस्थाओं (अर्थात यूटीआइ, एलआइसी, आइडीबीआइ, नाबार्ड, जीआइसी, एक्जिम बैंक, एनएचबी, सिडबी, आइआइबीआइ, ईसीजीसीआइ, आइएफसीआइ और टीएफसीआइ) जिन्हें मांग / सूचना मुद्रा बाजार में उधार देने के लिए अनुमति दी गयी है, की प्रभावी सीमा अब 2,749 करोड़ रुपये है। इसके परिणामस्वरूप वित्तीय संस्थाओं से दिये जानेवाले औसत दैनिक उधार में, वर्ष 2003-04 के दौरान अब तक, गिरावट आयी है। 27 दिसंबर 2003 से शुरू हो रहे पखवाड़े से गैर-बैंकों को वर्ष 2000-01 के दौरान मांग/सूचना मुद्रा बाजार में उनके औसत दैनिक उधार के 60 प्रतिशत तक किसी रिपोर्टिंग पखवाड़े में औसत आधार पर उधार देने की अनुमति दी जाएगी ।

5.42 वर्ष 2002-03 के दौरान एक प्रमुख बीमा कंपनी ने अप्रत्याशित भारी आगम को ध्यान में रखकर मांग / सूचना मुद्रा बाजार में अधिक पैठ के लिए अनुरोध किया था और रिज़र्व बैंक ने सीमित अवधि के लिए अनुमति दी थी।

5.43 नौ संस्थाओं अर्थात आइडीबीआइ, आइएफसीआइ, एक्जिम बैंक, सिडबी, आइआइबीआइ, टीएफसीआइ, नाबार्ड, आइडीएफसी और एनएचबी को उनके अपने अद्यतन लेखा-परीक्षित तुलन पत्र के अनुसार अपनी निवल स्वाधिकृत निधि के शत-प्रतिशत के समकक्ष संसाधन जुटाने के लिए यथापेक्षित (अम्ब्रेला) सीमाएं दी गयी हैं। रिज़र्व बैंक द्वारा उन्हें मीयादी मुद्रा, जमा प्रमाणपत्र और वाणिज्यिक पत्र जारी करने, सावधि जमा और अन्तर्कम्पनी जमा स्वीकार करने (जहां कहीं लागू हो) के माध्यम से संसाधन जुटाने के लिए अनुमति दी गयी है।

5.44 वित्तीय संस्थाओं द्वारा इन लिखतों के माध्यम से जुटाये गये संसाधनों की औसतन सकल राशि 2001-02 के 10,081 करोड़ रुपये (सीमाओं के 32.9 प्रतिशत) से घटकर वर्ष 2002-03 में (सारणी V.14) 6,472 करोड़ रुपये सीमाओं के 25.6 प्रतिशत हो गयी। अन्तर्कम्पनी जमा और मीयादी जमा अधिक पसंदीदा लिखते बने रहे तथा उसके बाद वाणिज्यिक पत्र, वाणिज्यिक जमा और सावधि जमा को पसंद किया गया।

5.45 वित्तीय संस्थाओं द्वारा इन लिखतों के माध्यम से जुटाये गये संसाधनों की औसतन समग्र राशि में 2003-04 की पहली छमाही में और गिरावट आयी।

वित्तीय संस्थाओं को रिज़र्व बैंक की सहायता

5.46 वर्ष 2002-03 (जुलाई-मार्च) के दौरान रिज़र्व बैंक द्वारा किसी भी वित्तीय संस्था को दीर्घावधि के लिए सहायता मंजूर नहीं की गयी। जून 2003 के अंत में जहां राष्ट्रीय औद्योगिक ऋण (दीर्घावधि परिचालन) निधि के अंतर्गत किसी संस्था का कोई दीर्घावधि उधार बकाया नहीं था वहीं जून 2003 के अंत में राष्ट्रीय आवास ऋण (दीर्घावधि परिचालन) निधि के अंतर्गत एनएचबी को देय बकाया ऋण की राशि 175 करोड़ रुपये थी (सारणी V.15)। रिज़र्व बैंक द्वारा 2002-03 के दौरान राज्य वित्तीय निगमों को संबंधित राज्य सरकारों/संघशासित क्षेत्रों द्वारा गारंटीकृत तदर्थ बाण्डों की जमानत पर बैंक दर पर दो वर्ष से न्यून अवधि के लिए मंजूर की गयी तदर्थ उधार सीमा की कुल राशि 166 करोड़ रुपये थी।

सारणी V.14 : चुनिंदा अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं के मुद्रा बाजार परिचालन

(करोड़ रुपये)

क्र. सं.	लिखत	2002-03	2003-04	2002-03
1	2	3	4	5
I.	**औसतन दिये गये उधार**		(अक्तूबर 3 2003 तक)	(अक्तूबर 4 2002 तक)
	1. मांग / सूचना मुद्रा	2,508	1,903	2,763
II.	**औसतन लिये गये उधार**		(सितम्बर 5 2003 तक)	(सितम्बर 6 2002 तक)
	1. सावधि मुद्रा	373	202	476
	2. सावधि जमा	1,548	2,253	1,183
	3. अंतर्कम्पनी जमा	3,078	1,760	4,193
	4. जमा प्रमाणपत्र	504	397	519
	5. वाणिज्यिक पत्र	964	1,649	552
	कुल #	**6,467**	**6,261**	**6,923**

: आंकड़ों को पूर्णांकित करने के कारण हो सकता है कि जोड़ मेल न खाए।

सारणी V.15 : वित्तीय संस्थाओं को रिज़र्व बैंक की सहायता

(बकाया राशि करोड़ रुपये में)

सहायता का प्रकार	30 जून 2002	30 जून 2003
1	2	3
दीर्घावधि ऋण एनएचसी (एलटीओ) निधि		
एनएचबी	175.0	175.0
मध्यावधि / अल्पावधि ऋण		
राज्य वित्तीय निगम	30.8	17.0
कुल	**205.8**	**192.0**

टिप्पणियां : (1) दीर्घावधि ऋण (एनआइसी (एलटीओ) के अंतर्गत वित्तीय संस्थाओं को रिज़र्व बैंक द्वारा दोनों वर्षों के लिए कोई सहायता नहीं दी गयी।
(2) दोनों वर्षों के लिए आइडीबीआइ को कोई मध्यावधि/अल्पावधि ऋण नहीं दिया गया।

प्रौद्योगिक प्रगति में वित्तीय संस्थाओं की भूमिका

5.47 वित्तीय संस्थाओं के मुख्य प्रतियोगी बैंक हैं जिनके पास शाखाओं का व्यापक नेटवर्क और विशेषतः अल्पावधि आस्तियों और देयताओं में विभिन्न संविभाग तथा भुगतान और निपटान प्रणाली के भाग के रूप में सीमित जमा बीमा है। बैंक और वित्तीय संस्थाओं की तुलना में लाभप्रदता का मुख्य निर्धारक - विस्तार अनुपात काफी महत्त्व रखता है। तथापि, बैंकों के तुलन-पत्र में अल्पावधि देयताओं की अधिकता आस्ति देयता प्रबंध के विवेकपूर्ण सिद्धांतों के अनुसार बैंकों को दीर्घावधि ऋण देने से रोकती है। बैंकों की तुलना में वित्तीय संस्थाएं न्यूनतम लेनदेन लागत पर निवेश ऋण देने के अनुकूल होती हैं।

5.48 वित्तीय संस्थाओं के विशेष समूह अर्थात विकास वित्त संस्थाओं ने विशेष क्षेत्र अर्थात प्रौद्योगिकी प्रगति में विशेष रूप से उल्लेखनीय योगदान दिया है। जोखिम पूंजी निधि जैसी संस्थाओं की अनुपस्थिति में विकास वित्त संस्थाएं प्रौद्योगिक नीति के साधन के रूप में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं क्योंकि वे जानकारी का निर्माण करने और अर्थव्यवस्था में उसे समामेलित करने को बढ़ावा देती हैं। विदेशी तथा साथ ही भारतीय अनुभव ऐसे उदाहरणों से परिपूर्ण है जिसमें विकास वित्तीय संस्थाओं ने प्रौद्योगिक नवोन्मेष में उल्लेखनीय भूमिका अदा की है (बाक्स V.4)।

6. वित्तीय संस्थाओं की पुनर्संसरचना

5.49 विश्व भर में कई देशों में हाल के वर्षों में उनके परिचालनात्मक परिवेश में हुए परिवर्तन के कारण सरकार द्वारा स्थापित और समर्थित अधिकतर वित्तीय संस्थाओं का विशाखन/पुनर्संरचना की गयी है (बाक्स V.5)। दो मुख्य वित्तीय संस्थाओं अर्थात आइडीबीआइ और आइएफसीआइ लिमिटेड की वित्तीय देयताओं की वर्ष के दौरान भारत सरकार के हस्तक्षेप से पुनर्संरचना की गयी ताकि इन वित्तीय संस्थाओं की निधि लागत में कमी की जा सके।

आइडीबीआइ के लिए पुनर्संरचना पैकेज

5.50 भारत सरकार के तत्त्वावधान में आइडीबीआइ की पुनर्संरचना के निष्पादन के भाग के रूप में इस बात पर मतैक्य हुआ कि वर्तमान निवेशों/बाण्डों की परिपक्वता पर सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/ बैंक / वित्तीय संस्थाएं आइडीबाआइ में प्रारंभिक निवेशों/बाण्डों की समान अवधि के लिए पुनर्निवेश कर सकती हैं। यह पुनर्निवेश, पुनर्निवेश के समय बाजार में प्रचलित ब्याज दर पर होगा। आइडीबीआइ उधार ली गयी अपनी वर्तमान राशि पर मूल रूप में संविदाकृत ब्याज दर पर ब्याज देना जारी रखेगा। तथापि, सरकार आइडीबीआइ को संविदाकृत दर और 8 प्रतिशत के बीच के अंतर की प्रतिपूर्ति करेगी।

भारतीय औद्योगिक विकास बैंक (उपक्रम अंतरण और निरसन) विधेयक, 2002

5.51 विकास वित्तीय संस्थाओं को या तो वाणिज्य बैंक या गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों में परिवर्तन के लिए नरसिंहम समिति की सिफारिश के बाद विकास वित्तीय संस्थाओं और बैंकों की भूमिका और परिचालनों में सामंजस्य के लिए कार्यकारी दल (अध्यक्ष : श्री एस.एच.खान) से आइडीबीआइ को बैंक में परिवर्तित करने के लिए दिये गये सुझाव के कारण सरकार ने अपने 2002-2003 के बजट में आइडीबीआइ को आगामी वर्ष में निगमित करने के लिए आवश्यक कानूनी परिवर्तन करने का प्रस्ताव रखा। तदनुसार, लोकसभा में 4 दिसंबर 2002 को भारतीय औद्योगिक विकास बैंक (उपक्रम अंतरण और निरसन) विधेयक, 2002 लाया गया।

5.52 निरसन विधेयक की कुछ महत्त्वपूर्ण बातें निम्नानुसार हैं :

- सरकार द्वारा नियत तारीख पर भारतीय औद्योगिक विकास बैंक अधिनियम निरस्त हो जायेगा और आइडीबीआइ का उपक्रम 'भारतीय औद्योगिक विकास बैंक लिमिटेड' नामक कंपनी को प्रदान किया जायेगा।
- नई कंपनी बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 5 (सी) के अंतर्गत बैंकिंग कंपनी मानी जायेगी और अधिनियम के उपबंधों के अनुसार बैंकिंग कारोबार करेगी तथा उसके लिए रिज़र्व बैंक से लाइसेंस प्राप्त करना आवश्यक नहीं होगा।
- साथ ही, नई कंपनी को नियत दिन से पांच वर्ष की अवधि के लिए बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 24 के अंतर्गत सांविधिक चलनिधि अनुपात बनाये रखने से छूट दी जायेगी।

बॉक्स V.4 : प्रौद्योगिक प्रगति में विकासात्मक वित्तीय संस्थाओं की भूमिका

प्रौद्योगिक नीति का उद्देश्य ज्ञान के सृजन को बढ़ावा देना आर्थिक विकास के लिए इसका उपयोग करना है। अक्सर एक उत्प्रेरक की विशेषकर, विकासशील राष्ट्रों में आवश्यकता होती है जो जारी प्रौद्योगिक उन्नति के लिए ज्ञान के सृजन को ज्ञान के वाणिज्यिकीकरण में बदल सके। विकास के प्रारंभिक चरण में फर्मों को ज्ञान की प्राप्ति, समावेशन, रूपांतरण और उपयोग हेतु सहायता की आवश्यकता पड़ती है।

इस संदर्भ में विकासात्मक वित्तीय संस्थाओं ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रौद्योगिक उन्नति में शेयर बाजार आधारित (अमेरिका, ब्रिटेन) बनाम बैंक आधारित (जर्मनी, जापान) वित्तीय प्रणाली की सापेक्षिक गुणवत्ता पर दीर्घ काल से चल रही चर्चा को इस संदर्भ में अब आधार प्रदान किए जाने की आवश्यकता है। अमेरिका में सूचना तकनीक क्रान्ति की सफलता का श्रेय बाजार आधारित वित्तीय प्रणाली को देते हुए कुछ लोगों ने यह तर्क दिया है कि सूचना तकनीक विजेताओं का चुनाव करने में बैंक आधारित प्रणाली की तुलना में शेयर बाजार बेहतर है। तथापि, अन्य लोगों ने यह उल्लेख किया है कि सूचना प्रौद्योगिक के उन्नयन में शेयर बाजार न तो आवश्यक अथवा पर्याप्त शर्त है। विशेष रूप से विकासशील देशों को अविकसित शेयर बाजार से भुगतना पड़ता है जो किसी फर्म की मूल्य अन्वेषण प्रक्रिया को अपर्याप्त बनाता है तथा यह फर्मों की वास्तविक दीर्घावधि लाभप्रदता को भी ठीक-ठीक प्रतिबिंबित नहीं कर सकता है।

कई देशों में, विकासात्मक वित्तीय संस्थाओं की स्थापना इस उद्देश्य से की गई कि वे समय आने पर फर्मों की समावेशन क्षमता को नवोन्मेषी प्रौद्योगिक की वाणिज्यिक उपयोगिता के लिए विकसित कर सकें। दीर्घावधि ऋण प्रदान करने के अतिरिक्त विकासात्मक वित्तीय संस्थाओं से यह आशा की जाती है कि वे परियोजनाओं का विकास करें, प्रबंधकीय कौशल में वृद्धि करें, उद्यमिता विकसित करें तथा तकनीकी क्षमताओं के विकास में सहायता करें। सरकार, तकनीकी संस्थाओं एवं फर्मों के साथ निकट से कार्य करते हुए विकासात्मक वित्तीय संस्थाओं से यह अपेक्षा की गई वे प्रौद्योगिक नीति को प्रभावित करें तथा यह सुनिश्चित करें कि प्रौद्योगिक क्षमताओं का विकास नीति कार्यान्वयन के माध्यम से हो सके। कई विकासशील देशों में विकासात्मक वित्तीय संस्थाएं ही उद्यम पूंजी के संगठित स्रोत हैं।

भारत में विकसित पूंजी बाजार के अभाव में विकासात्मक वित्तीय संस्थाएं ही उद्योग के लिए अधिक आवश्यक दीर्घावधि वित्त का प्रमुख स्रोत थीं। उन्होंने प्रौद्योगिक विकास तथा नए उद्यम सृजन गतिविधियों के लिए सशर्त अनुदान अथवा वित्तीय सहायता प्राप्त ऋण उपलब्ध कराएं। उद्यम पूंजी गतिविधि किसी विकासात्मक वित्तीय संस्था द्वारा ही शुरू की गई। विकासात्मक वित्तीय संस्थाओं न फर्मों तथा तकनीकी संस्थानों के बीच संवाद के कार्यक्रम विकसित करते हुए तथा ऐसे संवाद (सारणी क) को प्रोत्साहित करने के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए इसे प्रेरणा प्रदान करने में अपनी भूमिका निभाई।

विकास वित्तीय संस्थाओं की संख्या में वित्तीय क्षेत्र सुधारों के चलते कमी आने के साथ ही बैंकों के साथ-साथ पूंजी बाजार के नवोन्मेषी वित्तीय तंत्र से यह आशा की जाती है कि वे वित्तीय सहायता को आगे लाने की आवश्यकता पर सावधानी बरतें। भारत सरकार, कुछ चुनिंदा वित्तीय संस्थाओं के लिए उनके खराब वित्तीय कार्य-निष्पादन, बढ़ती हुई गैर-निष्पादक आस्तियां तथा वित्तीय संस्थाओं द्वारा संसाधन जुटाने के लिए प्रतिकूल बाजार शर्तों को ध्यान में रखते हुए पुनर्संरचना पैकेजों के साथ आगे लाने में अनुकूल सक्रियता दिखा रही है। वित्तीय संस्थाओं की वित्तीय सुदृढ़ता को वापस लाने से यह आशा की जाती है कि जोखिम प्रतिलाभ रूपरेखा की संगति में परियोजना वित्त गतिविधियों की समय से पुनर्जीवित किया जा सकेगा।

सारणी 'क' भारत में प्रौद्योगिक विकास में विकास वित्त संस्थाओं का समर्थन : एक उदाहरण

समर्थन	सिडबी	आइएफसीआई
मूलभूत सुविधा समर्थन	सामान्य सुविधाएं, जांच	विज्ञान तथा तकनीकी पार्कों
प्रौद्योगिक ज्ञान समर्थन	गुणवत्ता कार्यक्रम	प्रौद्योगिक परामर्श, परियोजना रुपरेखा
सूचना समर्थन	अभिज्ञान कार्यमात्राएं, प्रौद्योगिक संस्थान - फर्म संवाद	बाजार सर्वेक्षण, अवसर की पहचान
खरीद समर्थन	कुछ कार्यक्रमों पर	प्रौद्योगिक स्रोत पहचान
बाजार समर्थन	गुणवत्ता कार्यक्रम, आधुनिकीकरण कार्यक्रम कार्यक्रमों पर	बाजार सर्वेक्षण
आयोजना समर्थन	कुछ कार्यक्रमों पर	कुछ कार्यक्रमों पर
वित्तीय समर्थन	लघु उद्योगों को ऋण, जोखिम पूंजी, पर्यावरणीय निधीयन	परियोजना ऋण
प्रबंधकीय समर्थन	आधुनिकीकरण पैकेज	निदान-शास्त्र, चतुर्दिक सहायता
शैक्षणिक समर्थन	कौशल उन्नयन, उद्यमिता विकास कार्यक्रम	उद्यमिता विकास कार्यक्रम को समर्थन

संदर्भ :

एलन एफ (1993), "स्टॉक मार्केट्स एण्ड रिसोर्स एलोकेशन," इन सी मेयर एण्ड एक्स वीव्स (ईडीएस), कैपिटल मार्केट्स एण्ड फाइनेंसियल इन्टरमेडिएशन, कैम्ब्रिज, कैन्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस।

जॉर्ज जी. एण्ड जी.एन.एन. प्रभु (2003),"डेवलपमेंटल फाइनेंसियल इंस्टीट्यूशनस एज टेक्नोलॉजी पॉलिसी इन्स्ट्रूमेंटस : इम्प्लीकेशन्स फॉर इनोवेशन एण्ड इन्टरप्रेनरसिप इन इमर्जिंग इकोनॉमिक्स" रिसर्च पॉलिसी।

सिंह अजीत एण्ड बी वीसे (2001)"इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी, वेन्चर केपिटल एण्ड स्टॉक मार्केट" कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी वर्किंग पेपर।

बॉक्स V.5 : विकास वित्तीय संस्थाओ के विदेशों में अनुभव

विकास वित्तीय संस्थाओं की स्थापना (डीएफआइज) एक विशेष बाजार अपर्याप्तता; दीर्घावधि निवेश में कमी तथा बचतकर्ताओं एवं ऋणकर्ताओं के अभिज्ञात जोखिम निवारण को हल करने के लिए की गई थी। बैंकों अथवा बाजारों के माध्यम से दीर्घावधि ऋण के अपर्याप्त प्रावधान की दृष्टि से इन संस्थाओं में से अनेक को राष्ट्रीय सरकारों द्वारा प्रायोजित किया गया। यद्यपि सरकार प्रायोजित इन संस्थाओं की शुरुआत फ्रांस की सन 1822 में स्थापित सोसायटी जनरल पॉवर फेवराइजर इंडस्ट्री नेशनल से हुई, लगभग दो दशक बीत जाने पर महाद्वीपीय यूरोपियन रेलवे विस्तार को वित्त प्रदान करने के लिए फ्रांस में सन 1848 में ऋण संग्राहक की स्थापना के साथ ही विकास बैंकिंग स्वतः अस्तित्व में आया। एशिया में भी, ऐसी संस्थाएं यथाशीघ्र 20वीं शताब्दी के प्रारंभ में स्थापित की गईं - जिसका एक महत्त्वपूर्ण उदाहरण सन 1900 में इंडस्ट्रियल बैंक ऑफ जापान (आईबीजे) की स्थापना है। आईबीजे ने न केवल घरेलू पूंजी बाजारों के विकास में सहायता की बल्कि इसने जापान में औद्योगिक फर्मों के लिए संविभाग पूंजी प्राप्त करने में भी अपनी भूमिका निभाई।

विकास वित्तीय संस्थाएं, विशिष्ट अनुकूल औद्योगिक क्षेत्रों को विकसित करने एवं बढ़ावा देने तथा सामाजिक एवं आर्थिक विकास में वृद्धि करने के लिए विशेष वित्तीय संस्थाओं के रूप में अस्तित्व में आई। अधिकांश देशों में सरकारें, दीर्घावधि औद्योगिक वित्त में अपेक्षा से कम निवेश की समस्याओं तथा विशेषज्ञता को अपेक्षा से कम संप्रेषणशीलता को बढ़ावा देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करती हैं। औद्योगिक बैंकिंग तथा विकास बैंकिंग के बीच विभेद किया गया है। औद्योगिक बैंकिंग क जर्मन-जापानी मॉडेल में बैंक, औद्योगिक विकास प्राप्त करने के लिए सक्रिय उद्यमी भूमिका अपनाते हैं। इसके विपरीत एलो सॅक्सन मॉडल वित्तीय रूढ़िवादिता पर आधारित है लेकिन इसे विकासशील देशों में पूंजी बाजार के अभाव के कारण उत्पन्न समस्याओं की पहचान हैं। विकासशील देशों में विकास बैंकिंग संभाव्य उद्यमियों के लिए प्रतीक्षा की सकारात्मक भूमिका में प्रवृत्त होती है। इसके अतिरिक्त, औद्योगिक बैंकों के रूप में कार्य करने के लिए, जैसा कि जर्मनी और जापान में है, उनके पास वित्तीय अधिकार अथवा प्रौद्योगिक निणुपता नहीं है।

विकास वित्तीय संस्थाएं, प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र के लिए सरकारी समर्थन के एक माध्यम अथवा किसी भी क्षेत्र (उदाहरणार्थ : जापान में बैंकिंग क्षेत्र में समस्याओं के उत्तर में समर्थन, राजकोषीय नीति के लिए माध्यम तथा मलेशिया में आर्थिक बदहाली से उबरने हेतु लक्ष्याधीन क्षेत्रों में निधि प्रवाह को दिशा देने, कोरिया और थाइलैण्ड में लघु मध्यम उद्यम क्षेत्र (एसएमई) के लिए समर्थन) में समस्याओं के प्रभाव का सामना करने के लिए भी प्रयुक्त होती हैं। विकास वित्तीय संस्थाओं को उनके द्वारा जारी किए गए बंध-पत्रों (उदाहरणार्थ : जापान, फ्रांस) गारंटीकृत अथवा हामीदारी द्वारा सरकारों से समर्थन प्राप्त है।

आर्थिक सहायता प्राप्त निधि के स्रोतों के समाप्त हो जाने तथा कई देशों में वित्तीय क्षेत्र सुधारों के साथ विकास वित्तीय संस्थाएं पूर्णतः नए क्षेत्रों, जैसे कि एसएमई क्षेत्र, मूलभूत सुविधाएं और आधार उद्योगों, औद्योगिक पुनर्गठन, विदेश व्यापार, पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रमों, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, पर्यावरणीय गुणवता में सुधार स्वास्थ्यपर्यावरण शिक्षा, धारणीय कृषि, ऊर्जा, जोखिम वित्त, तथा बैंकिंग सेवाओं के लिए उधार देने में प्रवृत्त हो चुकी हैं। उदहरणार्थ : इंडस्ट्रियल बैंक ऑफ कोरिया (आईबीके) जो आईबीके अधिनियम के अंतर्गत एक वर्ष 1961 में स्थापित एक प्रमुख मीयादी ऋणदाता वित्तीय संस्था है न समय बीतने पर अपनी गतिविधियों में क्रेडिट कार्ड सेवाएं, इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग, जोखिम पूंजी, न्यास लेखा प्रबंध तथा कोषागार परिचालनों जैसी विभिन्नता में बदल दिया है। आईबीके के फुटकर बैंकिंग परिचालन अपनी एसएमई उधार गतिविधियों के लिए धीमे तथा निम्न-लागत निधि के महत्त्वपूर्ण स्रोत का गठन करते हैं। ब्राजील में भी इसी प्रकार की विभिन्नता आई है। कुछ विकास वित्तीय संस्थाओं ने स्वयं को वैश्विक बैंकों (उदाहरणार्थ : सिंगापुर) में परिवर्तित कर लिया है। अपनाई गई नीतियां, विक्रय एवं अभिग्रहण, विधिक ढांचे में परिवर्तन, विधायीकरण को समर्थ बनाना, वित्तीय पुनर्गठन, पुनः अभियंत्रण, कर्ज पुनर्गठन तथा निगमित नियंत्रण हैं।

तथापि, विकासशील देशों में वे विकास वित्तीय संस्थाएं जो स्वयं का परिवर्तित वातावरण के साथ रूपान्तरित नहीं कर सकी हैं, उच्च तथा बढ़ती हुई गैर-निष्पादक आस्तियां, परियोजनाओं के कम लागत लाभ मूल्यांकनों, तथा बड़े प्रावधानों की अपेक्षा करते हुए अपनी आस्ति-देयताओं में व्यापक विसंगति के कारण उत्पन्न समस्याओं से अस्थिर हो रही हैं। इससे भी अधिक, दीर्घावधि नियत दर संसाधनों के संग्रहण में उनकी असमर्थता के चलते लाभ में क्षरण तथा कुछ मामलों में निवल संपत्ति में भी क्षरण हुआ है। वित्तीय क्षेत्र में दक्षता, पारदर्शिता, एवं स्थायित्व को विकसित करने के लिए वित्तीय क्षेत्र सुधार तथा अंशांकित वैश्वीकरण ने विकास वित्तीय संस्थाओं तथा सरकार द्वारा दिए जा रहे समर्थन पर विवाद खड़ा कर दिया है। सरकारी प्रायोजकता का शर्त बंधन के साथ बढ़ाया जा सकता है जैसा कि फ्रांस के मामलों में हुआ है। इसके अतिरिक्त, प्रभावी विनियमन तथा पर्यवेक्षण के लिए एक समुचित वैध ढांचे को व्यष्टिगत अर्थशास्त्र तथा सामाजिक-राजनीतिक हालातों, वित्तीय विकास के चरणों तथा प्रत्येक देश विशिष्ट के लिए औद्योगिक विकास के अनुकूल आधारवान बनाने की आवश्यकता है।

संदर्भ :

डी एधीमन, बीट्रीज एण्जरीज (1999), 'डेवलपमेंट बैंकिंग' जर्नल ऑफ डेवलपमेंट इकोनॉमिक्स, खण्ड 58 ।

म्यूरिंडे, वी (1996) डेवलपमेंट बैंकिंग एण्ड फाइनेंस, एवब्यूरी, असगेट पब्लिशिंग, एल्डरमॉट, यू.के.।

रिचर्ड वांग वाई.सी.एड एम एल स्पनिया वांग (2001) 'कम्पीटिमन एन चाइनाज डोमेस्टिक बैंकिंग इंडस्ट्रीज, कैरो जर्नल, खण्ड 21, सं. 1(स्प्रींज/सम्मर)।

5.53 यह विधेयक वित्त संबंधी स्थायी समिति के पास भेजा गया और समिति ने कुछ अधिक विनियामक स्थगन की सिफारिश की जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ नई परिवर्तित बैंकिंग कंपनी के लिए पांच वर्ष के लिए प्रारक्षित नकदी निधि अनुपात बनाये रखने से छूट और कतिपय कर छूट शामिल हैं। मन्त्रिमण्डल ने विधेयक में उपबंध समाविष्ट करने के लिए 11 अगस्त 2003 को विधेयक के संशोधन अनुमोदित किये ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि नई बैंकिंग कंपनी ऐसा विकास बैंक बनी रहेगी जो बड़े, मझोले और लघु उद्योगों को मीयादी ऋण देगी।

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम का पुनर्गठन

5.54 भारत सरकार ने भारतीय औद्योगिक वित्त निगम को आश्वासन दिया है कि 1 लाख रुपये से कम के सभी निवेशकर्ता को भुगतान इसके द्वारा किया जाएगा तथा एशियन डेवलपमेंट बैंक और जर्मनी के एक अग्रणी डेवलपमेंट बैंक, केएफडब्ल्यू से सभी उधारों की जिम्मेदारी सरकार लेगी । पुनः सरकार, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक बंधपत्रों के वर्तमान कूपन पर तथा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों/ वित्तीय संस्थाओं द्वारा परिपक्वता की अवधि तक धारण किए गए

सांविधिक चलनिधि अनुपात पर वर्तमान सरकारी प्रतिभूति दर के बीच अन्तर का भी भुगतान करेगी ।

सांविधिक चलनिधि अनुपात

5.55 सांविधिक चलनिधि अनुपात बाण्डों पर 1 अप्रैल 2002 को या उसके बाद हो रहे बकाया मूलधन एवं ब्याज, समान परिपक्वता के लिए पुनर्निधारण अवधि के समय सरकारी प्रतिभूतियों के लिए प्रचलित ब्याज दर पर अपने संबंधित परिपक्वता की तारीख से 10 वर्षों की अवधि के लिए पुनर्निधारित होंगे।

गैर-सांविधिक चलनिधि अनुपात देयताएं

5.56 सार्वजनिक उपक्रमों/बैंकों /वित्तीय संस्थाओं की गैर-सांविधिक चलनिधि अनुपात का पचास प्रतिशत को 1 अप्रैल, 2002 से 20 वर्षों के बाद जीरो कूपन वैकल्पिक परिवर्तनीय डिबेंचरों (ओसीडीज) में परिवर्तित कर किया जाएगा। तथापि, इसे क्षतिपूर्ति का अधिकार होगा तथा शेष 50 प्रतिशत का 6 प्रतिशत ब्याज दर पर 10 वर्षों के लिए पुनः निवेश किया जाएगा।

5.57 सरकार द्वारा अतिदेय अधिमान शेयर पूंजी के साथ-साथ बकाए अधिमान शेयर पूंजी की अवधि के पुनर्निधारण पर सहमति व्यक्त की गई है जो 0.10 प्रतिशत के कूपन दर पर 20 वर्षों की अवधि के लिए अभी बकाया होना बाकी है।

5.58 कुछ बैंकों एवं वित्तीय संस्थाओं ने भी क्रमशः 604 करोड़ तब 245 करोड़ रुपए के सुरक्षित तथा असुरक्षित ऋणों पर 6 प्रतिशत ब्याज के साथ 20 वर्षों की अवधि के लिए भारतीय औद्योगिक वित्त निगम को अवधि के पुनर्निधारण पर सहमति व्यक्त की है।

5.59 भारतीय जीवन बीमा निगम, भारतीय स्टेट बैंक तथा भारतीय औद्योगिक विकास बैंक ने वर्ष 2001 में विभिन्न अवधि के लिए भारतीय औद्योगिक वित्त निगम को क्रमशः 200 करोड़, 200 करोड़ तथा 100 करोड़ रुपये के अग्रिम को एक विशेष व्यवस्था के रूप में स्वीकृत किए हैं। इन संस्थाओं ने प्रतिवर्ष 6 प्रतिशत की ब्याज दर पर पुनः 20 वर्षों की अवधि के लिए इन अग्रिमों के पुनर्निर्धारण पर सहमति व्यक्त की है।

7. अन्य गतिविधियां

आस्ति पुनर्संरचना कंपनियां

5.60 मीयादी ऋणदाता वित्तीय कंपनियों के तुलनपत्र उनकी निवल संपत्ति में क्षरण को प्रतिफलित करते हुए गैर-निष्पादक आस्तियों द्वारा मौलिक रूप से प्रभावित हुए हैं। प्रतिभूतीकरण तथा वित्तीय आस्ति पुनर्संरचना एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002[7] के अनुपालन में (एसएआरएफएईएसआई) रिज़र्व बैंक ने आस्ति पुनर्संरचना को सहज तथा दृढ़ आधार की सुविधा देने के लिए वित्तीय आस्तियों को प्रतिभूतिकरण कंपनियों (एससीज) और पुनर्संरचना कंपनियों (एआरसीज) को बेचे जाने पर बैंकों एवं वित्तीय संस्थाओं को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। फलस्वरूप, आस्ति पुनर्संरचना कंपनियां (एआरसीज)[8] अब बैंकों तथा वित्तीय सस्थाओं द्वारा गठित एवं प्रवर्तित की जा रही है।

समेकित लेखा प्रणाली में प्रगति

5.61 समेकित लेखा प्रणाली पर भारत की सभी वित्तीय संस्थाओं का रिज़र्व बैंक द्वारा दिशा-निर्देशों का प्रारूप जारी किए जाने के साथ ही, वित्तीय कंपनियां जिनके पास अनुषंगी कंपनियां हैं, समेकित लेखा प्रणाली की ओर आवश्यक उपाय प्रारम्भ कर चुकी हैं। सूचीबद्ध वित्तीय कंपनियों ने वित्तीय वर्ष 2001-02 से ही भारतीय चार्टर्ड एकाउटंट्स संस्थान के लेखा प्रणाली मानदंड 21 के अधिदेश में अपने वार्षिक रिपोर्ट के एक भाग के रूप में समेकित लेखा प्रणाली की तैयारी/प्रकाशन को पहले ही प्रारम्भ कर दिया है।

कंपनी ऋण पुनर्संरचना (सीडीआर) - स्थिति[9]

5.62 एक उच्चस्तरीय समूह (अध्यक्ष : श्री वेपा कामेसम) की सिफारिशों पर आधारित तथा भारत सरकार से विचार-विमर्श के साथ रिज़र्व बैंक ने कंपनी ऋण पुनर्संरचना योजना को संभावित किया है। संभावित दिशा-निर्देश पूर्व के दिशा-निर्देशों के अधिक्रमण में जारी किए गए। इसक अनुपालन में ऋण जमा अनुपात तंत्र रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी वित्तीय संस्थाओं में लागू कर दिया गया है।

5.63 ऋण जमा अनुपात व्यवस्था 47 वित्तीय संस्थाओं/बैंकों द्वारा 25 फरवरी 2002 को अंतर जमाकर्ता समझौता (आइसीए) किए जाने के साथ मार्च 2002 से परिचालनात्मक रूप में लागू हुआ। उस तारीख तक,61 संस्थानों/बैंकों ने जिसमें भारत स्तर की वित्तीय कंपनियां(12), सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (27) तथा निजी क्षेत्र के बैंक (22) शामिल थे, अंतर जमाकर्ता समझौता (आईसीए) पर हस्ताक्षर किए। यूनिट ट्रस्ट ऑफ इंडिया (वित्तीय कंपनियों में से), सात निजी क्षेत्र के बैंक तथा 41 विदेशी बैंक के अभी इस अंतर जमाकर्ता समझौते पर हस्ताक्षर करना बाकी हैं। 2002-03 के दौरान ऋण जमा अनुपात स्थायी फोरम ने दो बार, कोर ग्रूप ने पांच बार, तथा अधिकृत समूह ने 16 बार बैठकें की हैं। प्राप्त 60 आवेदनपत्रों में से (2001-02 से

[7] एसएआरएफएईएसआइ अधिनियम पर अध्याय II में अधिक विस्तार से विचार किया गया है ।
[8] अध्याय VI में एआरसी पर चर्चा की गई है ।
[9] अध्याय II में ब्यौरे दिये गये है ।

चार) ऋण जमा अनुपात कक्ष ने सभी मामलों को निर्धारित समय सीमा 30 दिन के भीतर अधिकृत समूह को भेज दिया है। अधिकृत समूह ने 29 मामलों के संबंध में अंतिम योजना को अनुमोदित कर दिया जिसमें वित्तीय प्रणाली द्वारा सकल सहायता राशि 29,167 करोड़ रुपये है, 6,826 करोड़ रुपये की बकाया सहायता वाले 18 मामलों का अस्वीकृत कर दिया गया है तथा 8,376 करोड़ रुपये की सकल बकाया सहायतावाले शेष 13 मामलों को संसाधित किया जा रहा है।

पारस्परिक निधियां

पारस्परिक निधियों से संबंधित नीतिगत गतिविधियां

5.64 पारस्परिक निधियों के परिचालन तथा नियंत्रण में सुधार के लिए वर्ष 2002-03 के दौरान कई उपाय किए गए। इन उपायों में आधार निर्माताओं के कार्य निष्पादन की घोषणा, गैर सूचीबद्ध इक्विटी शेयरों के मूल्यांकन के लिए दिशा निर्देश, आधार संहिता पर दबाव, शेयरों के परोक्ष लेनदेन विनियमनों, जोखिम प्रबंधन मानदंड पर दिशा निर्देश, पारस्परिक निधि इकाइयों के विक्रय तथा विपणन में शामिल पारस्परिक निधि मध्यवर्ती संस्थाओं के अधिदेशात्मक पंजीयन जैसे कुछ उपाय शामिल हैं।

पारस्परिक निधियों द्वारा संसाधन संग्रहण

5.65 पारस्परिक निधियों द्वारा वर्ष 2002-03 के दौरान संसाधन संग्रहण मुख्यतः यूटीआइ से निधियों के पर्याप्त निवल बहिर्गमन के चलते तेजी से नीचे उतरा जिसकी पुनर्संरचना उसी वर्ष (सारणी V.16 तथा परिशिष्ट सारणी V.8) की गई। निजी क्षेत्र की पारस्परिक निधियों में भी निधि संग्रहण में उतार आया जबकि सार्वजनिक क्षेत्र की निधियों में थोड़ी वृद्धि दर्ज की गई। तथापि, पारस्परिक निधियों द्वारा संसाधन संग्रहण में अप्रैल-सितंबर 2003 के दौरान तेजी से वृद्धि हुई। जबकि यूटीआई ने 2002-03 के दौरान पूंजी बहिर्गमन की तुलना में निवल अन्तर्वाह दर्ज किया, निजी क्षेत्र की पारस्परिक निधियों में भी भारी संग्रहण दर्ज किया गया।

यूनिट ट्रस्ट ऑफ इंडिया की पुनर्संरचना

5.66 विगत कई वर्षों में यूटीआई में हालातों को बिगड़ने से बचाने के लिए कई उपाय किए गए जिनका निवेशकर्ताओं की अवधारणाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। 31 अगस्त 2002 को मंत्री मंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीइए) द्वारा घोषित सुधार पैकेजों यथाप्रस्तावित यूटीआई अधिनियम, 1963 को 30 अक्तूबर 2002 को एक अध्यादेश द्वारा निरसित किया गया। इस अध्यादेश ने यूटीआई को दो हिस्सों यथा यूटीआई I जिसमें यूएस-64 शामिल है तथा जिसमें सरकार द्वारा नियुक्त प्रशासक के अंतर्गत आश्वासित प्रतिफल योजनाएं रखी जाएंगी, तथा यूटीआई- II (जिसे बाद में यूटीआई पारस्परिक निधि का नाम दिया जाएगा (यूटीआईएमएफ) ।जिसमें एनएवी आधारित योजनाएं शामिल हैं, इसे व्यावसायिक प्रबंध में लाया जाएगा तथा

सारणी V.16 : पारस्परिक निधियों द्वारा संसाधन संग्रहण

(करोड़ रुपये)

पारस्परिक निधि	2001-02	2002-03
1	2	3
I. सार्वजनिक क्षेत्र*	1,474.4	1,988.2
II. यूनिट ट्रस्ट ऑफ इंडिया	-7,284.0	-9,434.0
III. निजी क्षेत्र	12,947.9	12,025.9
कुल योग (I+II+III)	**7,138.3**	**4,580.1**

* यूटीआई को छोड़कर।

टिप्पणी : 1. आंकड़े अनंतिम हैं।
2. यूटीआई के लिए आंकड़े निवल बिक्री (प्रीमियम के साथ) के हैं जिसमें पुनर्निवेश विक्रय, तथा अन्य पारस्परिक निधियों के लिए विक्रय, सभी योजनाओं के अंतर्गत निवल विक्रय को दर्शानेवाले आंकडे शामिल हैं।

स्रोत : संबंधित पारस्परिक निधि वर्ष 2001-02 तथा 2002-03 के लिए भारतीय प्रतिभूतियां एवं विनिमय बोर्ड

सेबी की विनियामक सीमा में लाया जाएगा, में विभाजित करते हुए इसके पुनर्गठन की मांग की । इन दो निकायों के बीच न्यासी एवं देयताओं के वितरण के परिचालनात्मक पक्षों को शामिल करने वाली योजनाएं जनवरी, 2003 से लागू हो गईं। वर्तमान में यूटीआई-1 की सभी योजनाएं, प्रशासक द्वारा संचालित यूटीआई विशिष्ट उपक्रम (एसयूयूटीआई) द्वारा व्यवस्थित की जा रही है। सरकार ने भी यूटीआईएमएफ के चार प्रायोजकों, यथा : भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा तथा भारतीय जीवन बीमा निगम के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया जो यूटीआई को एक मिश्रित संस्था से पारस्परिक निधि में परिवर्तन को रेखांकित करता है।

5.67 सरकार छोटे निवेशकर्ताओं की यूएस-64 योजना के लिए सभी देयताओं तथा अन्य आश्वस्त आय योजनाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। यूएस-64 यूनिटों को बॉण्डों में परिवर्तिय कर दिया गया तथा जून 2003 में अनुषंगी बाजार में ट्रेडिंग भी शुरू हो गई वर्ष 2003-04 के केन्द्रीय बजट में यूटीआई-1 को लाभांश वितरण कर से छूट दे दी गई।

5.68 यूटीआई एमएफ द्वारा उन्नत पारदर्शिता तथा घोषणा, भली प्रकार स्थापित निवेश दिशानिर्देश तथा जोखिम प्रबंध पर महत्तम दबाव, नवोन्मेषी योजनाओं को शुरू किया जाना, योजनाओं का विलय, यूनिटों का बाण्डों में परिवर्तन, अधिकारों का प्रत्यायोजन, संगठनात्मक सुदृढ़ता, तथा अन्य संबंधित मामलों सहित इसके कार्य निष्पादन में सुधार के लिए यूटीआईएमएफ द्वारा कई उपाय किए गए हैं। इन उपायों को दर्शाते हुए यूटीआईएमएफ ने विगत दो वर्षों के दौरान यूटीआई द्वारा नकारात्मक संसाधन संग्रहण की तुलना में अप्रैल-सितंबर, 2003 के दौरान 637 करोड़ रुपये सकारात्मक अन्तर्वाह के साथ अपने संसाधन संग्रहण में सुधार दर्ज किया है ।

अध्याय VI

गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां*

6.1 गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों में गैर-बैंकिंग वित्तीय मध्यस्थ संस्थाओं का एक अत्यधिक विविधतापूर्ण समूह शामिल है। वे विभिन्न पहलुओं यथा अपने आकार, निगमन और विनियमन के स्वरूप तथा वित्तीय मध्यस्थ संस्थाओं के मूलभूत कार्यों के क्षेत्र में भिन्न-भिन्न हैं। अपनी विविधता के होते हुए भी, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां भारतीय अर्थव्यवस्था में 'विशिष्ट पर लाभप्रद' वित्तीय सेवाएं प्रदान करने की क्षमता के कारण विशेषताप्राप्त हैं। अपनी संगठनगत नमनीयता में तुलनात्मक रूप से बेहतर होने के कारण अकसर बैंकों और वित्तीय संस्थाओं की तुलना में अपेक्षाकृत अधिक तेजी से ग्राहकों की अपेक्षानुसार तैयारशुदा सेवाएं प्रदान करने में सक्षम होती हैं। इससे वे छोटे ऋणकर्ताओं से लेकर प्रतिष्ठित कंपनियों तक को अपना ग्राहक-वर्ग बनाने में समर्थ हुई हैं। जहां गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां प्राय: ऐसे वित्तीय नवोन्मेषों में अग्रणी रही हैं जिनसे कि वित्तीय प्रणाली की कार्यदक्षता बढ़ सकती है, वहीं उनकी अनिर्वहनीयता की घटनाएं, जो प्राय: उनकी जमाराशियों पर उच्च ब्याज दरों और समय-समय पर होनेवाली दिवालियापन की स्थिति के कारण, उनकी वित्तीय सक्षमता को सुदृढ़ किये जाने की जरूरत को रेखांकित करती हैं। इस प्रकार, विनियामक चुनौती इस बात में है कि एक ऐसा पर्यवेक्षी ढांचा बनाया जाए जो उनके युक्तिपूर्णचालन और नवोन्मेषिता के मूल तत्व, जोकि इस क्षेत्र की विशेषता है, को बाधा पहुंचाए बिना वित्तीय स्थिरता को सुनिश्चित कर सके।

6.2 नब्बे के दशक के प्रारम्भिक वर्षों तक गैर-बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों की संख्या काफी बढ़ गयी थी। तेजी से हुआ यह विस्तार किराया खरीद, आवास वित्त, उपकरण पट्टे पर देने और निवेश जैसे क्षेत्रों में कार्य के नये अवसरों के संबंध में वित्तीय उदारीकरण की प्रक्रिया द्वारा निर्मित सम्भावनाओं के कारण था। वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के पारित हो जाने के बाद इस क्षेत्र में आस्ति पुनर्गठन का कारोबार नयी सम्भावनाएं लेकर आया है।

6.3 उन कम्पनियों की तेज गति से होनेवाली वृद्धि को देखते हुए तथा कतिपय असामंजस्य पैदा कर देनेवाली गतिविधियों की प्रतिक्रिया के रूप में मार्च 1997 में भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 में हुए संशोधन के परिणामस्वरूप रिज़र्व बैंक ने जनवरी 1998 में उक्त पर्यवेक्षी ढांचे को सुदृढ़ बना दिया। पर्यवेक्षण की दृष्टि से, राजकोषीय वर्ष 2002-03 में भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 में संशोधन होने के समय विद्यमान गैर-बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों के अनिवार्य पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी की गयी। इसके अलावा, एक आस्ति-देयता प्रबंधन प्रणाली भी लागू की गयी। बेहतर पारदर्शिता लाने के लिए रिज़र्व बैंक ने मार्च 2003 से तुलनपत्रों की घोषणा करने की प्रणाली भी शुरू की।

6.4 हाल के वर्षों में विवेकपूर्ण ढंग से वित्तपोषण की सुविधा से गैर-बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार दिखायी दिया है। सूचना देनेवाली अधिकांश गैर-बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों ने जोखिम भारित आस्तियों के प्रति निर्दिष्ट न्यूनतम 12 प्रतिशत का पूंजी अनुपात (सीआरएआर) दर्ज किया, जिसमें लगभग तीन चौथाई कम्पनियों का सीआरएआर 30 प्रतिशत से अधिक था। इसी प्रकार, गैर-बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों की ऋण मात्रा के प्रतिशत के रूप में गैर-निष्पादक आस्तियों में, सकल तथा निवल दोनों रूपों में हाल के वर्षों में गिरावट आती रही है। तथापि, एक क्षेत्र के रूप में गैर-बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों ने 2001-02 के दौरान निरंतर दूसरे वर्ष भी हानियां दर्ज कीं हैं।

2. भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा विनियमित गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थाएं

6.5 भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा अंशत: अथवा पूर्णत: विनियमित गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थाओं में निम्नलिखित सम्मिलित हैं:

- गैर-बैंकिंग वित्तीय कम्पनियां जिनमें उपस्कर पट्टा, किराया खरीद वित्तपोषण, ऋण, निवेश तथा अवशिष्ट गैर-बैंकिंग व्त्तीय कम्पनियां शामिल हैं;
- पारस्परिक हितकारी वित्तीय कंपनी अर्थात निधि कंपनियां**;
- पारस्परिक हितकारी कंपनियां अर्थात** संभावित निधि कंपनियां

* पिछले वर्षों की तरह जहां नीतिगत गतिविधियां इस अध्याय में राजकोषीय वर्ष 2002-03 से संबंधित हैं ,वहीं आकड़े उपलब्ध होने में लगनेवाले समय के कारण गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के कार्य-निष्पादन का विश्लेषण मुख्यत: वर्ष 2001-02 तक सीमित है।

** कंपनी कार्य विभाग, भारत सरकार ने 29 सितंबर 2003 से पारस्परिक लाभवाली (म्युच्युअल बेनिफिट) वित्तीय कंपनियों और पारस्परिक लाभवाली (म्युच्युअल बेनिफिट) कंपनियों का समूचा विनियमन अपने हाथ में ले लिया।

- विविध गैर-बैंकिंग कंपनियां अर्थात चिट फंड कंपनियां अर्थात उनकी जमाराशियाँ लेने की गतिविधि की सीमा (सारणी VI.1)

6.6 कतिपय प्रकार की वित्तीय कंपनियां जैसे बीमा कंपनियां, आवास वित्त कंपनियां, स्टाक ब्रोकिंग कंपनियाँ, चिट फंड कंपनियां, कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 620 क के अधीन निधि के रूप में अधिसूचित है और वणिक (मर्चंट) बैंकिंग गतिविधियों में लगी कंपनियों को (कतिपय शर्तों के अधीन) रिज़र्व बैंक के विनियमनों से छूट-प्राप्त है, क्योंकि वे अन्य एजेंसियों द्वारा विनियमित हैं ।

3. पंजीकरण

6.7 भारतीय रिजर्व बैंक (संशोधन) अधिनियम, 1997 में गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के लिए रिज़र्व बैंक के पास पंजीकरण प्रमाणपत्र के लिए आवेदन करना अनिवार्य कर दिया गया है। पंजीकरण के लिए न्यूनतम निवल स्वाधिकृत निधि[1] की सांविधिक अपेक्षा उस समय

सारणी VI.1: गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थाओं के प्रकार

गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्था	मुख्य कारोबार
1	2
I. गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी	1997 में यथासंशोधित भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम 1934 की धारा 45I(ग) (के साथ पठित धारा 45I (च)) के अनुसार इनका मुख्य कारोबार जमाराशि प्राप्त करने अथवा ऋण देने, प्रतिभूतियों में निवेश, किराया-खरीद वित्त अथवा पट्टे पर उपस्कर देनेवाली वित्तीय संस्था का है ।
(क) उपस्कर - पट्टा कंपनी (इ एल)	पट्टे पर उपस्कर देना अथवा ऐसे कार्यकलापों का वित्त पोषण करना।
(ख) किराया-खरीद वित्त कंपनी (एच पी)	किराया-खरीद कार्यकलाप अथवा ऐसे कार्यकलापों का वित्तपोषण।
(ग) निवेश कंपनी (आइ सी)	प्रतिभूतियों का अर्जन। इनमें वे प्राथमिक व्यापारी सम्मिलित हैं जो अन्य बातों के साथ-साथ सरकारी प्रतिभूतियों के लिए हामीदारी कारोबार तथा बाज़ार निर्माण का कार्य करते है।
(घ) ऋण कंपनी (एल सी)	अपने कार्यकलापों को छोड़कर अन्य किसी कार्यकलाप के लिए ऋण अथवा अग्रिम प्रदान कर वित्तपोषण करना। इनमें उपस्कर-पट्टा कंपनी /किराया-खरीद कंपनी/ आवास वित्त कंपनी सम्मिलित नहीं हैं।
(ड) अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी (आरएनबीसी)	ऐसी कंपनी जो किसी योजना अथवा व्यवस्था के अंतर्गत, किसी भी नाम से अभिहित, एक मुश्त अथवा किस्तों में, अंशदान अथवा अभिदान के जरिए अथवा यूनिटों अथवा प्रमाणपत्रों अथवा अन्य लखितों की बिक्री के जरिए अथवा अन्य किसी तरीके से जमाराशियां प्राप्त करती हैं। ऐसी कंपनियां ऊपर वर्णित किसी भी वर्ग में नहीं आती हैं।
II. पारस्परिक हितकारी वित्तीय कंपनी (एमबीएफसी) अर्थात, निधि कंपनी	कोई भी कंपनी जो केन्द्र सरकार द्वारा कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 620 क के अंतर्गत निधि कंपनी के रूप में अधिसूचित की गई हो।
III. पारस्परिक हितकारी कंपनी (एमबीसी) अर्थात सम्भावित निधि कंपनी	ऐसी कंपनी जो निधि कंपनी के समान कार्य कर रही हो, किन्तु इस रूप में केन्द्र सरकार द्वारा घोषित न की गई हो जिसके पास न्यूनतम 10 लाख रुपयों की निवल स्वाधिकृत निधि हो, जिसने भारतीय रिज़र्व बैंक में पंजीयन प्रमाणपत्र के लिए तथा कंपनी कार्य विभाग में निधि कंपनी के रूप में अधिसूचित किए जाने हेतु आवेदन कर रखा हो तथा जिसने भारतीय रिज़र्व बैंक/ कंपनी कार्य विभाग के निदेशों/विनियमों का उल्लंघन न किया हो।
IV. विविध गैर-बैंकिंग कंपनी (एमएनबीसी) अर्थात चिट फंड कंपनी	किसी ऐसे कारोबार अथवा व्यवस्था के प्रवर्तक, फोरमन अथवा अभिकर्ता के रूप में, प्रबंध करना, संचालन करना अथवा पर्यवेक्षण करना, जिसके जरिए कंपनी निश्चित संख्या में अभिदाताओं से करार करती है कि उनमें से प्रत्येक किसी निश्चित राशि का किस्तों में अथवा किसी निश्चित अवधि में अभिदान करेगा तथा यह कि ऐसे अभिदाताओं में से प्रत्येक को बदले में जैसा कि लॉटरी द्वारा अथवा नीलामी द्वारा अथवा निविदा द्वारा अथवा करार में उपबंधित किसी अन्य रीति से इनामी रकम पाने का हकदार होगा।

[1] गैबैंविकं की निवल स्वाधिकृत निधियों में कुल प्रदत्त पूंजी और भार-रहित प्रारक्षित भंडार शामिल हैं, इसमें निम्नलिखित शामिल नहीं हैं (i) संचित शेष हानि की राशि, (ii) आस्थगित राजस्व व्यय तथा अन्य अमूर्त आस्तियाँ, यदि कोई हों, (iii) निम्नलिखित के शेयरों में निवेश (क) सहायक संस्थाओं, (ख) उसी समूह की कम्पनियां, (ग) अन्य गै.बैं.वि. कम्पनियां तथा (iv) निम्नलिखित को ऋण और अग्रिम (क) सहायक संस्थाएँ तथा (ख) उसी समूह की कम्पनियों को स्वाधिकृत निधियों के 10 प्रतिशत से अधिक के ऋण और अग्रिम।

सारणी VI.2 गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों का पंजीकरण प्रमाण पत्र

जून के अंत में	सभी गैर-बैंकिंग	सार्वजनिक जमाराशियों स्वीकार करनेवाली गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियां
1	2	3
1999	7,855	624
2000	8,451	679
2001	13,815	776
2002	14,077	784
2003	13,849	710

विद्यमान गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के लिए 25 लाख रुपये तथा 21 अप्रैल 1999 को या उसके बाद पंजीकरण प्रमाणपत्र प्राप्त करने की इच्छुक कम्पनियों के लिए 2 करोड़ रुपये निर्दिष्ट की गयी है। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के पंजीकरण के लिए आवश्यक न्यूनतम निवल स्वाधिकृत निधियां प्राप्त करने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक (संशोधन) अधिनियम, 1997 में दी गयी तीन वर्ष की अवधि 9 जनवरी 2000 को समाप्त हो गयी। रिज़र्व बैंक द्वारा स्वविवेक पर दी गयी और तीन वर्षों की अवधि भी 9 जनवरी 2003 को समाप्त हो गयी। रिज़र्व बैंक ने प्राप्त आवेदनों में एक तिहाई का अनुमोदन किया जिसमें जून 2003 के अंत में सार्वजनिक जमाराशियां[2] स्वीकार करने/धारित करने के लिए केवल 710 गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को अनुमति दी गयी । (सारणी VI.2)। सार्वजनिक जमाराशियां रखनेवाली ऐसी सभी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों, जिनके पंजीकरण प्रमाणपत्र अस्वीकार किये गये हैं या रद्द किये गये हैं, को देय तारीखों पर जमाराशियां चुकाते रहना चाहिए और उक्त प्रमाणपत्र के आवेदन/रद्द किये जाने या अपने को गैर-बैंकिंग गैर-वित्तीय कंपनियों के रूप में परिवर्तित करने की तारीख से तीन वर्षों के भीतर अपनी वित्तीय आस्तियों का निपटान कर देना चाहिए। इस प्रकार, गैर-बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों की संख्या घटती जा रही है जो कि विलयन, बंद करने या लाइसेंस रद्द करने के रूप में दिखाई दी है। इसके अलावा, सार्वजनिक जमाराशियां स्वीकार करने वाली कंपनियों की संख्या गैर-सार्वजनिक जमा स्वीकार करनेवाली गतिविधि के रूप में परिवर्तित हो जाने के कारण भी कम हो गयी है।

4. पर्यवेक्षण

